किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

दैनिक
# समाज जागरण
TITLE CODE :UPHIN49919

समाज जागरण NEWS

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्ष: 01 अंक: 259 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) सोमवार 27 जून 2022 vatankiawaz@gmail.com पेज: 12 मूल्य 05 रुपया

## गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी अभियान के दौरान सुरक्षाबलों को मिली कामयाबी एके-56 व एके 47 समेत एक नक्सली गिरफ्तार

**दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनन्द**

गया के इमामगंज इलाके से सुरक्षाबलों को गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी के दौरान बड़ी सफलता के साथ कामयाबी मिली है ' वही सुरक्षाबलों की कार्रवाई में एके-47 हथियार, अत्याधुनिक हथियार व कारतूस सहित अन्य सामान के साथ गिरफ्तार किया है ' इमामगंज थाना अध्यक्ष नैयर एजाज अहमद ने मीडिया से मुखातिब होते हुए कहा कि इमामगंज थाना के दुखदपुर गांव में गुप्त सूचना के आधार पर सुरक्षा बलों ने एक नक्सली अशोक कुमार भोक्ता को गिरफ्तार करते हुए अत्याधुनिक हथियार, कारतूस सहित अन्य सामान बरामद किया है ' उन्होंने आगे कहा कि पाए गए एक बोरे में दो एके-56, एके 47 व मैगजीन बरामद किया है ' पुलिस नक्सली से पूछताछ करते हुए छापेमारी अभियान चला रही है ' इस अभियान में सी ०आर०पी०एफ, कोबरा, जिला पुलिस के अधिकारी व जवान मुख्य रूप से शामिल थे '




## असम करीमगंज जिले के फानाईबन्द मे मां दुर्गा महिला समिति की साप्ताहिक आम सभा का आयोजन किया गया।

असम संवाददाता दैनिक समाज जागरणः करीमगंज जिले के फानाइबोंद में मा दुर्गा महिला समिति ने एक साप्ताहिक बैठक का आयोजन किया. बैठक समाप्त होने के बाद सभी महिला सदस्यों ने राताबाड़ी के विधायक विजय मालाकार का धन्यवाद किया. उन्होंने आगे कहा कि राताबाड़ी के विधायक विजय मालाकार ने राताबाड़ी के बाढ़ प्रभावित परिवारों को अपने स्वयं के धन से राहत दी और कहा कि वह यथासंभव प्रयास जारी रखेंगे. और सरकारी रिलीफ भी उन्होंने आपने हाथों से दे रहे हैं. उनको हमेशा हि वह लोगों की सेवा में रात दिन लगे हुए हैं। मां दुर्गा महिला समिति संगठन ने राताबाड़ी विधायक को उनके प्रयासों के लिए धन्यवाद ज्ञापन किया।



## विधानसभा सीट के उपचुनाव में आम आदमी पार्टी की प्रतिष्ठा कायम

(हरेश उपाध्याय) दिल्लीः- आज चुनावी परिणाम के घोषित नतीजे ने आम आदमी पार्टी को प्रतिष्ठा कायम रखी। दिल्ली के राजेन्द्र नगर विधानसभा सीट पर हुए उपचुनाव में आम आदमी पार्टी के दुर्गेश पाठक को कुल 40319 मत प्राप्त हुए और उन्होंने जीत हासिल की। उधर भाजपा के राजेश भाटिया को 28851 मत प्राप्त हुए। जबकि कांग्रेस की प्रेम लता को केवल 2014 वोट ही मिले। इस विधानसभा क्षेत्र में 546 लोगों ने नोटा पर भी बटन दबाया। गौरतलब है कि इस सीट पर कुल 14 उम्मीदवार चुनावी मैदान में थें। जिसमें से 6 विभिन्न राजनैतिक दलों से और 8 निर्दलीय उम्मीदवारों ने भाग्य आजमाया। भाजपा के लिए राहत की बात है कि उसका वोट प्रतिशत 2020 के मुकाबले कुछ बढ़ा है। पहले आम आदमी पार्टी को 57.06%और भाजपा को 37.73%वोट मिलें।अब आम आदमी पार्टी को 55.78%और भाजपा को 39.91%वोट मिलें।



## लोकतंत्र रक्षक सेनानियों का सम्मान करके इमरजेंसी का किया विरोध

**दैनिक समाज जागरण संभल** । सन 1977 में लगी इमरजेंसी का विरोध करते हुए इमरजेंसी के दंश को झेलने वाले लोकतंत्र रक्षक सेनानियों का हिंदू जागृति मंच के कार्यकताओं ने सम्मान किया।

हिंदू जागृति मंच के कार्यकताओं ने नगर क्षेत्र के लोकतंत्र रक्षक सेनानियों के घर जा जाकर उन्हें भगवा पगड़ी पहनाकर शॉल उड़ाकर हार्दिक स्वागत किया। इस अवसर पर हिंदू जागृति मंच के मंडल अध्यक्ष अनंत कुमार अग्रवाल ने कहा कि इमरजेंसी अर्थात आपातकाल का दौर सर्वाधिक बुरा दौर था। लोगों ने अपनी ही परछाई से डरना शुरू कर दिया था। बिना अपराध के जेलों में ठूंस दिया गया था ऐसे में आम जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया था। अजय कुमार शर्मा ने कहा कि कांग्रेस शासन में आपातकाल की घोषणा को सर्वाधिक दुर्दिन के रूप में याद किया जाता रहेगा। उन्होंने आपातकाल में सरकार से विरोध करते हुए जेलों में अपना लंबा समय काटने वाले लोकतंत्र रक्षक सेनानियों के घर जाकर उनका स्वागत करना अपने कर्तव्य का निर्वहन करने जैसा बताया। भाजपा नेता विजय प्रकाश त्यागी तथा समाजसेवी चौधरी महिपाल सिंह को सम्मानित किया गया। लोकतंत्र रक्षक सेनानी चौधरी महीपाल सिंह ने कहा कि कांग्रेस सरकार एक घमंडी सरकार रही। जितनी ताकत का दुरुपयोग कांग्रेस सरकार ने किया उतना किसी और सरकार ने कभी नहीं किया। उन्होंने इमरजेंसी के दौर को याद करते हुए देश में अब तक का सबसे बुरा दौर बताया। प्रभु से प्रार्थना की कि आपातकाल इस देश में आगे कभी किसी को देखने को ना मिले। इस अवसर पर सुबोध कुमार गुप्ता, विष्णु कुमार, अनंत कुमार अग्रवाल, अजय गुप्ता सर्राफ, संतोष कुमार गुप्ता आदि अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# महाराष्ट्र में सत्ता की लड़ाई अब सुप्रीम कोर्ट तक आई, शिवसेना के बागी गुट ने दायर की याचिका

### महाराष्ट्र के बागी विधायक एकनाथ शिंदे ने उन्हें और 15 अन्य विधायकों को अयोग्य ठहराने के शिवसेना के कदम के खिलाफ अपील दायर करते हुए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है.

महाराष्ट्र का सियासी संघर्ष अब सुप्रीम कोर्ट तक जा पहुंचा है. शिवसेना के बागी विधायक एकनाथ शिंदे के गुट की ओर से सुप्रीम कोर्ट में दो याचिकाएं दायर की गई हैं. एक याचिका में डिप्टी स्पीकर के नोटिस को चुनौती दी गई है, जिसमें बागियों को अयोग्य ठहराने की बात है. वहीं दूसरी याचिका में अजय चौधरी को शिवसेना की ओर से विधायक दल का नेता बनाए जाने के खिलाफ अपील की गई है. शिंदे गुट की मांग है कि सुप्रीम कोर्ट इन याचिकाओं पर सोमवार को ही तत्काल सुनवाई करे.



### शिंदे गुट ने दी चुनौती

शिंदे गुट ने अजय चौधरी की शिवसेना विधायक दल के नेता के रूप में नियुक्ति और डिप्टी स्पीकर नरहरि जिरवाल के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव को खारिज करने को भी चुनौती दी है. शिवसेना ने शिंदे को विधायक दल के नेता के रूप में बर्खास्त कर दिया और चौधरी को नियुक्त किया, जबकि शिंदे ने एक जवाबी कदम में दावा किया कि वह विधायक दल के नेता बने हुए हैं और वर्तमान मुख्य सचेतक सुनील प्रभु की जगह भारत गोगावाले को मुख्य सचेतक नियुक्त किया है.

### जीरवाल के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव

दो निर्दलीय महेश बाल्दी और विनोद अग्रवाल ने जीरवाल और महाराष्ट्र विधानमंडल सचिवालय को लिखे एक पत्र में कहा है कि जीरवाल 16 विधायकों को अयोग्य ठहराने के लिए शिवसेना की याचिका पर कोई निर्णय नहीं ले सकते, जब उनके खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाया गया हो.

### 16 विधायकों को नोटिस

शिवसेना सांसद अरविंद सावंत ने पार्टी के खिलाफ कार्रवाई को लेकर 16 विधायकों को अयोग्यता नोटिस देने के पार्टी के कदम को दृढ़ता से सही ठहराया. 'महाराष्ट्र में राजनीतिक उथल-पुथल चल रही है, कई विधायक दलबदल कर असम चले गए हैं. हमने उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है और अब तक 16 विधायकों को नोटिस दिया जा चुका है.'

### 15 विधायक शिवसेना के पास बचे

इससे पहले शिंदे खेमे ने महाराष्ट्र विधानमंडल सचिवालय में एक अर्जी दाखिल की थी. महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के वफादार विधायकों को अयोग्य ठहराने की मांग की. कुल 55 विधानसभा विधायकों में से करीब 15 शिवसेना के पास बचे हैं. इस सप्ताह की शुरूआत में उद्धव ठाकरे द्वारा बुलाई गई पार्टी की बैठक में शामिल नहीं होने के लिए शनिवार को 16 बागी विधायकों को अयोग्यता नोटिस दिए जाने के बाद यह घटनाक्रम सामने आया है.

### 16 विधायकों की सूची

शिंदे गुट ने रविवार को कहा कि किसी भी समन/नोटिस का जवाब देने के लिए कम से कम सात दिन का नोटिस दिया जाना चाहिए था. उन्होंने कहा था कि वे उचित समय पर जवाब देंगे. महाराष्ट्र विधानमंडल सचिवालय द्वारा शनिवार को 16 बागी विधायकों को नोटिस दिए जाने के एक दिन बाद उनका आवेदन आया है, जिसमें उन्हें सोमवार शाम 5.30 बजे तक आवश्यक दस्तावेजों और कागजात के साथ अपना सबमिशन देने के लिए कहा गया है. 16 विधायकों की सूची में एकनाथ शिंदे, भरत गोगावाले, संदीपन भुमरे, अब्दुल सत्तार, संजय शिरसत, यामिनी जाधव, अनिल बाबर, बालाजी किनिकर, तानाजी सावंत, प्रकाश सुवे, महेश शिंदे, लता सोनवणे, चिमनराव पाटिल, रमेश बोनार्रे, संजय रायमुलकर और बालाजी कल्याणकर का नाम शामिल है.

## कांग्रेस का आरोप - देश की सुरक्षा और नौजवानों के भविष्य-सपनों के साथ खिलवाड़ कर रही भाजपा

**समाज जागरण पटना(बिहार प्रभारी)**

पटना _कांग्रेस ने कहा है कि अग्निपथ योजना देश की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ है. अग्निपथ देश के युवाओं को अग्नि में झोंकने की योजना है. कांग्रेस नेता कन्हैया कुमार ने रविवार को ह्यअग्निपथ की बात, युवाओं के साथ विश्वासघातह्ल शीर्षक से योजना की कमियां गिनाई. उन्होंने कहा कि अग्निपथ के नाम पर भाजपा देश की सुरक्षा और नौजवानों के भविष्य और सपनों के साथ खिलवाड़ कर रही है।

मोदी सरकार की अन्य योजनाओं की तरह ही अग्निपथ भी एक असफल योजना है. इसका सबसे बड़ा चिंता का पक्ष है कि यह देश की सुरक्षा से खिलवाड़ करने वाली योजना है. कन्हैया ने कहा कि अग्निपथ की घोषणा करके सरकार गायब हो गई. सरकार की ओर से कोई प्रेस कांफ्रेस नहीं किया गया. उन्होंने सेना को आगे कर दिया. मंत्री ने घोषणा की लेकिन फैसले का बचाव करने के लिए सेना प्रमुखों को उतार दिया. वहीं अग्निपथ का फायदा गिनाते गिनाते कुछ भाजपा नेताओं ने यहां तक कह दिया अग्निवीरों को भाजपा दफ्तर में चौकीदार बनाएंगे।

योजनाओं से कैसे देश और युवाओं की चिंता बढ़ी है इसी को लेकर कांग्रेस ने आज देश भर में संवाददाता सम्मेलन किया है. उन्होंने कहा कि मोदी सरकार की अन्य योजनाओं की तरह अग्निपथ भी एक असफल योजना है। नोटबंदी के दौरान भी सरकार ने इसी तरह के फायदे गिनाए थे लेकिन न तो काला धन सामने आया और ना ही कोई बड़ा बदलाव. जीएसटी के दौरान भी उसके कई फायदे गिनाए गए लेकिन अब तक जीएसटी में 36 बाद संशोधन किया जा चुका है. इसी तरह कृषि कानून को लाने के समाय भी कई फायदे गिनाए गए. भाजपा के मंत्रियों ने यहां तक कहा कि किसी भी सूरत में कृषि कानून वापस नहीं लेंगे। लेकिन जब देश में चुनाव आया और कृषि कानूनों के खिलाफ देश के हजारों किसान लगातार शांतिपूर्ण संघर्ष करते रहे तब 700 किसानों ने अपना बलिदान दे दिया. उसके बाद चुनाव के दौरान मोदी सरकार ने कृषि कानून को वापस ले लिया। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार का परोक्ष मकसद देश के रक्षा बजट में कटौती करना है. सेना सिर्फ रोजगार का मसला नहीं है बल्कि देश की सुरक्षा का मसला है. ऐसे में रक्षा के साथ खिलवाड़ करने को कांग्रेस बर्दाश्त नहीं करेगी. उन्होंने कहा कि केंद्र ने सोची समझी चाल के तहत अग्निपथ को सिर्फ 4 साल के लिए तय किया. इस कारण है कि 5 साल होने पर श्रम कानूनों के तहत ग्रेच्युटी देने का प्रावधान होता. यह सरकार देश की सुरक्षा में ठेकेदारी लाना चाहती है. कांग्रेस पार्टी देश के नौजवानों की भावनाओं के साथ खड़ी है और सेना में ठेकाकरण की शुरूआत ठीक नही है. उन्होंने कहा कि सेना में कार्यरत लोग खुद इस योजना को बेहतर नहीं मान रहे हैं. इस योजना के आने से सेना में स्थाई भर्ती समाप्त कर दी गई है. कांग्रेस देश की सुरक्षा और नौजवानों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने का विरोध करेगी.




## उद्धव ठाकरे के समर्थन में दिल्ली के शिवसैनिकों का प्रदर्शन

( हरेश उपाध्याय) दिल्ली :-शिव सेना दिल्ली प्रदेश के सैंकडों कार्यकताओं ने आज जन्तर-मन्तर पर शिवसेना प्रमुख व महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के समर्थन में प्रदर्शन किया।जिसका नेतृत्व प्रदेश प्रमुख मंगतराम मुंडे ने किया। प्रदर्शनकारी शिव तयसैनिकों ने उद्धव ठाकरे संघर्ष करो-हम तुम्हारे साथ हैं तथा उद्धव ठाकरे जिन्दाबाद जैसे नारे लगाए।प्रदेश प्रमुख मंगतराम मुंडे ने कहा कि आज सभी शिव सैनिक अपने पार्टी प्रमुख के साथ खडे हैं और किसी भी स्थिति में पीछे नहीं हटेंगे। उन्होने आह्वान किया कि मुम्बई में उद्धव ठाकरे साहब संघर्ष करें। हम दिल्ली के शिव सैनिक जी-जान से उनके साथ खडे हैं। उन्होने कहा कि जो लोग सत्ता के लालच में शिव सेना को कमजोर कर रहे हैं। उन्हे कडा सबक सिखाया जायेगा। शिव सेना नेता अर्जुन जैन ने बताया कि आज जन्तर-मन्तर पर यह प्रदर्शन शिवसेना पक्ष प्रमुख उद्धव ठाकरे साहब को मजबूत बनाने के लिए व उनके साथ अपनी प्रतिबद्वता दोहराने के लिये किया गया है। प्रदर्शन में शामिल शिव सैनिकों में सर्वश्री केशव उपाध्याय, मास्टर अजित सिंह, मदन रावत, अमित चंदेला, मोबिन अली, सुमित जैन, विक्रांत कपूर, दीपक पंवार, ठाकुर विजय सिंह, चेतन शर्मा, शिव कुमार गुप्ता, अनिल जैन, विनय कुमार, रघुराज सिंह, सुशील बंसल आदि उपस्थित थें।




## अलीगढ़ जेल में बंद बंदियों के बीच मानव श्रृंखला बना मनाया गया नशे से आजादी का पखवाड़ा

**ब्यूरो अलीगढ़ लक्ष्मन सिंह राघव**

अलीगढ़ जिला कारागार में नशा मुक्त भारत बनाए जाने को लेकर जेल के अंदर जेलर द्वारा बंद बंदियों के साथ मिलकर नशे से छुटकारा पाने के लिए नशा मुक्त कार्यक्रम आयोजित करते हुए मानव श्रृंखला बनाई गई।नशे से आजादी का छुटकारा पाने के लिए मानव श्रंखला बनाकर कारागार में निरुद्ध बंदियों के साथ कारागार जेलर समेत जेल स्टाफ के द्वारा जोशीले अंदाज में नशे से आजादी का पखवाड़ा मनाया गया।

अलीगढ़ः भारत सरकार ने नशा मुक्त भारत के लिए एक दृष्टिकोण अपनाया है इस संकल्प को आगे बढ़ाते हुए 12 से 26 जून, 2022 तक अखिल भारतीय स्तर पर "नशे से आजादी पखवाड़ा"मनाये जाने के दृष्टिगत रखते हुए 26 जून रविवार को अलीगढ़ जिला कारागार में निरुद्ध बंदियों द्वारा नए जोश और ऊर्जा के साथ आगे बढ़ने के प्रयास में नशीली दवाओं के खतरे के खिलाफ एक मानव श्रृंखला बनाई गई।मानव श्रृंखला के मध्य से बंदियों की एक रैली भी निकाली गई। रैली को प्रभारी वरिष्ठ जेल अधीक्षक /जेलर पी के सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। बंदीगढ़ अपने हाथों में नशे से मुक्ति एवं नशे से दूर रहने का संदेश देने वाले बैनर, तख्ती लेकर एक शांति भाव से आगे बढ़ते हुए सर्किल के ग्राउंड में एकत्रित हुए।इसके साथ ही जेल की बच्चा बैरक के बंदियों द्वारा नशा मुक्ति एवं उससे होने वाली बबार्दी /नुकसान के संबंध में एक नाटक प्रस्तुत किया गया, तत्पश्चात उपस्थित वक्ताओं द्वारा नशे से मुक्ति के सम्बन्ध में व्याख्यान प्रस्तुत किए गए।

इस पूरे मामले पर वरिष्ठ जेल अधीक्षक/ जेलर पी.के सिंह द्वारा नशे से मुक्ति के सम्बन्ध में जेल में बंदियों एवं स्टाफ को शपथ दिलाते हुए अपने उद्बोधन में कहा गया कि नशा न केवल स्वयं को बल्कि पूरे परिवार को कठिनाइयों में डाल देता है।नशा करने वाला व्यक्ति सदैव मुरझाया हुआ प्रतीत होता है, जबकि हंसता हुआ चेहरा आपके आत्मविश्वास को जगाता है, इससे आपके कार्य को पहचान मिलती है।








22 may 2022:Layout 1 6/27/2022 1:23 AM Page 2



# साधना पथ (भाग 178)



देव मणि शुक्ल

साधकों -- हनुमान चालीसा में वर्णन आता है कि प्रभु श्रीराम ने जो मुद्रिका सीता जी की खोज के समय हनुमान जी को दी थी , उसे हनुमान जी ने मुख में रख लिया था ।




प्रभु मुद्रिका मेल मुख माहीं

। मुद्रिका तो हांथ में धारण की जाती है, या शरीर में कहीं सुरक्षित जगह रखी जाती है पर ज्ञानियों में अग्रणी हनुमान जी महराज ने उसे मुख में क्यों रख लिया ?

साधकों - हनुमान जी ने विचार किया कि प्रभु ने यात्रा के लिए जो सम्बल दिया है , इसमें राम नाम अंकित है , राम नाम को तो कंठ या मुख में ही रखना चाहिए। हनुमान जी ने मुख में मुद्रिका रखी , इसके माध्यम से हनुमान जी महराज ने हम सबको एक संदेश दिया है । यद्यपि जो वस्तु मुख में चली जाती है, वह जूठी हो जाती है, परन्तु राम नाम ऐसा है जो जूठा नहीं होता , अपितु वह मुंह को पवित्र कर देता है। भगवान का नाम तो मुख से ही निकलता है , तो क्या हम आप प्रवचन के समय कान बन्द कर लेते हैं कि कहीं जूठी वस्तु कान में प्रवेश न कर जाए ? वक्ता के मुख से जिस राम नाम की कथा श्रवण करते हैं वह भी तो एक प्रकार से जूठी होती है , फिर भी हमको आपको उस कथा में आनन्द रस की प्राप्ति होती है। प्रभु का नाम तो असुद्ध को सुद्ध करने वाला है। गुरुदेव भी जब हमें गुरुमंत्र प्रदान करते हैं तो वह भी जूठा होता है पर उससे हमारा कल्याण हो जाता है ।

साधकों - भगवान शिव के मुख में भी राम नाम हर समय रहता है। विष का पान करते ही राम और विष मिलकर एक हो गए और उन्हें परम विश्राम की उपलब्धि हो गई । आइए हम भी अपने मुख से यदा कदा नहीं सदा राम नाम जपे , यह हमें परम पवित्र कर देगा , जब यह विष को शान्त कर सकता है तो हमारे अन्दर के विषय को क्यूं नहीं शान्त करके पवित्र करेगा ।

## 27 जून/पुण्य-तिथि
## कर्तव्य कठोर : दादाराव परमार्थ

बात एक अगस्त, 1920 की है। लोकमान्य तिलक के देहान्त के कारण पूरा देश शोक में डूबा था। संघ संस्थापक डा. हेडगेवार किसी कार्य से घर से निकले। उन्होंने देखा कुछ लड़के सड़क पर गेंद खेल रहे हैं। डा. जी क्रोध में उबल पड़े - तिलक जी जैसे महान् नेता का देहान्त हो गया और तुम्हें खेल सूझ रहा है। सब बच्चे सहम गये। इन्हीं में एक थे गोविन्द सीताराम परमार्थ, जो आगे चलकर दादाराव परमार्थ के नाम से प्रसिद्ध हुए।

दादाराव का जन्म नागपुर के इतवारी मौहल्ले में 1904 में हुआ था। इनके पिता डाक विभाग में काम करते थे। केवल चार वर्ष की अवस्था में इनकी



माँ का देहान्त हो गया। पिताजी ने दूसरा विवाह कर लिया। इस कारण से दादाराव को माँ के प्यार के बदले सौतेली माँ की उपेक्षा ही अधिक मिली। मैट्रिक में पढ़ते समय इनका सम्पर्क क्रान्तिकारियों से हो गया। साइमन कमीशन के विरुद्ध आन्दोलन के समय पुलिस इन्हें पकड़ने आयी; पर ये फरार हो गये। पिताजी ने इन्हें परीक्षा देने के लिए पंजाब भेजा; पर परीक्षा पुस्तिका इन्होंने अंग्रेजों की आलोचना से भर दी। ऐसे में परिणाम क्या होना था, यह स्पष्ट है।

दादाराव का सम्बन्ध भगतसिंह तथा राजगुरू से भी था। भगतसिंह,सुखदेव और राजगुरू की फाँसी के बाद हुई तोड़फोड़ में पुलिस इन्हें पकड़कर ले गयी थी। जब इनका सम्बन्ध डा. हेडगेवार से अधिक हुआ,तो ये संघ के लिए पूरी तरह समर्पित हो गये। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रारम्भ में डा. हेडगेवार के साथ काम करने वालों में बाबासाहब आप्टे तथा दादाराव परमार्थ प्रमुख थे। 1930 में जब डा. साहब ने जंगल सत्याग्रह में भाग लिया, तो दादाराव भी उनके साथ गये तथा अकोला जेल में रहे।

दादाराव बहुत उग्र स्वभाव के थे। दाँत बाहर निकले होने के कारण उनकी सूरत भी कुछ अच्छी नहीं थी; पर उनके भाषण बहुत प्रभावी होते थे। उनकी अंग्रेजी बहुत अच्छी थी। भाषण देते समय वे थोड़ी देर में ही उत्तेजित हो जाते थे और अंग्रेजी बोलने लगते थे। दादाराव को संघ की शाखाएँ प्रारम्भ करने हेतु मद्रास, केरल, पंजाब आदि कई स्थानों पर भेजा गया।

डा. हेडगेवार के प्रति उनके मन में अटूट श्रद्धा थी। कानपुर में एक बार शाखा पर डा. जी के जीवन के बारे में उनका भाषण था। इसके बाद उन्हें अगले स्थान पर जाने के लिए रेल पकड़नी थी; पर वे बोलते हुए इतने तल्लीन हो गये कि समय का ध्यान ही नहीं रहा। परिणामस्वरूप रेल छूट गयी।

1963 में बरेली के संघ शिक्षा वर्ग में रात्रि कार्यक्रम में डा. जी के बारे में दादाराव को बोलना था। कार्यक्रम का समय सीमित था। अतः वे एक घण्टे बाद बैठ गये; पर उन्हें रात भर नींद नहीं आयी। रज्जू भैया उस समय प्रान्त प्रचारक थे। दो बजे उनकी नींद खुली, तो देखा दादाराव टहल रहे हैं। पूछने पर वे बोले - तुमने डा. जी की याद दिला दी। ऐसा लगता है मानो बाँध टूट गया है और अब वह थमने का नाम नहीं ले रहा। फिर कभी मुझे रात में इस बारे में बोलने को मत कहना।

दादाराव अनुशासन के बारे में बहुत कठोर थे। स्वयं को कितना भी कष्ट हो; पर निर्धारित काम होना ही चाहिए। वे प्रचारकों को भी कभी-कभी दण्ड दे देते थे; पर अन्तर्मन से वे बहुत कोमल थे। 1963 में सोनीपत संघ शिक्षा वर्ग से लौटकर वे दिल्ली कार्यालय पर आये। वहीं उन्हें बहुत तेज बुखार हो गया। इलाज के बावजूद 27 जून, 1963 को उन्होंने अपना शरीर छोड़ दिया।

# जीने की चाह और जिजीविषा ही चेतना का संदेश।

## मानसिक शक्ति ही मनुष्य को महान बनातीं है

पत्थरों में चेतना शून्य होती है, पेड़ पौधों में पल्लवित पुष्पित होती है,

पशु पक्षियों में चलायमान होती है और मनुष्य ही एक ऐसा प्राणी है जिसमें मानव मस्तिष्क चिंतन मनन कर किसी समस्या का समाधान निकालता हैं' यह सर्वविदित है कि मनुष्य का जीवन विभिन्न सामाजिक मानसिक संघर्षों का केंद्र होता है' मनुष्य ने सदैव मानसिक शारीरिक शक्ति और दृढ़ संकल्प के बलबूते पर हर समस्या पर समय-समय पर विजय प्राप्त की है, और अपने लक्ष्य को बड़ी दृढ़ता के साथ प्राप्त किया है' मनुष्य के जीवन में जब उत्साह, ऊर्जा एवं अपनी क्षमताओं के उपयोग करने का पूर्ण रूप से आत्मविश्वास होता है तो वह परिस्थितियों का सामना बखूबी कर अपने जीवन को सुचारू रूप से संचालित करता है' एक मानव प्रजाति ही ऐसी प्रजाति है जिसकी संकल्प शक्ति इतनी ऊर्जावान एवं महत्वपूर्ण होती है कि वह प्रगति की विविधताओं, विषमताओं एवं अपार शक्ति को भी आसानी से नियंत्रित कर लेता है एवं उसका स्वयं के लिए समाज के लिए देश के लिए सकारात्मक उपयोग करने में भी सक्षम होता है' जीवन में मनुष्य को सदैव अपने आप को व्यस्त रख कार्यशील रहना चाहिए, क्योंकि व्यस्त व्यक्ति ही किसी कार्य को उसकी परिणति तक पहुंचा सकता है ,खाली दिमाग सदैव शैतान का होता है एवं उसमें नकारात्मक विचार प्रवेश कर मन को मायूस कर देते हैं' आपका मन या मनोबल या संकल्प ही जब एकाग्र चित्त ऊर्जावान तथा शक्तिशाली होगा तो आपके सामने की कितना भी क्लिष्ट व कठिन लक्ष्य हो उसमें आप सफलता अवश्य पा सकेंगे। इसलिए मनुष्य को सदैव कर्मरत रहना चाहिए ।इसका यह भी अभिप्राय है कि मनुष्य को अपने आपको सदैव स्वस्थ्य एवं व्यस्त रखना चाहिए'

मन में दृढ़ संकल्प रखकर हमारी दुनिया में लोगों ने ऐसे असंभव कठिन तथा दुरूह कार्यों को अपनी जड़ मानसिक शक्ति से संभव कर दिखाया है जिस्।की हम कतई कल्पना भी नहीं कर सकते हैं। भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के सेनानियों की विपन्न स्थिति एवं आर्थिक कमी के बावजूद उन्होंने अपनी मानसिक दृढ़ता ,उच्च संकल्प शक्ति और संगठन क्षमता के दम पर भारत देश को आजाद कराया ।इसमें निसंदेह महात्मा गांधी, सरोजनी नायडू, सरदार वल्लभ भाई पटेल,जवाहरलाल नेहरू, चंद्रशेखर आजाद, भगत सिंह, सुभाष चंद्र बोस और न जाने कितने उदाहरण हैं जिन्होंने अपनी मानसिक शारीरिक शक्ति तथा ऊर्जा के दमखम पर देश को अंग्रेजों के चंगुल से निकाल कर आजादी की हवा की सांस लेने का देशवासियों को मौका दिया है ।हम उनका नमन करते हैं उन्हें श्रद्धांजलि भी देते हैं और उनकी दृढ़ इच्छाशक्ति एवं संकल्प को आदर्श के रूप में लेकर अपने जीवन में उतारने का प्रयास भी करेंगे। दुनिया में अपनी मानसिक शक्ति और संकल्प से अनेक असंभव कार्य को सफलतापूर्वक संचालित संपादित करते हुए अनेक उदाहरण मिलेंगे जो वाकई में इस दुनिया के और हम सबके आदर्श महान लोग हैं। व्यक्ति यदि सादगी, ईमानदारी और निरंतरता के साथ किसी भी कार्य को सफलतापूर्वक संपादित करने का सार्थक एवं सर्वोच्च प्रयत्न करता है, तो निसंदेह सफलता उनके कदम चूमती है और वे व्यक्तियों के लिए, समाज के लिए तथा देश के लिए आदर्श पुरुष होते हैं। कोई भी महान या आदर्श व्यक्ति आसमान से अचानक नहीं आता है वह इसी धरती में पैदा हुआ सामान्य मनुष्य ही है जिसने अपने संघर्ष, इच्छा शक्ति, अदम्य साहस ,संयम और संतुलन से अपने हर लक्ष्य को प्राप्त कर अपने आपको समाज से अलग कर एक आदर्श रूप में प्रस्तुत किया है। मनुष्य का हृदय या मन अनंत ऊर्जा और शक्ति का बहुत बड़ा स्रोत होता है। किसी भी बड़े लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए मस्तिष्क मदद करता है फिर चिंतन करता है और कार्य योजना सुनियोजित कर, अन थक परिश्रम कर उस दुरूह लक्ष्य को प्राप्त करता है ।आपका मन यदि हताश या निराश है तो आप किसी लक्ष्य की प्राप्ति नहीं कर सकते हैं। इसीलिए मन को सदैव प्रफुल्लित उत्साहित एवं सकारात्मक सोच के साथ ताजा रखें,जिससे आने वाली परिस्थितियों का सामना कर एक नए युग का सूत्रपात कर सकते हैं।

जीवन में दूसरे व्यक्तियों से पिछड़ने के कई कारण भी हो सकते हैं जिनमें से अपनी क्षमता तथा मानसिक शक्ति पर अविश्वास करना भी एक बड़ा कारण है, इसके साथ ही किसी भी लक्ष्य की प्राप्ति के लिए सुनियोजित योजना,अपनी क्षमताओं का आकलन एवं कार्य के साथ कठोर श्रम भी अत्यंत आवश्यक सफलता के स्तंभ हैं, अति संपन्नता के बावजूद मानसिक रूप से कमजोर व्यक्ति को असफलता का स्वाद चखना पड़ता है। इसीलिए जीवन में सफलता के लिए मानसिक स्थिति में दृढ़ता, कठोर संकल्प ,एवं निरंतर श्रम अत्यंत आवश्यक तत्व हैं। अपने जीवन को सफल बनाने एवं श्रेष्ठ जीवन की निर्मात्रि आपकी इच्छा शक्ति ऊर्जा और मानसिक संतुलन ही है। यदि मानसिक संतुलन में हताशा आई तो परिणाम ऋणआत्मक भी हो सकते हैं,और यही कारण है कि चिंतकों दार्शनिकों और महान अध्यापकों ने कहा है कि मन को सदैव ऊर्जावान और सकारात्मक सोच से परिपूर्ण रख लक्ष्य प्राप्ति के लिए कड़ी मेहनत करनी चाहिए।



संजीव ठाकुर,स्वतंत्र लेखक, रायपुर छत्तीसगढ़,

## 27 जून/पुण्य-तिथि
## जीवनव्रती : गजेन्द्र दत्त नैथानी

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ में जीवनव्रती प्रचारकों की सुदीर्घ परम्परा है। इसी के एक दैदीप्यमान नक्षत्र थे श्री गजेन्द्र दत्त नैथानी। उनका परिवार मूलतः पौड़ी गढ़वाल (उत्तरांचल) का था; पर उनके पूर्वज टिहरी राज्य की सेवा में आ गये थे। वहीं 1921 में गजेन्द्र जी का जन्म हुआ। इसके बाद उनके पिताजी देहरादून की सुरम्य घाटी में स्थित भोगपुर गांव में आकर बस गये। उनकी आर्थिक सम्पन्नता का इसी से अनुमान लगाया जा सकता है कि यहां उन्होंने दो गांव खरीद लिये थे। गजेन्द्र जी का बचपन एवं युवावस्था यहीं बीती।

1943 में देहरादून में पढ़ते समय वे स्वयंसेवक बने। श्री जगदीश प्रसाद माथुर उनसे दो कक्षा आगे पढ़ते थे, वही उस सायं शाखा के मुख्यशिक्षक थे। गजेन्द्र जी ने 1943, 44 और फिर 1947 में संघ शिक्षा वर्ग किये। उन दिनों पश्चिम उत्तर प्रदेश को दिल्ली प्रांत में माना जाता था, जिसके प्रांत प्रचारक श्री वसंतराव ओक थे। मेरठ में लगे प्रथम वर्ष के वर्ग में उनके ॄव्यक्ति और समाजॄ विषय पर तीन बौद्धिक हुए। उनसे प्रभावित होकर गजेन्द्र जी ने प्रचारक बनने का निर्णय लिया और फिर उसे अंतिम सांस तक निभाया।

प्रचारक बनने के बाद धामपुर, नजीबाबाद, मुजफरनगर, शाहजहांपुर और नैनीताल में संघ के विभिन्न दायित्वों पर रहकर उन्होंने काम किया। 1967-68 में उन्हें 'भारतीय जनसंघ' में काम करने के लिए भेजा गया। इसके बाद तो वे लगातार राजनीतिक क्षेत्र में ही काम करते रहे। इस क्षेत्र में काम करने वालों को प्रायः चुनाव लड़ने या विधान परिषद और राज्यसभा में पहुंचने की इच्छा जाग्रत हो जाती है; पर गजेन्द्र जी ने कभी इस ओर विचार नहीं किया। उन्होंने सदा संगठन संबंधी कार्यों को ही प्राथमिकता दी।

स्वास्थ्य संबंधी कारणों से जब प्रवास में उन्हें कठिनाई होने लगी, तो 1989 में उन्हें लखनऊ में प्रदेश भाजपा कार्यालय का प्रभारी बनाया गया। इसके बाद तो कार्यालय और गजेन्द्र जी एकरूप हो गये। वयोवृद्ध और सर्वाधिक अनुभवी होने के कारण सब उन्हें ॄताऊ जीॄ कहते थे। कार्यालय पर काम करने वाली सभी कर्मचारियों से वे परिवार के सदस्यों की तरह व्यवहार करते थे। इस नाते उनका सम्बोधन ॄताऊ जीॄ सार्थक ही था।

वे मधुमेह के तो लम्बे समय से रोगी थे; पर 2006 में शरीर के निचले भाग में अधरंग (पैरालेसिस) हो जाने से उनकी गतिविधियां थम सी गयीं। इसके बाद भी महत्वपूर्ण निर्णय लेते समय उनसे परामर्श अवश्य किया जाता था। वे अपने अनुभव और स्पष्ट दृष्टिकोण के कारण एकदम सटीक सलाह देते थे। बीमार होने बाद भी उनके मन का उत्साह एवं आशावाद कम नहीं हुआ। उनसे मिलने आने वाला हर व्यक्ति इसे अनुभव करता था। वे कहते थे कि अपने हाथ में काम करना है, सफलता या असफलता ईश्वर के हाथ में है। इसीलिए संगठन ने जो काम उन्हें सौंपा, उसे वे अपनी पूरी शक्ति से करते थे। जब तक संभव हुआ, सुबह-शाम वे कुछ देर के लिए कार्यालय में अवश्य बैठते थे। जब कोई उनके स्वास्थ्य का हाल पूछता, तो वे हंस कर कहते - इस उम्र में जैसा होना चाहिए, वैसा ही ठीक हूं। सहायक के माध्यम से वे व्यायाम करते और बरामदे में टहलते भी थे।

87 वर्ष की सुदीर्घ आयु में 27 जून, 2008 की रात्रि में उन्होंने अपना जीवन सदा के लिए बदरीश भगवान के चरणों में विसर्जित कर दिया।

## पी॰ टी॰ उषा

पी. टी. उषा भारत के केरल राज्य की खिलाड़ी हैं। 1976 में केरल राज्य सरकार ने महिलाओं के लिए एक खेल विद्यालय खोला और उषा को अपने ज़िले का प्रतिनिधि चुना गया। भारतीय ट्रैक ड्ण्ड फील्ड की रानी माने जानी वाली पी. टी. उषा भारतीय खेलकूद में 1979 से हैं। वे भारत के अब तक के सबसे अच्छे खिलाड़ियों में से हैं। नवें दशक में जो सफलताएँ और ख्याति पी. टी. उषा ने प्राप्त की हैं वे उनसे पूर्व कोई भी भारतीय महिला एथलीट नहीं प्राप्त कर सकी। वर्तमान में वे एशिया की सर्वश्रेष्ठ महिला एथलीट मानी जाती हैं। पी. टी. उषा को उड़न परी भी कहा जाता है।

**जीवन परिचय**

पी. टी. उषा का जन्म 27 जून 1964 को केरल के कोझीकोड ज़िले के पय्योली ग्राम में हुआ था। उषा एक धाविका के रूप में भारत के लिए केरल का और विश्व के लिए भारत का अमूल्य उपहार है। खेलकूद के प्रति पूर्णतया समर्पित उषा के जीवन का जैसे एकमात्र ध्येय ही विजय प्राप्ति बन गया है। पी. टी. उषा को सर्वाधिक सहयोग अपने प्रशिक्षक श्री ओ. पी. नम्बियार का मिला है। जिनसे 12 वर्ष की अल्पायु से वह प्रशिक्षण प्राप्त कर रही है। उषा मलयालम भाषी है। वह दक्षिण रेलवे में अधिकारी के पद पर कार्यरत हैं। व्यस्तता के बावजूद पी. टी. उषा ने मात्र दृढ़ इच्छाशक्ति और परिश्रम के बल पर खेलजगत में अपना अप्रतिम स्थान बनाया है। साथ ही उनका खेल ज्ञान भी काफी अदभुत है।

**खेल जीवन**

1979 में उन्होंने राष्ट्रीय विद्यालय खेलों में भाग लिया, जहाँ ओ. ड्रम. नम्बियार का उनकी ओर ध्यानाकर्षित हुआ, और वे अंत तक उनके प्रशिक्षक रहे। 1980 के मास्को ओलम्पिक में उनकी शुरूआत कुछ खास नहीं रही। एशियाड, 82 के बाद से अब तक का




समय पी. टी. उषा के चमत्कारी प्रदर्शनों से भरा पड़ा है। 1982 के एशियाड खेलों में उसने 100 मीटर और 200 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक जीते थे। राष्ट्रीय स्तर पर उषा ने कई बार अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दोहराने के साथ 1984 के लांस एंजेल्स ओलंपिक खेलों में भी चौथा स्थान प्राप्त किया था। यह गौरव पाने वाली वे भारत की पहली महिला धाविका हैं। कोई विश्वास नहीं कर पा रहा था कि भारत की धाविका, ओलंपिक खेलों में सेमीफाइनल जीतकर अन्तिम दौड़ में पहुँच सकती है। जकार्ता की एशियन चैंम्पियनशिप में भी उसने स्वर्ण पदक लेकर अपने को बेजोड़ प्रमाणित किया। 'ट्रैक एंड फील्ड स्पधाओं' में लगातार 5 स्वर्ण पदक एवं एक रजत पदक जीतकर वह एशिया की सर्वश्रेष्ठ धाविका बन गई हैं।

लांस एंजेल्स ओलंपिक में भी उसके शानदार प्रदर्शन से विश्व के खेल विशेषज्ञ चकित रह गए थे। 1982 के नई दिल्ली एशियाड में उन्हें 100 मी व 200 मी में रजत पदक मिला, लेकिन एक वर्ष बाद कुवैत में एशियाई ट्रैक और फील्ड प्रतियोगिता में एक नए एशियाई कीर्तिमान के साथ उन्होंने 400 मी में स्वर्ण पदक जीता। 1983-89 के बीच में उषा ने एटीड्रफ खेलों में 13 स्वर्ण जीते। 1984 के लॉस ड्र्ज़ेलेस ओलम्पिक की 400 मी बाधा दौड़ के सेमी फाइनल में वे प्रथम थीं, पर फाइनल में पीछे रह गईं। मिलखा सिंह के साथ जो 1960 में हुआ, लगभग वैसे ही तीसरे स्थान के लिए दाँतों तले उँगली दबवा देने वाला फोटो फि निश हुआ। उषा ने 1/100 सेकण्ड की वजह से कांस्य पदक गँवा दिया। 400 मी बाधा दौड़ का सेमी फाइनल जीत के वे किसी भी ओलम्पिक प्रतियोगिता के फाइनल में पहुँचने वाली पहली महिला और पाँचवी भारतीय बनीं।

1986 में सियोल में हुए दसवें एशियाई खेलों में दौड़ कूद में, पी. टी. उषा ने 4 स्वर्ण व 1 रजत पदक जीते। उन्होंने जितनी भी दौड़ों में भाग लिया, सबमें नए एशियाई खेल कीर्तिमान स्थापित किए। 1985 में जकार्ता में हुई एशियाई दौड-कूद प्रतियोगिता में उन्होंने पाँच स्वर्ण पदक जीते। एक ही अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में छह स्वर्ण जीतना भी एक कीर्तिमान है। उषा ने अब तक 101 अंतर्राष्ट्रीय पदक जीते हैं। वे दक्षिण रेलवे में अधिकारी पद पर कार्यरत हैं। 1985 में उन्हें पद्म श्री व अर्जुन पुरस्कार दिया गया। उषा की इच्छा सियोल एशियाड में भारत के लिए कोई सफलता पाने की है। इसके लिए गहन अभ्यास निरन्तर जारी है।

## गणेश गीता (गीता भाग 95)

# ब्रह्म की प्राप्ति के उपाय, शंका का समाधान



विश्वनाथ त्रिपाठी

गणेश जी ने वरेण्य को सगुणोपासना के सम्बंध में बताते हुए आगे कहते हैं :--

तत्रापि त्वमशक्तः चेत
कुरु कर्म मदर्पण`
ममानुग्रहतश्चैवं ,
परां निवृतिमेष्यति`

हे राजन्!यदि अभ्यास योग भी न हो सके तो अपने द्वारा किते ग्रे सभी कर्मों को मुझे अर्पित कर देने से मेरी कृपा प्राप्ति होगी और परम शांति को प्राप्त हो सकोगे`

अथैतप्यनुष्ठातुं न-
शक्नोऽसि कर्ममदर्पणें
प्रयत्नतः फलत्यागं,
त्रिविधा नां हि कर्मणाम`

हे राजन् यदि कर्मफल भी न अर्पित कर सको तो यत्नपूर्वक तीनों प्रकार के कर्मों का फल ही त्याग दो`

श्रेयसी बुद्धिरावृत्तेः,
ततो ध्यानं परं मतम्`
ततोखिलपरित्यास्ततः,
शान्तिर्गरीयसी`

हे राजन् ! मेरे में बुद्ध लगाना श्रेष्ठ है। उससे भी श्रेष्ठ ध्यान लगाना है,ध्यान से भी श्रेष्ठ सम्पूर्ण कर्मों का त्याग है,




सबसे श्रेष्ठ शान्ति है`

निरहं ममताबुद्धिरद्वेषः,
करुणा समः`
लाभालाभे ससुखे दुखे
मनामाने च में प्रियः

हे राजन् जो अहंकार का त्याग करने वाला है ,ममता बुद्धि से रहित है,किसी से द्वेष नहीं करतो सभी प्राणियों में करुणा दृष्टि रखता है ,

लाभ हानि में हम रहता है ,सुख और दुख उसे प्रभावित नहीं करते ,मांन अपमान उस्।के लिए बराबर है ,वह मेरा प्रिय है`

स्वामी मुद्रक एंव प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस बी, 42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कुल श्याम लाल कालोनी बरोला सेक्टर 49 नोएडा 201301 गौतमबुध्द नगर ,उ.प्र. से प्रकाशित, फोन 9891706853
संपादक– रमन कुमार झा , समस्त विवाद का निपटारा गौतमबुध्द नगर न्यायालय में होगा, वेबसाइट: www-vatankiawaz-com , Email: vatankiawaz@gmail-com TITLE CODE UPHIN49919\2021


22 may 2022:Layout 1 6/27/2022 1:23 AM Page 3



# संक्षिप्त न्यूज

## पंचशील प्रतिष्ठा सोसायटी में टावर-आठ के निवासी तो बूंद -बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं

(संवाददाता ) नोएडाः-सेक्टर-75 स्थित पंचशील प्रतिष्ठा सोसायटी में 25 जून से पानी की सप्लाई नहीं हो रही है।आलम यह है कि सूरज की भीषण तपिश के बीच सोसायटी के निवासी पानी की सप्लाई से महरूम हैऔर गौरतलब तो यह है कि इस सोसायटी का टावर -8 जोकि



MyGate

Panchsheel Pratishta

Society Notice : Ganga Water Supply interruption

Dear Residents,
This is to inform you that due to main pipe line burst, the water supply in our area would be interrupted in coming 4 to 5 days. Now they will supply only 3 hours in the morning and 3 hours in the evening with low pressure. Its confirmed by Ganga Water supply supervisor (Mr. Tyagi).

We request you to please consume the water more carefully and avoid watering to the plants and washing the cloths.
From today we will supply STP water in flush tank.

Thanks

सबसे नवनिर्मित टावर है, वहां के फ्लैट के निवासी तो बूंद -बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं।इस टावर के निवासियों का दर्द है कि उनके टावर में पानी सबसे बाद में क्यों आता है? जबकि उन्होंने फ्लैट मंहगे दामों में खरीदे हैं।कल रात्रि में भी 12बजे टैंकर के पानी की सप्लाई, उक्त टावर में हुई। जबकि अन्य टावरों में पानी शाम के बाद से ही आ रहा था। गौरतलब तो यह भी है कि इस टावर में तो पानी की आपूर्ति रोजाना बाधित होती है, मेंटनेंस में फोन करने के कुछेक घंटों बाद ही पुनःपानी की आपूर्ति बहाल की जाती है। उधर सोसायटी/बिल्डर ने नोटिस जारी कर आश्वासन दिया था कि गंगा वाटर की मेन लाइन में खराबी के कारण चार पांच दिन तक पानी की सप्लाई,वह सुबह शाम तीन घंटे जारी रखेंगे। लेकिन आज पानी, उक्त टावर में सुबह एक घंटे भी नहीं आया। सोसायटी विशेषकर टावर -आठ के निवासियों में खासा आक्रोश है। टावर -आठ के फ्लैटवासियों का यह भी कहना है कि बिल्डर हमारे ग्राउंड फ्लोर पर स्थित प्रतीक्षा प्लेस के डेकोरम पर उचित ध्यान दें।एसी पुनः प्रतिस्थापित करें व टावर -आठ की रात्रि की नेम लाइट भी लगवाए तथा लिफ्ट भी आए दिन खराब हो जाती हैं।उनका स्थायी रखरखाव सुनिश्चित करें।

## शहीद की मां के नाट्य रूपांतरण ने किया दर्शकों को भावुक

(हरेश उपाध्याय,सरिता राजपूत)नई दिल्ली :-आईटीओ स्थित प्यारे लाल भवन के सभागार में हिन्दी अकादमी दिल्ली द्वारा बाल उत्सव 2022 का आयोजन किया गया। इसी श्रृंखला में यूनिवर्सल पब्लिक स्कूल के बाल कलाकारों द्वारा आजादी का अमृत महोत्सव 75 वी वर्षगांठ पर शीला मिश्रा की कहानी शहीद की मां निर्देशक सपना शर्मा, सहायक निर्देशक श्रेया सहाय के निर्देशन में नाट्य रूपांतरण किया गया। नाटक में एक शहीद परिवार की व्यथा, युद्धक विभीषिका और राजनीतिक विद्रूपता का चित्रण कर एक सैनिक और उसकी मां की कहानी दशार्यी गई। कैसे एक मां अपने जिगर के टुकड़े को बॉर्डर पर भेजती हैं? जहां युद्ध छिड़ा हुआ है और काफी सैनिकों के साथ लड़ाई में उनका बेटा भी भारत मां की रक्षा करते हुए शहीद हो जाता है।तब शहीद की मां पर क्या गुजरती हैं?जब गांव वालों से पता चलता है कि उनका जिगर का टुकड़ा देश की रक्षा करते हुए शहीद हो गया है।मंचन के बाद हिंदी अकादमी सचिव जीतराम भट्ट ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए शहीद की मां नाटक मंचन की सराहना की। शीला मिश्रा की कहानी शहीद की मां और निर्देशक सपना शर्मा, सहायक निर्देशक श्रेया सहाय एवं सभी बाल कलाकारों को में बधाई देता हूं कि उन्होंने अपने अभिनय से मंच पर कहानी के पात्रों को जीवंत कर सभी उपस्थित दर्शकों को भाव विभोर कर दिया।वहीं बाल कलाकारों इशांन सहाय, हर्षित कपूर, निष्कर्ष, ऋद्धिमा शर्मा, तुषार, सुहानी, शैलजा किए गए चित्रण व अभिनय ने दर्शकों को भावुक कर दिया तथा नाटक का समापन वंदेमातरम् गाकर गुरनीत सोखी द्वारा किया गया।



## अलीगढ़ AMU में कक्षा 9 के एंट्रेंस एग्जाम में छात्र-छात्राओं की उमड़ी भीड़

**ब्यूरो अलीगढ़ लक्ष्मन सिंह राघव**

अलीगढ़ के अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय में रविवार को कक्षा 9 की प्रवेश परीक्षा को लेकर यूपी सहित अन्य राज्यों व बाहरी जिलों से छात्र-छात्राएं अपने अपने अभिभावकों के साथ परीक्षा देने के लिए अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी पहुंचे थे। एएमयू में कक्षा 9 के लिए एंट्रेंस एग्जाम दिलवाने के लिए पहुंचे छात्र-छात्राओं व उनके परिजनों की सेवा में अटव के छात्रों व बाहरी सामाजिक संस्थाओं द्वारा भीषण गर्मी के दृष्टिगत जगह जगह पानी पिलाने के लिए कैम्प आयोजित किये गए हैं। जिसमें अटव छात्रों सहित जिले की प्रमुख सामाजिक संस्थाओं ने भी भाग लिया है। वहीं इस कैम्प में भीषण गर्मी के चलते जगह-जगह पानी और शरबत के कैंप सहित मेडिकल परीक्षण की व्यवस्था भी रखी गई है। वही बाहर से आए छात्र छात्राओं को क्लासरूम तक छोड़ने की भी छात्रों द्वारा व्यवस्थाएं की गई हैं, एएमयू में कक्षा 9 में प्रवेश पाने के लिए देशभर के हजारों छात्र-छात्राएं भाग लेने के लिए कैंपस में हर वर्ष आते हैं, आपको बता दें कि पूर्व में कोई प्रवेश परीक्षाओं के दौरान बाहरी जिलों से आने वाले छात्र व उनके परिजनों को पानी व विभिन्न प्रकार की समस्याएं देखने को मिलती थी जिसको लेकर इस बार कक्षा 9 की प्रवेश परीक्षा में एएमयू छात्रों व जिले की प्रमुख सामाजिक संस्थाओं द्वारा एएमयू कैंपस में कैंप आयोजित किए गए हैं जिनमें छात्रों व उनके परिजनों को पानी शरबत व मेडिकल सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। इस दौरान बाहर से आए लोग एएमयू छात्रों का शुक्रिया अदा करते हुए नजर आए हैं।

## सेक्टर 71 के सेंट्रल पार्क में राहुल मेमोरियल क्रिकेट टूनामेंट का शानदार आगाज किया गया

**देव मणि शुक्ल ब्यूरो प्रभारी**

नोएडा एनसीसी क्रिकेट क्लब सेक्टर 71 के द्वारा राहुल मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट का शानदार ओपनिंग शिरोमणि किया गया टूर्नामेंट का उद्घाटन भारतीय जनता पार्टी के दर्जा प्राप्त मंत्री नवाब सिंह नागर व कैप्टन विकास गुप्ता समाजवादी पार्टी के महानगर अध्यक्ष दीपक विग आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष भूपेंद्र जादौन, फोनोरवा के अध्यक्ष योगेंद्र शर्मा , समाजवादी पार्टी यूवजन सभा के राष्ट्रीय सचिव अमित यादव,राष्ट्रीय लोक दल के अध्यक्ष विजेंद्र यादव के द्वारा धूमधाम से बॉल खेल कर किया गया, यहां पर बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने का काम किया, टूनार्मेंट की शुरूआत राष्ट्रीय गान से किया गया टूनार्मेंट की ओपनिंग में मौजूद और प्रमुख लोगों में समाजवादी पार्टी महानगर उपाध्यक्ष विपिन अग्रवाल, शकील सैफी गौरव चाचरा, समाजवादी पार्टी के मीडिया प्रभारी व प्रवक्ता गौरव कुमार यादव इनके अलावा एम सी सी क्रिकेट क्लब के कैलाश साह, मनोज जयसवाल सुरजीत राजेश नायक मुकेश शर्मा मदन पाल मोनिंदर शर्मा आकाश रोहन अमित कसाना विशाल ,चिराग, मुख्य रूप से उपस्थित रहे आज का मैच स्काई वाकर्स, व एसर्स 11 के बीच खेला गया।



# प्रभाकर चौधरी एसएसपी और अजय कुमार द्विवेदी बने एडीए वीसी

आगरा (वी एन मिश्र) प्रदेश शासन के स्तर पर आज जिले के तीन वरिष्ठ अधिकारियों समेत कई अफसरों के तबादले कर दिए गए। लखनऊ से आज 11 आईपीएस अफसरों के तबादले की सूची जारी की गई। मेरठ के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रभाकर चौधरी को आगरा का नया एसएसपी बनाया गया है। एसएसपी आगरा सुधीर कुमार सिंह को सहारनपुर रेंज का डीआईजी बनाया गया है। गौरतलब है कि सुधीर कुमार सिंह कुछ माह पूर्व डीआईजी पद पर प्रोन्नत हो चुके थे, तभी से उनका तबादला होना तय हो गया था। इसके अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शामली सुकीर्ति माधव को आगरा में पुलिस अधीक्षक क्षेत्रीय अभिसूचना बनाया गया है।

इसके अलावा आज ही ग्यारह आईएएस अधिकारियों के भी तबादले कर दिये गए। आगरा विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष डॉ. राजेंद्र पैंसिया को विशेष सचिव नगर विकास विभाग बनाया गया है। उनके स्थान पर अजय कुमार द्विवेदी को एडीए का नया उपाध्यक्ष बनाया गया है। वे अभी तक नगर आयुक्त लखनऊ के पद पर कार्यरत थे।




गौरतलब है कि शुक्रवार देर रात योगी सरकार ने यूपी के 15 आईपीएस ऑफिसर के ट्रांसफर किए थे, जिसमें कई जिलों के एसपी भी शामिल थे।

इसके अलावा आगरा रोडवेज के क्षेत्रीय प्रबंधक मनोज पुंडीर का भी आज तबादला कर दिया गया। पुंडीर के स्थान पर अशोक कुमार आगरा के नए क्षेत्रीय प्रबंधक होंगे। पुंढीर के खिलाफ उत्तर प्रदेश रोडवेज एंप्लाइज यूनियन कई दिन से प्रदर्शन कर रही थी। इस संबंध में मुख्य प्रधान प्रबंधक प्रशासन नरेंद्र सिंह की ओर से आदेश जारी किया गया है।

# भारतीय पुलिस के सहयोग से नेपाली युवती को मानव तस्करों के चंगुल से छुड़ाया

## भारत नेपाल सीमा से बड़े पैमाने पर हो रही है मानव तस्करीं

रुपईडीहा बहराइच। भारत नेपाल सीमावर्ती क्षेत्रों से इस समय मानव तस्करीं बड़े पैमाने पर हो रही है। नेपाली महिलाओं व युवतियों को मानव तस्कर अच्छा काम दिलाने का लालच देकर अपने जाल में फंसा लेते हैं और इन महिलाओं व युवतियों को नेपाल सीमा पहुंचने से पहले जांच के डर से रास्ता बदलकर रुपईडीहा पहुंचा देते हैं। फिर यहां से विभिन्न गाड़ियों पर बैठाकर लखनऊ , दिल्ली , महाराष्ट्र आदि महानगरों में पहुंचा दिया जाता है। फिर दलालों के माध्यम से अच्छी खासी रकम लेकर इन्हें खाड़ी देशों में बेच दिया जाता है। इसी प्रकार का एक ताजा मामला सामने आया है। बताया जाता है कि मानव तस्करों ने एक नेपाली युवती को काम का प्रलोभन देकर नेपाल से भारतीय क्षेत्र लखनऊ में पहुंचा दिया। जिसकी सूचना तत्काल नेपाल पुलिस को मिल गई। शांतिपुन स्थापना गृह नेपालगंज ने नेपाल पुलिस व भारतीय पुलिस की मदद से एक नेपाली युवती को लखनऊ से बरामद किया है। बताया जाता है कि लखनऊ में मानव तस्करों के चंगुल में फंसी एक नेपाली लड़की को रेस्क्यू कर नेपाल लाया गया है। इस संबंध में शांति पुनर्स्थापना गृह केंद्र नेपालगंज जिला बांके के समन्वयक निर्मल सुबेदी ने बताया कि मानव तस्करी और तस्करी के खिलाफ काम करने वाले संगठन पीस रिहैबिलिटेशन होम की नेपालगंज शाखा में शिकायत दर्ज होने के बाद लड़की को बचाया गया। जिला पुलिस कार्यालय बांके में शुक्रवार को मानव तस्करों के चंगुल से छुड़ाई गई बच्ची को उसके माता-पिता को सौंप दिया गया है। सूत्र बताते हैं कि मानव तस्करों ने भारत में काम करके अच्छी आय अर्जित करने के लिए लालच दिया था। उसकी प्रेमिका ने जांच के डर से नेपाली जमुनहा पुलिस चौकी के निकट एक अलग रिक्शा का उपयोग करके पुलिस चौकी पर छोड़ कर दूसरे रास्ते से रुपईडीहा पहुंचा दिया। जहां जाजरकोट जिला निवासी एक 28 वर्षीय महिला से मिली। जो वर्तमान में एक से विवाहित है। उसने कहा कि भारत के गाजियाबाद जिले में रहने वाला एक भारतीय व्यक्ति तुम्हें नौकरी देगा। तुम आज जाओ मैं कल आऊंगा। रास्ते में लड़की अपने आप को असुरक्षित महसूस करती है और कार में सवार एक यात्री को बताती है। कि वह असुरक्षित क्यों है। यात्री ने संदिग्ध मानव तस्करी की सूचना तत्काल क्षेत्रीय पुलिस कार्यालय जमुनहा नेपाल को दी। पुलिस ने यह सूचना शांतिपुन स्थापना केंद्र नेपालगंज को दिया। सूचना मिलते ही शांतिपुन स्थापना गृह नेपालगंज के क्षेत्रीय समन्वयक भूमि राज भट्टराई , बांके जिले के जिला समन्वयक निर्मल सुवेदी व सलाहकार गीता थारु तथा इलाका पुलिस कार्यालय जमुनहा के कांस्टेबल अर्जुन कुमार थारु के साथ लखनऊ पहुंचे। और लखनऊ पुलिस के सहयोग से उक्त बालिका को मानव तस्करों के चंगुल से छुड़ाया गया। शांतिपुन स्थापना गृह के जिला समन्वयक सुबेदी ने बताया कि महिला को आवश्यक जांच के लिए जिला पुलिस कार्यालय नेपालगंज जिला बांके को सौंप दिया गया है। हम पीड़ित लड़की और उसके परिवार के साथ चर्चा करने के बाद कानूनी प्रक्रिया शुरू करेंगे। श्री सुवेदी ने यह भी बताया कि अभी तक दर्जनों युवतियों व महिलाओं को मानव तस्करों के चंगुल से आजाद कराया जा चुका है।



# पर्यावरण व जल संरक्षण के लिए आवश्यक है वृक्षारोपण: एसपी ग्रामीण अशोक कुमार

बहराइच। जनपद के विभिन्न राष्ट्रवादी विचारों से जुड़े प्रतिनिधियों व धार्मिक संस्थाओं से जुड़े समाजसेवियों ने आज गायत्री बाल संस्कार शाला (सुफीपुरा नगर बहराइच) में संयुक्त बैठक आयोजित कर सम्पूर्ण जनपद में पर्यावरण जल संरक्षण व नशा उन्मूलक विष्यक पर जन-जागरण अभियान चलाए जाने का सामुहिक निर्णय लिया और वषार्काल शुरू होते ही जनपद के प्रमुख मठ-मंदिर , देवाल चिकित्सालय व विद्यालय परिसरों में पंचवटी प्रजाति रोपण अभियान चलाए जाने का कार्यक्रम भी तय किया।

महामना मालवीय मिशन के तत्वावधान में आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) अशोक कुमार ने कहा कि , पर्यावरण संरक्षण व जल संरक्षण के लिए आवश्यक है कि , हम सब लोग मिलकर वृक्षारोपण और वृक्षों को संरक्षित भी करें , उन्होंने कहा कि , अवैध नशा कारोबार पर विराम लगाने के लिए पुलिस लगातार सक्रिय है और अवैध नशा कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए लगातार छापामारी कर अपराधियों को जेल भी भेजवाया जा रहा है लेकिन नशा पर पूर्ण विराम तभी सम्भव है जबकी समाज के लोग जनजागरण अभियान चलाकर नशा से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जन जन को अवगत कराएं।

महामना मालवीय मिशन व रूल ऑफ लॉ सोसायटी के अवध क्षेत्र संयोजक संजीव श्रीवास्तव एडवोकेट ने बताया कि , जनपद के माध्यमिक व उच्च शिक्षण संस्थानों में पंचवटी प्रजाति ले वृक्षों के रोपण की दूरगामी योजना तैयार की गई है साथ ही सरयू नदी के तटीय इलाकों में भी स्थानीय जनसहयोग से वृक्षारोपण महाअभियान चलाया जा रहा है ।

प्रधान संगठन के जिलाध्यक्ष भगवानदी मिश्र ने जनपद के सभी ग्राम प्रधान जन-प्रतिनिधियों का आवाहन किया कि , वे पर्यावरण व जल संरक्षण के लिए बढ़-चढ़कर प्रयास करें साथ ही अमृत सरोवर का बेहतर निर्माण करवाकर जल संरक्षण में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें ताकि वातावरण जिंदगी के अनुकूल बन सके।

जिला प्रवक्ता सूरज शुक्ल ने युवाओं में बढ़ रहे नशा प्राचालन पर चिंता व्यक्त करते हुए आवाहन किया कि , नशा पर पूर्ण विराम के लिए युवाओं के बीच मे अभियान चलाया जाए तथा उन्हें नशा से होने वाले कुप्रभावों से सचेत किया जाए ।

प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ अनीता जायसवाल ने पर्यावरण संरक्षण महाअभियान से महिलाओं को जोड़ने की बात कही और बताया कि , नशा उन्मूलन महाअभियान के लिए घर-घर जाकर जन जागरण अभियान चलाए जाने की योजना बनाई जा रही है । रूल ऑफ लॉ सोसायटी के जिला संयोजक प्रमोद सिंह चौहान , उपाध्यक्ष सुनील जायसवाल , राजेन्द्र अवस्थी एडवोकेट आदि ने बढ़ रहे नशा प्राचालन को समाज के लिए घातक बताते हुए प्रशासन से समन्वय के आधार पर नशा पर पूर्ण विराम के लिए जन जागरण अभियान चलाए जाने के आवाहन किया ।

बी०जे०पी नेत्री व समाजसेवी मंजू निगम ने समाज मे बढ़ रहे अराजकता व बिखरते परिवार के लिए नशा को जिमेवार मानते हुए महिलाओं का आवाहन किया कि घर-घर जाकर नशा के खिलाफ वातावरण सर्जत करें ।

समाजसेवी प्राचार्य अनुराग श्रीवास्तव ने जनपद के समस्त माध्यमिक विद्यालय व महाविद्यालयों में पर्यावरण संरक्षण गोष्ठी चालाक छात्रों को भी मुहीम से जोड़ने का आवाहन किया।

कबीरपंथी सुभाष मनन सीलदास ने समाज मे स्नेह व आत्मिय वातावरण बनाये रखने के लिए महान संत कबीरदास जी के बताए हुए रास्ते पर चलने का आवाहन किया ।

अखिल विश्व गायत्री परिवार के जिला संयोजक राम कुमार श्रीवास्तव ने पर्यावरण संरक्षण महाअभियान में बढ़-चढ़कर सहभागिता का संदेश दिया ।

आयोजित संगोष्ठी को समाजसेवी अन्नू खन्ना , समाजसेवी अर्जुन कुमार दिलीप जी , आकाश श्रीवास्तव , आनंद सिंह सेंगर एडवोकेट , किसान परिषद जिला महामंत्री सरदार गुरुनाम सिंह ,गायत्री संस्कार शाला प्राचार्य रेखा श्रीवास्तव आदि ने संबोधित कर पर्यावरण संरक्षण महाअभियान से जन जन को जोड़ना का आवाहन किया तथा अवैध नशा कारोबार पर पूर्ण नियंत्रण के लिए सामुहिक अभियान चलाए जाने की बात तय की। कार्यक्रम का संचालन रूल ऑफ लॉ सोसायटी के जिलाध्यक्ष अनिल कुमार मिश्र एडवोकेट ने किया।

धन्यवाद ज्ञापन जिला उपाध्यक्ष राजेन्द्र अवस्थी एडवोकेट ने किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी प्रगतिशील कृषक कृष्णानंद शुक्ल ने किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से नीतू , शिवा मिश्रा , कांति मिश्र । विष्णु पाठक , मंजू मिश्र ,जगदीश मिश्र , अजय मिश्र , शिखा श्रीवास्तव , सविता वर्मा , रेणु अवस्थी। समापन अवसर पर समूचे जनपद में पंचवटी प्रजाति के वृक्षों के रोपण व जल संरक्षण का संकल्प लिया गया।



# ब्रह्मा कुमारीज और उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल नोएडा के संयुक्त तत्वाधान में पौधारोपण

नोएडा सेक्टर-4 के पार्क में ब्रह्मा कुमारीज सेक्टर-33, नोएडा सेवा केंद्र और उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल नोएडा के संयुक्त तत्वाधान में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस वृक्षारोपण के दौरान ब्रह्माकुमारीज सेवा केंद्र की प्रमुख प्रभारी मंजू दीदी ने आम जनमानस को वृक्षारोपण का महत्व बताते हुए कहा कि, पेड़-पौधों के बिना मनुष्य जीवन की कल्पना करना निराधार है। यदि वृक्ष नहीं होंगे तो मनुष्य ना तो सांस ले पाएगा और ना ही उसे खाने के लिए अन्न मिल पाएगा इसलिए वृक्ष और मनुष्य का आपस में गहरा संबंध है। वृक्ष दुनिया का एकमात्र जीव है जो हमें पर्यावरण को स्वच्छ बनाने के साथ-साथ दया, करुणा, सहनशीलता, शांति व प्रेम आदि कई गुणों को स्वयं में जागृत करने की प्रेरणा देता है। क्योंकि वृक्ष प्रकृति का एकमात्र ऐसा उपहार है जो हमेशा देता ही है। वृक्ष कभी स्वयं अपना फल नहीं खाता और ना ही अपनी छाया स्वयं के लिए प्रयोग करता है। यानी कि समाज के लिए उदार भाव और दया हमें वृक्ष ही सिखाते हैं, इसलिए हमें वृक्षों से सीख लेनी चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि, एक वृक्ष को पालना एक पुत्र को पालने के समान है। इसलिए जो वृक्ष हमें इतना सब कुछ देते हैं उन्हें लगाना और उनका पालन-पोषण करना हम सबका परम धर्म हो जाता है। जिसे हमें निस्वार्थ भाव से करना चाहिए।

ब्रह्मा कुमारीज सेवा केंद्र की प्रमुख प्रभारी मंजू दीदी ने बताया कि, ब्रह्माकुमारी संस्था आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष में ह्यकल्पतरुह्न अभियान के द्वारा पूरे देश में वृक्षारोपण कर रही है। इस अभियान का उद्देश्य मनुष्य को पर्यावरण और परमात्मा से जोड़कर सशक्त बनाना है। उन्होंने यह भी बताया कि, ह्यकल्पतरुह्न अभियान 5 जून 2022 से शुरू हो चुका है, जो 25 अगस्त 2022 तक चलाया जाएगा। इस दौरान 40 लाख से ज्यादा पेड़ लगाने की परियोजना बनाई गई है।

वहीं, नोएडा सेक्टर- 4 के पार्क में वृक्षारोपण के लिए दोनों संस्थाओं के प्रतिनिधियों द्वारा आम, पीपल, नीम आदि के पेड़ लगाए गए। इन सभी वृक्षों का ह्यकल्पतरु एप के द्वारा पंजीकरण भी किया गया। इस ऐप के जरिए इन वृक्षों के रखरखाव की पूरी जानकारी उपलब्ध की जा सकती है। वृक्षारोपण कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल एनसीआर अध्यक्ष सुनील गुप्ता , राजीव गोयल ,सुधीर पोरवाल, अमित अग्रवाल, मनोज गुप्ता, राहुल , पूजा अवाना तथा ब्रह्माकुमारीज संस्था की ओर से बी.के ममता, जूली, मोनिका, निपुण गोयल, दर्पण, राजन, राहुल, नीरज व अन्य कई बहन भाई उपस्थित रहे।



## खैर टप्पल खेतों में मिली युवक की सड़ी हुई लाश, लाश के पास मिली शराब की खाली बोतल

**ब्यूरो अलीगढ़ लक्ष्मन सिंह राघव**

अलीगढ़ टप्पल थाना क्षेत्र के गांव पीपली में एक दर्दनाक और सनसनीखेज खबर निकल कर सामने आई हैं। जहां 10 दिन पहले 42 वर्षीय मृतक राजकुमार ओर उसकी पत्नी के बीच किसी बात को लेकर ग्रह कलेश के चलते पहले तो आपसी कहासुनी ओर उसके बाद विवाद ज्यादा बढ़ गया था। पति पत्नी के बीच हुए इस मामूली आपसी विवाद के बाद 42 वर्षीय पति राजकुमार अपने घर को छोड़कर चला गया था। जो पति पत्नी के बीच हुए विवाद के बाद से करीब 10 दिन से लापता चल रहा था। पत्नी से हुए ग्रह कलेश के चलते पिछले 10 दिन से लापता चल रहे पति की लाश रविवार की सुबह उसके खेतों में पड़ी हुई मिली है। बताया जा रहा है कि 42 वर्षीय मृतक युवक राजकुमार के द्वारा अपने खेतों में पहुंचकर पहले तो शराब का खूब सेवन किया गया और उसके बाद जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। शराब के साथ जहरीले पदार्थ का सेवन करने के चलते खेतों में बैठकर शराब पी रहे लापता राजकुमार की मौके पर ही मौत हो गई। बताया जा रहा है कि सुबह ग्रामीण खेतों की तरफ घूमने के लिए गए थे। उसी दौरान खेतों की तरफ घूमने गए ग्रामीणों की नजर खेतों के अंदर युवक की लाश पर पड़ गई। जिसके बाद ग्रामीण दौड़कर गांव पहुंचे और खेतों में लाश पड़ी होने की सूचना मृतक युवक के परिजनों को दी गई। युवक की खेतों में लाश पड़े होने की सूचना पर मृतक के परिजन ग्रामीणों के साथ दौड़ कर खेतों पर पहुंच गए। जिसके बाद लापता युवक की लाश को देख परिवार के लोगों में चीत्कार और कोहराम मच गया ग्रामीणों के द्वारा जरी के खेतों में लापता युवक की लाश पड़ी होने की सूचना थाना टप्पल पुलिस को दी गई। खेतों में लाश पड़ी होने की सूचना मिलते ही थानाअध्यक्ष पुलिस फोर्स के साथ घटनास्थल पर पहुंच गए। इसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने खेतों में पड़ी मृतक युवक की लाश को अपने कब्जे में लेकर शव का पंचनामा भरते हुए डेड बॉडी को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया तो वही मौके पर मौजूद पुलिस युवक की मौत की वजह का जानकारी करने के साथ ही परिजनों से घटना को लेकर पूछताछ करने में जुटे हुए हैं।

## -कनिष्ठ लिपिक के सामने मुख्यमंत्री के आदेश हुए हवा हवाई

### *अपने अधीन तैनात कर रखे हैं चार निजी कर्मचारी*

आगरा ।उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भ्रष्टाचार को लेकर जीरो टॉलरेंस की नीति बनाई है, लेकिन इसके विपरीत निबंधन विभाग भ्रष्टाचार को खूब बढ़ावा दे रहा है।

ताजा मामला सदर तहसील स्थित सहायक महानिरीक्षक निबंधन कार्यालय का है ।6 मई को सोशल मीडिया पर एआईजी के स्टेनो जगदीश कुमार का अपने कार्यालय में पैसा लेते हुए एक वीडियो वायरल हुआ था । निबंधने विभाग के अधिकारियों ने अपनी दरिया -दिली दिखाते हुए करीब दो माह बाद भी इस स्टेनो पर कोई कार्रवाई नहीं की है ।वह अब भी बेखौफ बदस्तूर वहीं कार्य कर रहा है । मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सरकारी कार्यालय में निजी कर्मचारियों से काम कराने पर रोक लगा दी है ।उन्होंने इसके लिये सभी जिलाधिकारी से इस आशय का पत्र देने के लिये निर्देश दिये हैं। उनके जनपद में किसी भी सरकारी विभाग में कोई निजी कर्मचारी काम कर रहा है ।

वही निबंधन कार्यालय में तैनात कनिष्ठ लिपिक का जलवा-जलाल है। मुख्यमंत्री के आदेश को धता बताकर इस बाबू ने अधिकारियों से आगे बढ़कर चार निजी कर्मचारी अपनी सेवा में लगा रखे हैं। जिनका वेतन बाबू स्वयं वहन करता हैं। सूत्रों की मानें तो रजिस्टरी कार्यालय में होने वाली बेहिसाब अवैध कमाई से चारों कर्मचारियों की वेतन दिया जाता है। एआईजी निबंधन सुनील कुमार सिंह के कार्यालय में कनिष्ठ लिपिक जगदीश कुमार बागला तैनात हैं। इस बाबू पर काम का बोझ है इसलिए अपनी सहायतो कि लिये बकायदा तीन कर्मचारी हिर्देश यादव, ताराचंद शर्मा औरे चंद्रशेखर को अपने अधीन काम पर लगा रखा हैं। इसके अलावा यह बावू महंगी लक्जरी चार पहिया गाड़ी से कार्यालय आता है । अपनी गाड़ी के लिये चालके को रखा हैं।

निबंधन विभाग के विश्वनीय सूत्रों का कहना है विभाग में कार्यरत इस कनिष्ठ लिपिक का वेतन में करीब 30 हजार रुपये प्रतिमाह मिलते हैं और वे अपने अधीन चार कर्मचारियों को 50 हजार रुपये वेतन प्रतिमाह देते हैं। बतादें कि रजिस्ट्री कार्यालय के अधिकारियों औड्ट कर्मचारियों पर बैनामे में भ्रस्टाचार आदि में गंभीर आरोप लगते रहे हैं।

## आईआईएमटी कॉलेज में जनपद के समस्त मान्यता प्राप्त स्कूलों के प्रधानाचार्य की संगोष्ठी का हुआ आयोजन

**देव मणि शुक्ल ब्यूरो प्रभारी** नोएडा उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा शिक्षा के क्षेत्रों में संचालित योजनाओं का लाभ समस्त छात्र-छात्राओं तक पहुचाने के उद्देश्य से आज जिलाधिकारी सुहास एल0वाई0 के निदेर्शों के क्रम में मुख्य विकास अधिकारी गौतम बुध नगर अनिल कुमार सिंह की अध्यक्षता में आईआईएमटी कॉलेज ग्रेटर नोएडा में जनपद के समस्त बोर्डों (सी0बी0एस0ई0, आई0सी0एस0सी0, यू0पी0 बोर्ड) से मान्यता प्राप्त स्कूलों के प्रधानाचार्य की शासन के निर्देश पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें उत्तर प्रदेश में शिक्षा के क्षेत्र में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित सरकार की योजनाओं के संबंध में सभी प्रधानाचार्य को विभिन्न योजनाओं जैसे बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना ,मिशन शक्ति ,इंस्पायर अवार्ड योजना ,छात्रवृत्ति योजना, प्रोजेक्ट अलंकार, राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान, नशा मुक्त भारत अभियान एवं अन्य योजनाओं की समुचित जानकारी समस्त अधिकारियों के द्वारा समस्त उपस्थित हुए प्रधानाचार्य को दी गई तथा यह भी कहा गया कि शासन की योजनाओं से आप अपने अपने विद्यालय में बच्चों तथा उनके अभिभावकों को अवगत कराते हुए इस योजना के पात्र छात्र-छात्राओं को लाभान्वित कराएं। जिला विद्यालय निरीक्षक ने जानकारी देते हुये बताया कि आज की बैठक में जनपद के 250 प्रधानाचार्य के द्वारा प्रतिभाग किया गया। इस अवसर पर जिला समाज कल्याण अधिकारी एसबी सिंह, जिला प्रोबेशन अधिकारी अतुल कुमार सोनी, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर सुनील दोहरे, जिला टोबैको कंट्रोल कंसलटेंट डॉ श्वेता सहित 250 अध्यापक तथा जनपद के हाईस्कूल व इंटरमीडिएट के टॉपर छात्रों को पढ़ाने वाले अध्यापक उपस्थित रहे। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा संगोष्ठी में उपस्थित अधिकारी तथा प्रधानाचार्य को शासकीय योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का आहवान किया गया तथा संगोष्ठी में अध्यापकों द्वारा भी टॉपर छात्रों के विषय को पढ़ाने की विधियां से अवगत कराया गया। एमिटी इंटरनेशनल स्कूल नोएडा की प्रिंसिपल श्रीमती रेनू सिंह द्वारा विद्यालय में छात्रों को किस विधि द्वारा उच्च शिक्षा का स्तर पर पहुंचाया जाए उसके विषय में प्रधानाचार्य को अवगत कराया गया। जिला विद्यालय निरीक्षक गौतम बुध नगर द्वारा भी माध्यमिक शिक्षा विभाग द्वारा संचालित विभिन्न शासकीय योजना के विषय में विस्तार से सभी प्रधानाचार्य को बताया गया तथा निर्देशित किया गया कि शिक्षा के क्षेत्र में विभिन्न विभागों द्वारा लागू की गई समस्त योजनाओं का लाभ सभी पात्र बच्चों को अवश्य मिल सकें इस प्रकार कार्रवाई करते हुए योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार कराया जाए। गोष्ठी में उपस्थित प्रधानाचार्य द्वारा मुख्य विकास अधिकारी अनिल सिंह को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया।



22 may 2022:Layout 1 6/27/2022 1:24 AM Page 4



# ट्रक बैक करते समय सामने से आ रहे ट्रक ने मारी जोरदार टक्कर एक कि मौत

संवाददाता समाज जागरण

**बहेड़ी।** ढाबे पर खाना खा के वापिस जा रहे ट्रक को बेक करते समय सामने से आ रहे ट्रक ने मारी जोरदार टक्कर टक्कर लगने से ट्रक चालक की मौके पर ही मौत दूसरा ट्रक चालक ट्रक छोड़कर मौके से फरार। जानकारी के अनुसार उत्तराखंड के किच्छा के गांव पटेरी निवासी नंदकिशोर (45) रविवार सुबह बरेली बागेश्वर मार्ग स्थित एक ढाबे से खाना खाकर अपने घर जाने के लिए ट्रक बेक कर रहा था तभी पीछे से तेज रफ्तार आ रहे ट्रक ने मारी टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बैक कर रहे ट्रक चालक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गयी उधर मौके पर मची चीख-पुकार सुनकर




राहगीरों ने मामले की सूचना पुलिस को दी सूचना पर मौके पर पहुँची पुलिस ने मृतक के परिजनों को सूचना दी। मौके पर पहुंचे परिजनों में कोहराम मच गया। अवैध रूप से सड़क पर खड़े ट्रक बन रहे है हदसो की वजय योगी सरकार के निदेर्शानुसार सड़क पर खड़े वाहन या अवैध टैक्सी स्टैंड पर पुलिस ने कार्यवाही की होती तो बड़ा हादसा टल सकता था ढाबो के बाहर रोड तक ट्रक की लाइनें लगी रहती है जो हादसों को दावत दी रही है.

# बहेड़ी का युवक गया काम करने वहां अचानक हुआ तबयीत खराब

संवाददाता समाज जागरण

बहेड़ी के युवक की इलाज के दौरान ऋषिकेश में हुई मौत ।आठ दिन पहले हल्द्वानी में मजदूरी करने के दौरान जब युवक ने घर के गेट को खोला उसी समय बिजली का तार टूट कर गेट पर गिर गया था जिसमें युवक बुरी तरह से झुलस गया ।झुलसे युवक को उनके पिता ने हल्द्वानी के निजी अस्पताल में उपचार के लिए लेकर गए जहां पर उसकी हालत खराब होने पर डॉक्टरों ने ऋषिकेश एम्स में भेज दिया ।सात दिन चले इलाज के बाद आज युवक की मौत हो गई ।हादसा होने के कारण एम्स प्रशासन ने स्थानीय पुलिस को म्रतक का मेमू भेज दिया ।पुलिस ने युवक के शव को लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया । पोस्टमार्टम होने के बाद युवक के शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया । बताया जाता है कि युबक कोट पेंट का अच्छा कारीगर था ।लेकिन हादसे वाले दिन युवक अपने पिता के साथ पहली बार मजदूरी के लिए गया था । जहां पर उसके साथ हादसे में उसकी जान चली गई । वही परिजनों को युवक की मौत की सूचना मिली घर मे कोहराम मच गया।

# धामपुर नगर पालिका की दुकानों की छतो को दीया जाएगा किराए पर

फारूक अंसारी दैनिक समाज जागरण

**धामपुर ।** नगर पालिका परिषद की इनकम तो कम है और खर्चे ज्यादा इसलिए पालिका घाटे में चल रहा है इनकम सूत्र कम होने की वजह से बोर्ड ने पिछले कई साल से लगभग दो करोड़ के घाटे में चल रही नगर पालिका को घाटे से उभरने और आर्थिक तौर पर मजबूत करने के प्लान तैयार कर लिया गया है। नगर पालिका की और से पालिका की सभी लगभग शहर में 200 से अधिक दुकानों की छतो की खुले तौर पर नीलामी के माध्यम से किराए पर दी जाएंगी। जो व्यक्ति सबसे ज्यादा बोली लगाएगा उसको दुकानों की छतों को दिया जाएगा। नगर पालिका की ओर से यह प्रक्रिया शीघ्र ही आरंभ होने वाली है। नगर पालिका परिषद अध्यक्ष राजू गुप्ता ने बताया कि वर्तमान में धामपुर नगर पालिका करीब 2 करोड़ के घाटे में चल रही है। नगर पालिका की और से बोर्ड में अब तक जितने प्रस्ताव पास हुए बजट ने होने



से उसे रफ्तार से विकास कार्य नहीं हो सके है। नगर पालिका की आय कम और खर्चा अधिक मात्रा में होने से पालिका बोर्ड के सामने यह नौबत आई है। नगर पालिका बोर्ड की और से पिछले दिनों पालिका की बनी दुकानों की छतों को किराए पर देने का भी प्रस्ताव पास किया जा चुका है। अब प्रस्ताव को शीघ्र ही शुरू किया जाना है। बताया गया है कि भरसम प्रयास करने के बाद जब पालिका की आय में बढ़ोतरी नहीं हुई और लोगों की देनदारी बढ़ गई तो पालिका ने आय बढ़ाने को इस प्लान को तैयार किया बताया गया कि पालिका के पास 200 से ज्यादा दुकाने शहर में है जिन की छतें खाली पड़ी हुई है उन छतो को किराए पर देकर उसकी आया बढ़ सकती है।

# जनपद में धड़ल्ले से चल रहा अवैध खनन जिम्मेदार अधिकारी बैठे मौन

**दैनिक समाज जागरण संभल।** संभल में खनन माफिया के हौसले इतने बुलंद है की धरती का सीना चीर कर उपजाऊ भूमि को बंजर बनाया जा रहा है सभी नियमों को ताक पर रखकर बेखौफ निडर होकर एवं प्रशासन की आंखों में धूल झोंक कर अवैध खनन करने से बाज नहीं आ रहे हैं संभल के असमोली थाना क्षेत्र के टांडा बेला मिलाक



नवादा में अबैध खनन से भरे ट्रैक्टर ट्राली दौड़ते हुए नजर आते है। जब की जिलाधिकारी द्वारा खनन अधिकारी को निर्देशित किया गया था जनपद में किसी भी दशा में अबैध खनन न किया जाए और यदि खनन माफिया खनन करने से बाज नहीं आ रहे हैं तो इनके खिलाफ 24 घंटे के अंदर एफआईआर दर्ज कराई जाए सवाल यह उठता है कि खनन माफियाओं के हौसले इतने बुलंद क्यों हैं संभल में खनन का कारोबार जोरों पर फल फूल रहा है। देखना है कि जिला प्रशासन एवं खनन अधिकारी द्वारा क्या कार्यवाही की जाती है या फिर अवैध खनन का कारोबार जनपद में ऐसे ही चलता रहेग।

# नशे को अपनी जिंदगी से दूर करें और नशे के कारोबार को खत्म करने में सहयोग दें। थानाध्यक्ष सोलंकी

दैनिक समाज जागरण तहसील प्रभारी गुलफाम राजा

**नूरपुर।** मादक पदार्थ दुरुपयोग एवं अवैध व्यापार विरोधी अंतर्राष्ट्रीय दिवस के मौके पर आज नगर पुलिस कार्यालय में थानाध्यक्ष थीरज सिंह ने समस्त पुलिस कर्मियो को नशीले पदार्थों का सेवन न करने का संकल्प दिलाया और साथ ही समाज के दूसरे लोगों को भी नशाखोरी से बचाने की शपथ ली गई ।इस मौके पर थाना क्षेत्रों में नशीलों दवाओं का अवैध व्यापार करने वालों को पकड़ने में पूर्ण सहयोग करने व नशीली दवाओं का बहिष्कार करने तथा नशे की लत समाप्त कर स्वस्थ समाज की रचना करने का संकल्प लिया गया ।थाना परिसर में थानाध्यक्ष थीरज सिंह



सोलंकी द्वारा अधिकारी कर्मचारीगणों को शपथ ग्रहण कराई गई। इस दौरान थाना प्रभारी ने बताया कि आज अंतर्राष्ट्रीय नशा मुक्ति दिवस के मौके पर नशा मुक्त को ध्यान में रखते हुए किसी तरह की सभा नहीं की लेकिन कार्यालय में नशाखोरी को समाप्त करने की शपथ पुलिस कर्मियों को दिलाई गई ।साथ ही नशे का कारोबार खत्म करने का संकल्प लिया ।उन्होंने आवाहन किया कि शिक्षण संस्थानों में छात्र नशे से दूर रहें और ऐसे लोगों को चिन्हित करें जो नशे का कारोबार करते हैं। चिन्हित व्यक्तियों के बारे में जानकारी दें। जानकारी देने वालों की पहचान गुप्त रखी जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि सरकारी कार्यालयों, शिक्षण संस्थानों में नशा मुक्ति के लिए जागरूकता अभियान चलाते रहेंगे। थाना अध्यक्ष धीरज सिंह सोलंकी ने लोगों से अपील की है कि वह अपनी जिंदगी को नशे से दूर रखें और पूरे कारोबार को ध्वस्त करने में सहयोग दें। शपथ ग्रहण में क्राइम स्पेक्टर सतीश कुमार राय,कस्बा इंचार्ज रविंद्र कुमार,एस-ाआई विनोद कुमार,एसआई हरेंद्र कुमार,राहुल सिंह,मान सिंह,धार्मेंद,विपिन कुमार,गिरीश,हिटलर खान,आदि मौजूद रहे

# सत्याग्रह धरना देने से पूर्व शहिद स्मारक गांधी वाटिका पहुंचकर गांधी जी को दी श्रद्धांजलि

दैनिक समाज जागरण शरीफ मलिक

**किरतपुर-** देश दुनिया में कीर्तिमान की और सत्याग्रह संकल्प आंदोलन के संयोजक तलहा मकरानी एडवोकेट ने अपने साथियों के साथ आज 345 वे साप्ताहिक शांतिपूर्वक लगातार धरने से पूर्व शहीद स्मारक गांधी वाटिका पहुंचकर महात्मा गांधी जी को श्रद्धांजलि अर्पित की एवं 2 मिनट का मौन धारण किया गया उस-के पश्चात अपने सत्याग्रह संकल्प आंदोलन के संकल्प को दोहराते हुए कहा जब तक सिद्धबली



गढ़वाल दिल्ली एक्सप्रेस ट्रेन का बसी किरतपुर रेलवे स्टेशन को स्टॉपेज नहीं मिल जाता हमारा सत्याग्रह संकल्प आंदोलन जारी था जारी है और जारी रहेगा` उसके पश्चात धरना स्थल बसी किरतपुर रेलवे स्टेशन पहुंचकर आज 345 वा साप्ताहिक शांतिपूर्वक लगातार धरना दिया गया 2 घंटे लगातार धरने के पश्चात केंद्रीय रेल मंत्री रेल मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली के नाम सिद्धबली गढ़वाल दिल्ली एक्सप्रेस ट्रेन के 6 माह के ट्रायल स्टॉपेज शीघ्र दिए जाने का मांग पत्र स्टेशन मास्टर अरविंद कुमार को दिया गयो धरना स्थल पर आर पी एफ की निगरानी रही श्रद्धांजलि एवं धरना देने वालों में आज सत्याग्रह संकल्प आंदोलन संयोजक तलहा मकरानी एडवोकेट समाजसेवी पूर्व छात्र नेता ,नन्हाआंदोलनकारी पुत्र सुल्तान युसूफ, सुधीर कुमार प्रवक्ता इतिहास, एवं चौधरी जगबीर सिंह, मोहसिन आदि रहे

# स्वामित्व योजना के अंतर्गत विधायक अशोक रागा व ओमकुमार ने ग्रामीणों को वितरित किये घरौनी प्रमाण पत्र

फारूक अंसारी दैनिक समाज जागरण

**धामपुर।** स्वामित्व योजना के अंतर्गत धामपुर तहसील के 100 लाभार्थियों को घरौनी का वितरण किया गया। तहसील सभा कक्ष में मुख्य अतिथि धामपुर क्षेत्र भाजपा विधायक अशोक कुमार राणा ने अपने हाथों से लोगों को बरौनी का प्रमाण पत्र दिया और सरकार की इस योजना से लोगों को जागरूक भी किया इस अवसर पर नहटौर क्षेत्र के भाजपा विधायक ओम कुमार ने कहा कि स्वामित्व योजना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी दूरदर्शिता संवेदनशीलता और हर गरीब यह के मनके आप को मजबूती प्रदान करने के लिए प्रा-



रंभ की गई है वर्तमान केंद्र व राज्य सरकार निरंतर गरीब आबादी की चिंता कर रही हैं जो पुश्तो से अपना मकान बनाकर गांव में रहती हैं लेकिन उस जमीन की मालिक कभी नहीं बन पाती है। स्वामित्व योजना में घरौनी का लाभ प्राप्त करने वाले ग्रामीणों में खुशी की लहर दौड़ गई इस अवसर पर उप जिला अधिकारी मनोज कुमार सिंह तहसीलदार गोपेश तिवारी आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। बताया जाता है कि उत्तर प्रदेश सरकार में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश भर के ग्रामीण इलाकों में रहने वाली बड़ी आबादी को 25 जून को बड़ा उपहार दिया स्वामित्व योजना के तहत दस लाख से अधिक ग्रामीण परिवारों को घरौनी प्रमाण पत्र सौंपे गए। इससे पहले प्रदेश में 23 दिसंबर 2021 तक 5 चरणों में कुल 15940 ग्रामों में 2347 243 घरौनियो का वितरण हुआ था। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 25 जून को स्वामित्व योजना के तहत 1081 062 ग्रामीण को डिजिटल माध्यम से उनके आवास का मालिकाना हक यानी घरौनी प्रमाण पत्र सोपे। घरौनी प्रमाण पत्र मिलने से ग्रामीणों को बैंकों से लोन लेने में कोई दिक्कत नहीं आएगी।

# मंदिरों का जीर्णोद्धार करके सरकार संभल को बनाए पर्यटन स्थल

दैनिक समाज जागरण संभल

संत-महंत, पुजारी, पंडित जन के साथ हिंदू जागृति मंच ने धर्मसभा आयोजित करके संभल को पर्यटन स्थल बनाने की मांग को मजबूत किया। संभल के आध्यात्मिक, सांस्कृतिक विकास को सरकार से मांग करते हुए समाज जागरण किया। कैला देवी धाम में हिंदू जागृति मंच द्वारा आयोजित धर्म सभा में क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों, मठ मंदिरों के साधु-संत- महंत, पुजारी पंडित जन ने भाग लेकर सामूहिक रूप से संभल को पर्यटन स्थल बनाने का संकल्प लिया। मंदिरों के जीर्णोद्धार कराने का तथा सभी सरकारी योजनाओं का शत प्रतिशत समाज को लाभ दिलाने की बात कही गई। धर्म सभा का प्रारंभ कैला देवी धाम के महंत श्री ऋषि राज गिरी, उदयवीर सिंह, अनंत कुमार अग्रवाल, अजय गुप्ता सर्राफ, अजीत पाल सिंह यादव ने कैला देवी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित करके तथा पूजन अर्चन कर के किया। राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम का सामूहिक गायन किया गया। मां कैला देवी की जय जयकार भारत माता की जय जय कार के साथ प्रारंभ हुई धर्मसभा में अपनी बात रखते हुए हिंदू जागृति मंच के प्रांतीय कार्य अध्यक्ष अजय गुप्ता सर्राफ ने कहा कि सभी संतों महात्माओं का कल्याण हो इसके लिए हिंदू जागृति मंच सभी सरकारी योजनाओं का लाभ मठ मंदिरों तक पहुंचाने तथा मंदिरों के द्वारा समाज तक पहुंचाने का कार्य निरंतर करता रहेगा। मंडल अध्यक्ष अनन्त कुमार अग्रवाल ने प्रत्येक मठ मंदिर में संध्या वंदन आरती का समय निर्धारित करने को कहा और सुझाव दिया कि सभी मंदिरों में नित्य प्रति समाज को एकत्र कर संध्या वंदन आरती निश्चित समय पर होनी चाहिए। इसमें सभी मठाधीश, संत और पुजारी सक्रिय भूमिका निभाएं। पूर्व जिला पंचायत



सदस्य उदयवीर सिंह ने प्रस्ताव रखा कि संभल के सभी मंदिरों का जीर्णोद्धार करने के लिए साथ ही संभल में 68 तीर्थ 19 कूपों का जीर्णोद्धार करने के लिए भगवान श्री कल्कि विष्णु की अवतार स्थली संभल का सम्मान बढ़ाने के लिए सरकार को पर्यटन स्थल घोषित करना चाहिए और इसके लिए समस्त हिंदू समाज मांग करता है। प्रस्ताव के पक्ष में कल्कि भगवान की जय जयकार के साथ सर्वसम्मति से प्रस्ताव पास करके कहा कि प्रत्येक मठ की ओर से प्रत्येक मंदिर की ओर से और सभी संगठन पर्यटन स्थल बनाने के लिए राज्य सरकार और केंद्र सरकार से पुरजोर मांग करेंगे। समाजसेवी अजीत पाल सिंह यादव ने ऐसा हिंदू समाज बनाने का आह्वान किया जिसमें छुआछूत, छोटा बड़ा, अमीर गरीब का भेद खत्म हो और सभी भाईचारे की भावना के साथ परस्पर एक दूसरे के दुख सुख में काम आएं। भाजपा नेता हरेंद्र सिंह चौधरी ने धर्म सभा आयोजन की प्रशंसा करते हुए कहा कि शहर शहर में मंदिर मंदिर धर्म सभाएं आयोजित होती रहनी चाहिए यह सिलसिला कभी थमना नहीं चाहिए और समाज जागरण तथा अपने मान बिंदुओं की रक्षा का और उनके सम्मान का संकल्प लेना चाहिए। गवां नगर पंचायत के अध्यक्ष अखिलेश अग्रवाल ने हिंदू समाज में आई कुरीतियों को दूर करने ,आपसी मेलजोल बढ़ाने जातिभेद को खत्म करने तथा भारतीय संस्कृति के मान बिंदुओं का सम्मान करने के लिए मंदिरों को मठों को आगे आना चाहिए। धर्म सभा को संबोधित करते हुए समारोह अध्यक्ष एवं कैला देवी धाम के महंत ऋषि राज गिरी ने कहा कि भगवान श्री कल्कि विष्णु के अवतार स्थली संभल जहां देव निर्मित 68 तीर्थ 19 कूप हैं। ऐसे संपूर्ण विश्व में कहीं दूसरा कोई स्थल नहीं है। ऐसे पवित्र धाम को हर कीमत पर पर्यटन स्थल घोषित कराया जाएगा। जिससे सभी मंदिरों के रास्ते सुंदर बनें। उनका जीर्णोद्धार हो और सभी 68 तीर्थ कब्जा मुक्त हों इसके अलावा संभल क्षेत्र में कैला देवी धाम के निकट मेडिकल कॉलेज सहित वह सभी कार्य कराए जाएंगे जो प्रदेश सरकार से संभव हैं। उन्होंने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बारे में कहा कि माननीय मुख्यमंत्री की नजर कैला देवी क्षेत्र पर और संभल पर विशेष रूप से है। वह संभल को पर्यटन स्थल बनाएंगे ऐसा प्रत्येक नागरिक को विश्वास रखना चाहिए। धर्म सभा में हिंदू जागृति महिला मंच, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, नारी उत्थान समिति, जैसी अनेक संस्थाओं ने भाग लिया तो वहीं ब्लाक प्रमुख जुनावई रवि यादव, ब्लॉक प्रमुख पवासा हृदेश यादव, मुकेश शर्मा, संतोष कुमार गुप्ता, महंत दीनानाथ, सुभाष चंद्र शर्मा, संजीव कुमार शर्मा, सरिता गुप्ता, प्रीति शर्मा, सीमा आर्य, सुनीता यादव ने धर्म सभा में अपने विचार रखे। लोकतंत्र रक्षक सेनानी चौधरी महिपाल सिंह, संतोष कुमार गुप्ता सहित अनेक अतिथियों को सम्मानित किया गया। तदुपरांत कैला देवी धाम के महंत श्री ऋषिराज गिरी जी महाराज को भगवा शॉल ओढ़ाकर, भगवा पगड़ी पहनाकर, फूल माला और भगवा पटका धारण कराकर, कटार भेंट कर हिंदू जागृति मंच के सभी सदस्यों ने सामूहिक रूप से उनकी समाज सेवा, धर्म सेवा और कार्यक्रम आयोजन के लिए स्वागत सम्मान किया। संभल के अनेक तीर्थों मंदिरों से पहुंचे संत महंतों पुजारियों ने अपनी अपनी समस्याएं और सुझाव रखकर धर्म सभा को सफल किया। धर्म सभा समारोह का कुशल और सफल संचालन हिंदू जागृति मंच के प्रदेश महामंत्री सुबोध कुमार गुप्ता ने किया।

# सभासद प्रतिनिधि अमजद सिद्दीकी कर रहे है अपनी झूठी प्रशंसा

शमीम अहमद सिद्दीकी दैनिक समाज जागरण

**नजीबाबाद** आपको बता दे नजीबाबाद के मोहल्ला मुगलुशाह अजमल खा रोड पर काफी समय से नगरपालिका के सौजन्य से ठंडे पानी का फ्रीजर रखा हुआ है कभी भी उसमे कोई खराबी आने के कारण पानी नही आ पाता इस समस्या को लेकर मोहल्ले के पत्रकार ने नगर पालिका के अधिकारियो को अवगत कराया नगर पालिका के अधिकारी ने तुरंत समस्या का समाधान कराने के लिए फ्रीजर मे आई तकनीकी खराबी को लेकर फ्रीजर सही कराने के लिए कर्मचारी भेजे अचानक उधर से गुजर रहे सभासद प्रतिनिधि अमजद सिद्दीकी ने यह



देख वहां पर आकर अपना फोटो खिंचवा कर जनता को अपनी झूठी प्रशंसा के लिए और झूठी वाह वाही लूटने के लिए समाचार पत्रो मे छपवा दिया क्योंकि उन्हें पता है कि चुनाव करीब आ रहे है इन्ही राजनीतिक हथकंडा को लेकर जनता का दिल जीत कर आने वाला चुनाव को मजबूत करना है जबकि वार्ड मे काफी समस्या होती है जैसे कि कूड़े की समस्या जलभराव की समस्या अतिक्रमण की समस्या को लेकर वह कभी आगे नही आए ना ही कभी नगरपालिका को अवगत कराया सभासद प्रतिनिधि तो बन गए बाकी उन्हे अपनी जिम्मेदारियो का एहसास नही है की वार्ड मे जो समस्या है नगर पालिका को अवगत करा कर उनका समाधान कराने की कोशिश करे

# प्रेमिका का शव नाले में दबाने वाले प्रेमी युवक को पुलिस ने किया गिरफ्तार

रिपोर्ट विकास शर्मा दैनिक समाज जागरण बिजनौर

**बढ़ापुर** प्रेमिका का शव नाले में दबाने वाले प्रेमी युवक को पुलिस ने किया गिरफ्तार। प्राप्त जानकारी के अनुसार हरपाल निवासी मोहल्ला नौमी बढ़ापुर ने 12 जून बढ़ापुर थाना को सूचना दी उसकी पुत्री ज्योति 19 वर्ष धामपुर आर एस एम कॉलेज में पढ़ने के लिए गई हुई थी वह वापस नहीं लौटी थाना बढ़ापुर में गुमशुदा की रिपोर्ट दर्ज कराई इस पर पुलिस अधीक्षक धर्मवीर बिजनौर द्वारा थाना बढ़ापुर को निर्देशित किया गया इसी क्रम को जारी रखते हुए पुलिस द्वारा की गई जांच में प्रवीण पुत्र प्रताप सिंह निवासी जाफ्तानगर थाना रेहड़ 21 वर्ष को निशानदेही पर हिरासत में लिया गया तथा उससे पूछताछ की गई पूछताछ करने पर उसने बताया कि वह ज्योति के परिवार से पहले से ही परिचित था तथा वह उसके घर आता जाता था। उसका ज्योति से प्रेम प्रसंग चल रहा था 4 जून को वह अपनी मोटरसाइकिल होंडा शाइन से ज्योति को बादल होटल जसपुर उत्तराखंड में लेकर गया था वहां पर शादी करने को लेकर आपस में विवाद हुआ जिस पर प्रवीन द्वारा ज्योति का गला दबाकर हत्या कर दी गई तथा शव को अपने साथी अफसार तथा अपने भाई परवेंद्र के साथ मिलकर प्रेमिका ज्योति का शव मोटरसाइकिल हौंडा शाइन पर ले जाकर रेहड़ थाना क्षेत्र के ग्राम जाब्ता नगर उर्फ अठावरी वाला के जंगल में नाले के पास गड्ढा खोदकर दवा दिया था पुलिस नेअठावरी वाला के जंगल से शव खोदकर को बाहर निकाल कर कब्जे में ले लिया तथा प्रेमी प्रवीन को सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय पेश किया गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना अध्यक्ष अनुज २कुमार तोमर उप निरीक्षक गजेंद्र सिंह कांस्टेबल झम्मन सिंह कांस्टेबल अमित कुमार आदि।

# अखिल भारतीय गोरक्षा महासंघ (गोरक्षकों )की ओर से पालिका अध्यक्ष का मुह मीठा कराया

फारूक अंसारी दैनिक समाज जागरण

**धामपुर ।** नगर पालिका चेयरमैन श्री राजू गुप्ता जी व श्री महेंद्र धनोरिया जी निर्देशक मुरादाबाद मंडल (उत्तर प्रदेश सरकारी ग्राम विकास बैंक लिमिटेड लखनऊ का मुंह मीठा कर व श्री राधा कृष्ण जी की तस्वीर भेट कर जन्म दिन की शुभकामनाए दी संजय जैन नगर अध्यक्ष अखिल भारतीय गोरक्षा महासंघ , अतुल सैनी गोरक्षक , अन्नु वर्मा गोरक्षक, आकाश माहेश्वरी गोरक्षक आदि रहे।

# गंगा मैं स्नान करते समय मामू भांजे की गहरे पानी में डूबने से हुई मौत

दैनिक समाज जागरण विजेंद्र सिंह /बबराला

**गुन्नौर संभल** गुन्नौर थाना क्षेत्र के एक गांव के रहने वाले मामू भांजे की गंगा मैं स्नान करते समय डूबने से मौत हो गई है। सूचना के उपरांत मौके पर पहुंची थाना पुलिस ने गोताखोरों के माध्यम से दोनों युवकों को बाहर निकालने के उपरांत गुन्नौर सीएचसी में एडमिट कराया जहां दोनों को मृत घोषित कर दिया गया है। वहीं पुलिस ने दोनों युवकों का सब सील कर पीएम हेतु भेज दिया है । घटना से परिवार के लोगों का रो रो कर बुरा हाल है। गुन्नौर थाना क्षेत्र के तिपेड़ा गांव के रहने वाले धीरेंद्र कुमार पुत्र भूरे सिंह उम्र 20 वर्ष तथा प्रमोद कुमार पुत्र रामरहीस 25 वर्ष हरियाणा बल्लभगढ़ में हेलमेट बनाने



का एक कंपनी में कार्य करते थे। जबकि प्रमोद कुमार की मां शांति देवी की मौत होने पर वह 15 दिन पहले कंपनी में कार छोड़कर घर आ गया था जबकि धीरेंद्र कुमार एक दिन पहले ही कंपनी से छुट्टी लेकर गांव आया था सभी साथी गांव में एकत्रित होने पर प्रमोद कुमार धीरेंद्र कुमार, महेश कुमार ,गिरीशपाल, विकास कुमार सहित छह लोगों ने रविवार सुबह 8:00 बजे करीब राजघाट गंगा तट पर स्नान करने की योजना बनाई। सभी लोग राजघाट में गंगा स्नान करने पहुंच गए जबकि महेश गिरीश पाल विकास सहित चार लोग गंगा के किनारे पर ही स्नान करते रहे धीरेंद्र कुमार स्नान करते हुए गहरे पानी में पहुंच गया। गहरे पानी में पहुंचने पर धीरेंद्र कुमार डूबने लगा। वही किनारे पर स्नान कर रहे सभी लोगों ने शोर मचाना शुरू कर दिया पड़ोस में ही स्नान कर रहे प्रमोद कुमार महेश कुमार ने तुरंत भागकरे धीरेंद्र कुमार के पास पहुंचकर बचाने का प्रयास शुरू कर दिया। परंतु गहरा पानी होने के नाते प्रमोद को भी डुबकी लगने लगी। देखते ही देखते प्रमोद और निरंतर दोनों ही पानी में गायब हो गए। तुरंत ही गुन्नौर थाना पुलिस को सूचना देकर अवगत कराया गया मौके पर पहुंचे गुन्नौर थाना प्रभारी वीरेंद्र पाल सिंह पूनिया ने गोताखोरो की मदद से डूबे हुए युवकों की तलाश शुरू कराई। कुछ समय बाद दोनों लोगों को गोताखोरों की मदद से गंगा से बाहर निकाला गया गुन्नौर सीएचसी में एडमिट कराया गया जहां दोनों को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। मौके पर पहुंचे परिवार के लोगों का रो रो कर बुरा हाल है वही परिवार की लोगों की मांग पर पुलिस ने दोनों शवो को सील कर पीएम हेतु भेजा गया है।

# सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता समिति के सम्मानों की घोषणा 24 जुलाई व समिति का 34 वां स्थापना दिवस समारोह तीन जुलाई को

पंकज राघव ब्यूरो संभल

दैनिक समाज जागरण सम्भल। सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता समिति भारत की बैठक में वर्ष 2022 के सम्मानों की घोषणा 24 जुलाई को जबकि समिति का 34 वां स्थापना दिवस समारोह तीन जुलाई को करने का निर्णय लिया गया। नगर के आचार्य मुक्तेश हकीम रईस इण्टर कालेज में सम्पन्न हुई सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता समिति की बैठक में कार्यों की समीक्षा करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष हरद्वारी लाल गौतम व राष्ट्रीय महासचिव कुसुम ने बताया कि समिति का 34 वां स्थापना दिवस समारोह तीन जुलाई को सायं चार बजे से महरिशी महर्षि दयानंद जूनियर हाईस्कूल आर्य समाज मंदिर सम्भल में मनाया जाएगा ।जिस-ाकी व्यवस्था के लिए राष्ट्रीय महाप्रबंधक रूबी के नेतृत्व में चार सदस्यीय एक उपसमिति का गठन किया गया। जबकि वर्ष 2022 के प्रदेश गौरव, समाज गौरव, सरस्वती, साहित्य रत्न, हिन्दी गौरव, कर्तव्यनिष्ठ, शिक्षक



कर्तव्यनिष्ठ, डॉ भीमराव अम्बेडकर प्रतिभा सम्मान, साबित्री बाई फूले, नन्ही देवी रामस्वरूप, सजग प्रहरी, सर्वपल्ली डॉ राधाकृष्णन,हम्माद अहमद मेमोरियल अवॉर्ड, सम्भल गौरव, समेत सभी सम्मानों की घोषणा 24 जुलाई को होने वाली सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता समिति की बैठक में घोषणा की जायेगी। सम्मानों के चयन के लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष हरद्वारी लाल गौतम की अध्यक्षता में एक उपसमिति का गठन किया गया। जिसका सदस्य डॉ यू सी सक्सेना, डॉ आनन्द कुमार सिंह, सुशील कुमार भगत जी, त्रिवेदी प्रकाश सर्राफ, डॉ ए एच रजा, डॉ शहजाद अहमद, डॉ नितिन दालभ, डॉ राजवीर सिंह , मुशीर खां तरीन, केसर नवाज, नाहिद रजा, कुसुम, रूबी, डॉ स्वदेश सिंह तथा रजनी कान्ता चौहान को बनाया गया। राष्ट्रीय महाप्रबंधक रूबी ने बताया कि समिति की स्थापना दिवस समारोह की व्यवस्था से सम्बन्धित सभी ज़िम्मेदारी राष्ट्रीय सचिव चिंकी दिवाकर, साक्षी शर्मा, साधना सरगम, भारती ठाकुर , नाहिद रजा, रजनी कान्ता चौहान तथा मन्जू सक्सेना को सौपी गई है।

# धर्मगुरु भाईचारे के संदेश के साथ लोगों के बीच जाएं:- राकेश सिंह

समाज जागरण/अखिलेश सिंह

**हरदोई।** आगामी बकरीद और श्रावण मास कावड़ यात्रा के दृष्टिगत थाना पाली मेंउप जिलाधिकारी राकेश सिंह की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक हुई। बैठक में बड़ी संख्या में विभिन्न धर्मों के धर्मगुरु शामिल हुए। उपजिलाधिकारी श्री सिंह ने धर्मगुरुओं से संवाद के दौरान कहा कि हमारे धर्मगुरु भाईचारे के संदेश के साथ लोगों के बीच जाएं। सभी लोग भाईचारे के साथ त्योहार मनाएं। धर्मगुरुओं ने प्रशासन का पूरा सहयोग करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर थाना प्रभारी पाली व क्षेत्र के धर्मगुरु उपस्थित रहे।



# कैबिनेट मंत्री ने नदी के विभिन्न स्थानों पर मोटरबोट पर बैठकर मछली के बच्चे डाले

### *मत्स्य पालन लोगों के जीवन स्तर मे बहुत बदलाव ला सकता है- डॉ संजय निषाद*

समाज जागरण/अखिलेश सिंह

**हरदोई।** कैबिनेट मंत्री मत्स्य विभाग डॉ संजय निषाद द्वारा अपने जनपद भ्रमण के दौरान मत्स्य विभाग को 100 दिनों के आवंटित लक्ष्य के सापेक्ष तहसील बिलग्राम स्थित कटरी बिलुही घाट ग्राम पन्ना पुरवा में मत्स्य संरक्षण



हेतु 50 हजार मछली के बच्चे मत्स्य अंगुलिका डाले गए। कैबिनेट मंत्री ने नदी के विभिन्न स्थानों पर मोटरबोट पर बैठकर मछली के बच्चे डाले। उन्होंने कहा कि मत्स्य पालन लोगों के जीवन स्तर मे बहुत बदलाव ला सकता है। मत्स्य पालन को प्रोत्साहित करने के लिए विभाग के माध्यम से कई योजनाएं चलाई जा रही हैं। लोगों को इनकी जानकारी दी जानी चाहिए। इस अवसर पर, उपजिलाधिकारी बिलग्राम राहुल कश्यप विश्वकर्मा, उपनिदेशक मत्स्य अंजना वर्मा, सहायक निदेशक मत्स्य रेखा श्रीवास्तव व बिलग्राम-मल्लावां विधायक प्रतिनिधि नीरज विद्यार्थी, जिलाध्यक्ष संजय कश्यप आदि उपस्थित रहे।

# सभी लोग संचारी रोग नियंत्रण में पालिका के प्रयासों में सहयोग करें

समाज जागरण/अखिलेश सिंह

हरदोई।अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद मल्लावां मुकेश निगम ने बताया है कि शासन एवं जिलाधिकारी के निदेशों के क्रम में आज नगर



पालिका परिषद मल्लावां में संचारी रोग एवं दस्तक अभियान के अंतर्गत संवेदीकरण बैठक आज कार्यालय नगर पालिका परिषद मल्लावां हरदोई में सम्पन्न हुई। बैठक में बड़ी संख्या में नगर क्षेत्र के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। इस अवसर पर अधिशासी अधिकारी ने कहा कि 1 जुलाई से 31 जुलाई के मध्य संचारी रोग नियंत्रण अभियान चलाया जा रहा है। हमे अपने आस-पास साफ सफाई रखनी है। घरों में जल जमाव न होने दें। सभी लोग संचारी रोग नियंत्रण में पालिका के प्रयासों में सहयोग करें। नगर वासियों ने पालिका प्रशासन को पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।

# यू डाइस फीडिंग बना ब्लॉक संसाधन केंद्र में अवैध कमाई का जरिया

समाज जागरण

**हरदोई।** बेंहदर के खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में इन दिनों यू डाइस फीडिंग के नाम पर अवैध कमाई का जरिया बना हुआ है। ब्लॉक संसाधन केंद्र के खंड शिक्षा अधिकारी के नाक के नीचे उन्ही के ऑफिस में बिना सुविधा शुल्क के डाटा फीडिंग का कोई भी कार्य नहीं किया जाता है। बताते चलें कि ब्लाक संसाधन केंद्र बेंहदर के खंड शिक्षा अधिकारी के कार्यालय में इन दिनों यू डाइस फीडिंग की धूम मची हुई है। वही सरकारी/गैर सरकारी स्कूलों में डाटा फीडिंग का कार्य किया जा रहा है। सरकारी/गैर सरकारी विद्यालयों के यू डायस डाक्यूमेंटस फीडिंग में कार्यालय में कर्मचारी आकाश द्विवेदी जो मूल रूप से कासिमपुर विद्यालय में अनुचर के पद पर कार्यरत है। जो वर्तमान में खंड शिक्षा अधिकारी के कार्यालय में बतौर बाबू के पद पर कार्यरत है। तथा डाटा फीडिंग में आशीष सिंह,शिखर, व आकाश द्विवेदी द्वारा मोटी कमाई 500 से 1000 तक डाटा फीडिंग कराने आने वाले लोगों से वसूली जा रही है। डाटा फीडिंग में मुंहमांगी रकम अगर नहीं दी जाती है तो उपरोक्त सभी लोगों द्वारा संबंधित डैक्यूमेंट को रद्दी समझ कर किसी एक कोने में सड़ने को डाल दी जाती हैं। वहीं दूसरी ओर दिलचस्प बात यह है कि वर्तमान समय में तैनात खंड शिक्षा अधिकारी पवन कुमार सिंह के भतीजे अशीष सिंह जो कंप्यूटर आपरेटर के पद पर तैनात हैं। अब सवाल यह उठता है कि कार्यालय में खंड शिक्षा अधिकारी अपने भतीजे को क्यूं तैनात कर रखा है या फिर अपने पद का नाजायज दुरुपयोग कर रहे हैं। जबकि शासन द्वारा कहा गया है कि अधिकारी अपने परिवार या रिश्तेदार को कार्यालय या अन्य सरकारी संस्थानों में नौकरी पर नहीं रख सकता। बेसिक शिक्षा अधिकारी को इस मामले में जांच करके कानूनी कार्यवाही करनी चाहिए।

# *बाल योग एवं संस्कार शिविर का तीसरा दिन*

### *योग से हमारा आध्यात्मिक विकास होता है- केके अरोड़ा*

### *सांसें हो रही कम आओ पेड़ बचाएं हम- डा मधु पोद्दार*

गाजियाबाद,रविवार,26-06-2022 अखिल भारतीय ध्यान योग संस्थान रजि. के तत्वावधान में सिटी पार्क,स्वर्ण जयंती पुरम में आयोजित बाल योग एवं संस्कार शिविर के तीसरे दिन योगी अशील कुमार जी ने ओ३म की ध्वनि एवं गायत्री मंत्र से सत्र को प्रारंभ किया।उन्होंने शिविरार्थीओ को हाथों,पैरों के सूक्ष्म अभ्यास व ताड़ासन,त्रिकोणासान, कदमताल,वार्मअप करने हेतु जंपिंग,वज्रासन,पदमासन,सूर्य नमस्कार,शवासन का अभ्यास कराया और इसके लाभों की चर्चा के साथ साथ सुन्दर डेमोस्ट्रेशन दिया।
संस्थान के अध्यक्ष श्री के के अरोड़ा जी ने उष्ट्रासन,मंडूकासन, हास्य आसन,तालीवादन करवाया एवं उनके लाभ बताए तथा बच्चों को समझाया कि सुबह उठकर अपने माता पिता को प्रणाम करना चाहिए उनके प्रथम गुरु उनके माता-पिता हैं उनका आशीर्वाद सदैव फलदाई होता है ओर कहा कि योग हमारे शरीर को स्वस्थ्य रखने का अचूक उपाय है और इससे हमारा आध्यात्मिक विकास होता है।
विशेष आमंत्रित डा मधु पोद्दार ने स्वच्छता और पर्यावरण पर अपने विचार रखते हुए कहा सांसें हो रही कम आओ पेड़ बचाएं हम

# दिवंगत परिजनों की याद में बनी संकल्प स्मृति वाटिका

### *नगरपालिका अध्यक्ष मधुर मिश्रा ने पौधारोपित कर किया स्मृति वाटिका का शुभारंभ*

समाज जागरण/अखिलेश सिंह

**हरदोई।** पौधे सृष्टि का आधार है और दीर्घकाल तक हम सभी के दिवंगत परिजनों की यादों को संजोने का कार्य करेंगे, सभी को इस पुनीत कार्य का हिस्सा बनना चाहिए, यह बात आज श्रवण देवी मुक्ति धाम में संकल्प स्मृति वाटिका का शुभारंभ करते हुए नगर पालिका अध्यक्ष सुख सागर मिश्र मधुर ने पौधा रोपित करने के बाद कही। विशिष्ट अतिथि धीरेन्द्र प्रताप सिंह सेनानी एवं प्रीतेश दीक्षित ने संकल्प स्मृति वाटिका को एक अच्छी पहल बताते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण की दिशा में कार्य कर रही टीम संकल्प 1000 के प्रयास सराहनीय है। सभी को अपने जीवन काल मे कम से कम 2 पौधे रोपित कर उसका संरक्षण करना चाहिए। बेसिक शिक्षा विभाग में शिक्षक एवं पर्यावरण संरक्षण की दिशा में कार्य कर रही संकल्प 1000 के श्यामजी गुप्ता ने बताया कि संकल्प स्मृति वाटिका के माध्यम से लोगो का जुड़ाव पौधों से होगा और वो भावनात्मक रूप से अपने



परिजनों की स्मृति को चिर स्थायी बनाने का प्रयास करेंगे। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि अन्य स्थलों को भी इसी प्रकार से हरा भरा करने की मुहिम निरंतर चलती रहेगी। कार्यक्रम में शहर के गणमान्य व्यक्तियों, शिक्षकों, व्यापारियों, छात्रों आदि ने अपने दिवंगत परिजनों की याद में पौधा रोपित कर उसके संरक्षण का संकल्प लिया। परिसर में परिजनों की स्मृति में पौधा रोपित करने तथा पौधों को संरक्षण प्रदान करने संबंधी पोस्टर भी लगाए गए। सभी के आर्थिक सहयोग से बनी इस वाटिका को संरक्षित करने की अपील भी सभी से की गई।कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अविनाश चंद्र गुप्ता, अविनाश मिश्र, भरत पांडेय, श्रवण कुमार मिश्र, शिव प्रकाश त्रिवेदी, राजेश तिवारी, अमित शुक्ल, पंकज अवस्थी, अखिलेश गुप्ता, अशोक सिंह लालू, सचिन मिश्र, संजय चौधरी, अवनीश तिवारी, अनिल दीक्षित, शिवम शर्मा,जीतेश दीक्षित, विवेक सिंह, मनीष चौहान, हरिओम त्रिवेदी, अमित त्रिवेदी, सर्वेश अवस्थी, अभिषेक गुप्ता, राजीव शुक्ला, जेपी सिंह, आशुतोष मिश्र, जी एस सिंह, सत्येंद्र श्रीवास्तव,धर्मेंद्र गुप्ता, अंतर्यामी बाजपेई, नितिन मिश्र, मनीष मिश्र, मयंक मिश्र, पंकज त्रिपाठी, हरिओम मिश्र, रोहित गुप्ता, अजीत शुक्ल, मनोज दीक्षित,अनिल श्रीवास्तव, रवींद्र सिंह, दीपक गुप्ता,अतुल टंडन, विमलेंदु वर्मा, अवनीश गुप्ता, अरुण बाजपेई, नीलम सिंह, बृज किशोर श्रीवास्तव, रोहित सोमवंशी, अशोक कपूर, अमित पाल, गौरव मिश्र, रामकिंकर बाजपेई, अभिषेक सिंह, कल्लू, संजय मिश्रा सहित स्थानीय नागरिक एवं बेसिक शिक्षा विभाग के शिक्षक उपस्थित रहे।

# हरदोई पुलिस अन्तरराष्ट्रीय मादक द्रव्य निषेध नशा मुक्ति/निवारण दिवस पर ली शपथ

समाज जागरण/अखिलेश सिंह

**हरदोई।** प्रत्येक वर्ष 26 जून को अन्तरराष्ट्रीय मादक द्रव्य निषेध नशा मुक्ति/निवारण दिवस मनाया जाता है। जिससे दुनिया में ज्यादा से ज्यादा लोगों को नशे की लत और उससे होने वाली मौतों से बचाया जा सके। प्रधानमंत्री भारत सरकार व गृह मंत्री भारत सरकार द्वारा इस अवसर पर संदेश जारी करते हुए सभी देश-ावासियों से अपील की गई है कि अपने आपको और अपने परिवार को ड्रग्स से दूर रखें। नशीले पदार्थों का दुरुपयोग न केवल समाज को खोखला बनाता है, अपितु नशीली दवाओं की तस्करी से अर्जित धन



देश की सुरक्षा के खिलाफ प्रयोग में लाया जाता है। नशे के विरुद्ध इस युद्ध में बढ़ चढ़ कर हिस्सा ले, अपने आस पास हो रहे नशे के व्यापार की जानकारी सुरक्षा एजेंसियों को दें। सभी लोगों के सामूहिक प्रयास से नशे की समस्या को जड़ से मिटाया जा सकता है। नशे के विरुद्ध लोगों में जागरुकता लाने हेतु दिनांक 12 जून से 26 जून तक ह्यनशे से आजादी पखवाड़ेह्न के दौरान कई जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये गये, जिसमें प्रधानमंत्री व गृह मंत्री के संदेश को लोगों तक पहुंचाया गया। इसी क्रम में आज अपर पुलिस अधीक्षक पूर्व अनिल कुमार यादव एवं क्षेत्राधिकारी बघौली विकास जायसवाल व क्षेत्राधिकारी नगर विनोद कुमार द्विवेदी द्वारा पुलिस कार्यालय में उपस्थित समस्त पुलिस बल को नशे के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान को और तेज करने तथा अधिक से अधिक लोगों को इस हेतु जागरुक करने के निर्देश दिये गये ।

# पुलिस ने आपरेशन पाताल के तहत दो युवकों को तमंचा व कारतूस के साथ किया गिरफ्तार

समाज जागरण/विष्णुकांत बाजपेयी पाली

**हरदोई।** पाली थाना पुलिस ने एसपी के निर्देश पर अपराध नियंत्रण और अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे आपरेशन पाताल के तहत निजामपुर पुलिया पर नाजायज तमंचा और कारतूस के साथ दो युवकों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने दोनों के विरुद्ध शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज करके न्यायालय में पेश किया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। पाली थाना पुलिस क्षेत्र में आपराधिक और असामाजिक तत्वों पर नकेल कसने के लिए पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी के निर्देश पर चलाए जा रहे आपरेशन पाताल के




तहत अभियान चलाकर कार्रवाई कर रही है। इसी क्रम में रविवार को क्षेत्र में शांति एवं सुरक्षा ड्यूटी पर तैनात उपनिरीक्षक संदीप यादव ने हमराही पुलिसकर्मी कांस्टेबल राजेश कुमार, विजेंद्र कुमार, गौरव कुमार, अबनेश कुमार के साथ निजामपुर पुलिया के पास दो युवकों को संदेह के आधार पर रोका। जामा तलाशी में पुलिस को दोनों युवकों के पास से नाजायज तमंचा व कारतूस बरामद हुए। पूंछताछ में युवकों ने अपना नाम देशराम पुत्र रामशंकर, श्याममूर्ति पुत्र सुरेशचंद्र निवासी ग्राम इस्सेपुर थाना हरपालपुर बताया। प्रभारी निरीक्षक इंस्पेक्टर सुनील दत्त कौल ने बताया कि युवकों के विरुद्ध पाली थाने में शस्त्र अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से दोनों को जेल भेज दिया गया। प्रभारी निरीक्षक श्री कौल ने बताया कि ऑपरेशन पाताल के तहत भविष्य में भी अपराधिक और असामाजिक तत्वों के विरुद्ध का-र्रवाई जारी रहेगी।

# आक्सीजन सिलेंडर फटने से दो रेल कर्मी समेत चार घायल

### *रेलवे ट्रैक पर काम करते समय फटा ऑक्सीजन सिलेंडर*

समाज जागरण/ अखिलेश सिंह

**बघौली-हरदोई।**बघौली थाना क्षेत्र में रेलवे ट्रैक पर काम करते समय ऑक्सीजन सिलेंडर फटने से दो रेलवे कर्मचारियों व दो दिहाड़ी मजदूर घायल हो गए।घायलो को स-रकारी एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कछौना लाया गया जहां पर चिकित्सकों द्वारा उनकी गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार करीब ग्यारह बजे बघौली रेलवे स्टेशन के पास रेलवे ट्रैक पर काम चल रहा था। बताया जाता है कि यहां पर बीसीएम मशीन से पत्थर छानाई हो रही थी।वही रेलवे ट्रैक पर काम करने में ऑक्सीजन सिलेंडर की आवश्यकता पड़ती है।यहां पर



रविवार को भी काम चल रहा था और रेलवे के दो कर्मचारी और दो दैनिक मजदूर ऑक्सीजन सिलेंडर लेकर पहुंचे थे।जैसे ही मजदूरो ने ऑक्सीजन सिलेंडर नीचे जमीन पर रखा उसी ऑक्सीजन सिलेंडर में ब्लास्ट हो गया।ऑक्सीजन सिलेंडर फटने से चारों लोग घायल हो गए। घटना की सूचना पर पहुंची सरकारी एंबुलेंस के एमटी संदीप कुमार व पायलट गया प्रसाद यादव ने तत्परता दिखाते हुए सभी घायलों को सरकारी एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर आये। जहां पर चिकित्सक डॉ शक्ति सिंह ने हालात को गंभीर देखते हुए सभी को जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।
रेलवे ट्रैक पर काम कर रहे दैनिक मजदूर नरेश पुत्र रतन लाल निवासी रामपुर बरेली गुड्डू पुत्र सूबेदार निवासी बरुआदाह थाना बघौली हरदोई के साथ रेलवे कर्मचारी लालबाबू मेहता पुत्र रामदेव मेहता निवासी बिहार व गुलाब सिंह पुत्र बालाराम निवासी यमुना नगर हरियाणा घायल हो गए।रेलवे के सुपरवाइजर धर्मपाल ने बताया कि आक्सीजन सिलेंडर फटने की वजह से उक्त हादसा हुआ है।

# विधायक रामपाल वर्मा ने कार्यकताओं के साथ सुनी पीएम मोदी के 'मन की बात'

समाज जागरण/ अखिलेश सिंह

**हरदोई।** बालामऊ विधायक रामपाल वर्मा ने रविवार को कछौना मंडल के ग्राम रैसों के बूथ संख्या 238 पर पहुंचकर पार्टी कार्यकताओं के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सुना। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को रेडियो कार्यक्रम मन की बात के 90वें संस्करण के तहत देश को संबोधित किया। उनका यह रेडियो कार्यक्रम सुबह 11 बजे से ऑल इंडिया रेडियो, दूरदर्शन, ऑल इंडिया रेडियो न्यूज और मोबाइल एप पर प्रसारित किया गया। पीएम मोदी ने आज मन की बात कार्यक्रम की शुरूआत देश में साल 1975 में लगाई गई इमर्जेंसी के साथ की। उन्होंने इसे देश के इतिहास का काला अध्याय बताया। इसके बाद उन्होंने देश को अंतरिक्ष क्षेत्र में प्राप्त उपलब्धियों, खेलों में युवा भारतीय खिलाड़ियों के उम्दा प्रदर्शन, को-



विड-19 के खिलाफ सावधानी बरतने की अपील, हिमांचल प्रदेश में चलने वाली अनोखी साइकिल रैली और देश में जल्द आयोजित हो रहे शतरंज ओलंपियाड पर विस्तार से संबोधित किया। पीएम मोदी के मन की बात कार्यक्रम के समापन के बाद क्षेत्रीय विधायक रामपाल वर्मा ने कार्यकताओं से कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में देश का तेजी से विकास हो रहा है। देश हर क्षेत्र में नए नए आयाम स्थापित किए जा रहे हैं। आजादी का अमृत महोत्सव कर्त्तव्यों के जिम्मेदारी से निर्वहन के संकल्प और साधना का मूल मंत्र है। उन्होंने बताया कि यशस्वी प्रधानमंत्री के कुशल निर्देशन में अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्ति को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए कई जनकल्याणकारी योजनाएं चलाई गई हैं, जिसका तबके को सीधे लाभ मिल रहा है। विधायक ने पीएम मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सामाजिक चेतना का माध्यम बताया है। उन्होंने कहा कि देश-ावासियों को कार्यक्रम के माध्यम से प्रधानमंत्री द्वारा किए जाने वाले आह्वान पर अमल करना चाहिए। विधायक ने साथ ही यह कहा कि प्रदेश में सीएम योगी के नेतृत्व में तेजी से विकास कार्य हो रहा है। विपक्षी दल इससे परेशान हैं। उनके पास कोई मुद्दा नहीं है। इसलिए वे झूठ व नफरत फैलाने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन उनके मंसूबे कभी कामयाब नहीं होंगे। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष नवीन पटेल, पूर्व जिला महामंत्री अरविंद शुक्ला, जिलामंत्री किसान मोर्चा प्रदीप सिंह पिंटू, शिवम मिश्रा, दुर्गेश सिंह, धर्मेंद्र सिंह, अर्जित वर्मा व बूथ अध्यक्ष सहित दर्जनों पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# उत्तर प्रदेश के उपचुनावों में भाजपा की विजय पर भाजपाइयों ने बांटी मिठाई

समाज जागरण/अखिलेश सिंह

**हरदोई** । प्रदेश के रामपुर और आजमगढ़ लोकसभा उपचुनावों में भाजपा की विजय की सूचना मिलते ही भाजपा कार्यालय पर भाजपा जिलाध्यक्ष सौरभ मिश्र ने कार्यालय के बाहर लड्डू खिलाकर खुशी का इजहार किया ।इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि यह विजय केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार व उत्तर प्रदेश के योगी सरकार की




जनकल्याणकारी नीतियों की विजय है ।जनता ने मोदी जी व योगी जी की लोकप्रियता पर मुहर लगाते हुए धनबल, बाहुबल, जातिवाद और तुष्टिकरण की राजनीति का सफाया किया है ।
सौरभ मिश्र ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंच रहा है । जिससे आम जनमानस में भाजपा के प्रति विश्वास बढ़ा है । इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष संदीप सिंह , जिला उपाध्यक्ष प्रीतेश दीक्षित, जिला महामंत्री सत्येंद्र राजपूत , कार्यालय मंत्री अतुल सिंह , प्रचार मंत्री संदीप अवस्थी, सत्यम शुक्ला , हर्षित मिश्र, जितेंद्र हरिदास ,प्रभु मिश्र , सूरज भदौरिया , शोभित शुक्ला , अरविंद यादव आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे ।

# आबकारी व पुलिस टीम ने की छापेमारी, पकड़ी शराब

समाज जागरण/अखिलेश सिंह

**पाली-हरदोई।** जिलाधिकारी अविनाश कुमार एवं पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी के निर्देश पर कच्ची शराब का कारोबार करने वालों के विरुद्ध चलाये जा रहे प्रवर्तन अभियान के तहत जिला आबकारी अधिकारी रविशंकर के नेतृत्व में आबकारी विभाग एवं पुलिस की संयुक्त टीम ने थाना बेहटा गोकुल क्षेत्र के अलग- अलग गांवों सिरोमन नगर,कोठिला,बेहटागोकुल,नगला खानपुर में दबिश दी गई।दबिश के दौरान तलाशी में लगभग 150 लीटर कच्ची शराब तथा लगभग 250 किलोग्राम लहन ,शराब भट्टी व शराब बनाने के अन्य उपकरण बरामद किये गये। शराब एवं उपकरणों को कब्जे में




लेते हुए लहन को मौके पर ही नष्ट करा दिया गया। महिला सहित 11 व्यक्तियों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही करते हुए जेल भेज दिया गया। दबिश के दौरान आबकारी निरीक्षक शाहाबाद नेहा सिंह मय आबकारी स्टॉफ एवं थाना बेहटागोकुल से प्रभारी निरीक्षक ओमप्रकाश सिंह मय पुलिस टीम मौजूद रहे।

# मानसिक चिकित्सा शिविर में मरीजों को मिला मुफ़्त इलाज

### *प्रधानमंत्री के आह्वान पर शिवपाल सिंह जन कल्याण संस्थान ने की गोष्ठी, चिकित्सकों ने 25 मनोरोगियों को दी दवा और परामर्श*

समाज जागरण/अखिलेश सिंह

**हरदोई।** शिवपाल सिंह जन कल्याण संस्थान ने रविवार को धर्मशाला रोड की नटबीर पुलिया स्थित मिशन आत्मसंतुष्टि कार्यालय पर मानसिक स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर का अयोजन किया। इस शिविर में जिला चिकित्सालय के मानसिक रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रदीप कुमार एवं साइकोथेरेपिस्ट डॉ. अंशुल सूरी




की टीम ने मानसिक रोगियों की निःशुल्क चिकित्सकीय जांच कर उचित परामर्श दिया। इस दौरान चिकित्सकीय स्टाफ वरुण कुमार एवं संजय कुमार वर्मा भी मौजूद रहे। शिवपाल सिंह जनकल्याण संस्थान की अध्यक्ष प्रीती सिंह एवं प्रबंधक राजवर्धन सिंह राजू भइया ने बताया कि चिकित्सा शिविर में नटबीर पुलिया स्थित मिशन आत्मसंतुष्टि के मानसिक अस्पताल में रह रहे मनोरोगियों की निःशुल्क चिकित्सकीय जांच करवाई गई। इसके साथ ही जनपद के कई अन्य मरीजों ने भी जांच, दवा और परामर्श प्रदान किया गया। इस दौरान जांच करवाने आए मरीजों को दवा के साथ परामर्श भी पूरी तरह निःशुल्क प्रदान किया गया। प्रबंधक राजवर्धन सिंह राजू भइया ने बताया कि इस सोमवार को लगातार दूसरी बार चिकित्सा शिविर लगवाया गया था, इसमें 25 मनोरोगियों को इलाज किया गया। इस दौरान नशा मुक्ति दिवस पर उपस्थित लोगों ने नशा न करने और न करने देने का संकल्प लिया।

# कानपुर में यूपी एम टी ए मतदान परिणाम के पहले ही श्याम - लवी को दी बधाइ

सुनील बाजपेई

**कानपुर।** आज यहां रविवार को भारी शोर शराबे और गहमा गहमी के बीच यूपी में ट्रांसपोर्टरों की सबसे बड़ी संस्था यूपी मोटर्स ट्रांसपोर्टर एसोसियेशन (यूपी एम टी ए) का

### *कानपुर में ट्रांसपोर्टरों ने किया यूपी एम टी ए के लिए मतदान*
### *- चर्चा में रही श्याम गुट के बाजी मारने की प्रबल सम्भावना*
### *- मौके पर पुलिस बल भी रहा मौजूद*

चुनाव ट्रांसपोर्ट भवन में सम्पन्न हो गया। इस दौरान स्थानीय पुलिस बल भी मौजूद रहा। वहीं यूपी एम टी ए के इस चुनाव में जीत के लिए रुझान के मामले में श्याम गुट अपने विरोधियों से बहुत आगे नजर आया। जबकि अन्य गुट भी इसी इरादे से अपनी ताकत झोकते नजर आये। ट्रांसपोर्ट व्यवसाय से जुड़े सूत्रों की माने तो श्याम शुक्ला गुट को जिस तरह से यूपी एम टीए के ट्रांसपोर्टर सदस्यों का भारी समर्थन मिला है। उसके फलस्वरुप यह गुट बाजी मार ले जाने में अवश्य ही सफल हो




सकता है ,जिसकी वजह श्याम गुट द्वारा ट्रांसपोर्टर सदस्यों और उनके कर्मचारियों के हित में किए गए 21 सूत्रीय वायदे भी माने जा रहे हैं। फिलहाल आज रविवार को भारी गहम गहमी के बीच प्रत्याशियों का भाग्य मतपेटियों में कैद होने के दौरान श्याम गुट की जीत की प्रबल सम्भावना के मद्देनजर लोग श्याम शुक्ला और लवी गांधी को अग्रिम बधाई भी देते नजर आये।

# शाहूजी महाराज जी ने नारी समाज में व्याप्त अशिक्षा को खत्म करने का बीड़ा

छत्रपति शाहू जी महाराजे की 148वीं जयंती के पूर्व संध्या के अवसर पर आयोजित जयंती समा-रोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में सम्मिलित हुऐ मंत्री आशीष पटेल शाहूजी महाराज जी ने नारी समाज में व्याप्त अशिक्षा को खत्म करने का बीड़ा उठाया भारत के इतिहास में वह पहले राजा थे, जिन्होने 25 जुलाई 1917 को प्राथमिक शिक्षा को अनिवार्य एवं निःशुल्क कर दिया इसके पहले 1912 में लडकियों की शिक्षा पर विषेश जोर दिया था। 500 से 1000 तक की जनसंख्या वाले प्रत्येक गॉव में लडकियों के लिए स्कूल खुलवाया। ये बाते छत्रपति शाहूजी महाराज स्मृति मंच एवं अनुसूचित जाति/जनजाति चिकित्सा शिक्षक संघ के संयुक्त तत्वावधान में छत्रपति शाहू जी महाराज जी की 148वीं जयंती के पूर्व संध्या के अवसर पर आयोजित जयंती समा-रोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में आशीष पटेले मंत्री, प्राविधिक शिक्षा, उपभोक्ता संरक्षण बाट एवं माप ने कही। उन्होने कहा कि 1920 में निःशुल्क छात्रावास खुलवाया उन छात्रावासों का नाम प्रिंस शिवा जी मराठा फ्री बोर्डिग हाउस रखा था। हमारे देश में बहुत से राजे रजवाडे थे लेकिन शाहूजी महाराज जी ने जो कोल्हापुर राज्य में मानव व समाज हित में कार्य करते हुए नीव रखी कोल्हापुर ही नही पूरे देश में आज देखने को मिल रही है। किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय के मुख्य द्वार पर स्थापित छत्रपति शाहूजी महाराज जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित कर उनकी जयंती मनाई गयी। जयंती समारोह के मुख्य अतिथि कौशल किशोरे केन्द्रीय मंत्री, आवासन और शहरी कार्य, भारत सरकार ने शाहू जी महाराज को एक लोकप्रिय और दयालु व सदा हितकारी राजा की उपाधि से विभूषित किया। जयंती के अवसर पर अतिथियों द्वारा किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय के चिकित्सकों, कर्मचारियों एवं समाज में उत्कृष्ठ कार्य करने वालों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। सम्मानित सदस्यों में डा0 नरेन्द्र कुमार, डा0 भूपेन्द्र कुमार, डा0 सतीश कुमार, डॉ0 राजेश वर्मा, डॉ0 रवि कुमार सिंह, डॉ0 संजीव कुमार, डॉ0 नीरज आनन्द, डॉ0 अम्बुज यादव, डॉ0 सुमित रूंगटा, डॉ0 अजय कुमार पटवा, डॉ0 जितेन्द्र राव, डॉ राकेश कुमार दीवान, डॉ0 शालिनी कौशल, शैलेन्द्र कुमार, ओम प्रकाश राव, सुशील कुमार विद्यार्थी, अनिल कुमार सिंह, गौतम बाल्मिकी, पूनम बाला, राजेश कुमार सिंह, रमादेवी, राजेश सिद्धार्थ, राम पुकार प्रसाद, राम निवास पासवान, राजकुमार वर्मा, सुधाकर अहिरवार, राकेश कुमार रावत, पंकज प्रसून, राजेश कुमार, ज्योती अग्रवाल आदि लोगो को सम्मानित किया गया।

# महिला ने लगाया थानेदार पर पक्षपात का आरोप
## कोतवाल के खिलाफ मामला पहुंचा मुख्यमंत्री दरबार

समाज जागरण
मनोज यादव ब्यूरो ब्यूरो अमेठी



जगदीशपुर -अमेठी। दलित महिला ने स्थानीय थानेदार से जान माल की हिफाजत ,अभद्रता तथा पक्षपात का आरोप लगाते हुए पुलिस कप्तान सहित आलाधिकारियों से हुई शिकायत की सुनवाई न होने के कारण महिला ने मुख्यमंत्री के दरबार पहुंच कर मदद की गुहार लगाई है। जगदीशपुर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत थौरी निवासी दलित पीड़िता पूनम ने प्रार्थना पत्र देकर बताया कि बीते 13 मई को प्रार्थना पत्र के माध्यम से गांव के ही ओम प्रकाश (सब इंस्पेक्टर उ प्र पुलिस) शिक्षा विभाग में बतौर सहायक बेसिक शिक्षा अधिकारी शत्रोहन व शिक्षा विभाग में अध्यापक के पद पर कार्यरत चन्द्र प्रकाश आदि लोगों द्वारा मारा पीटा गया तो इन लोगों के खिलाफ स्थानीय कोतवाली में सुनवाई न होने पर पीड़ित महिला ने पुलिस अधीक्षक अमेठी पुलिस महानिरीक्षक अयोध्या पुलिस महानिदेशक लखनऊ महिला आयोग सहित सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दरबार में पहुंच कर शिकायत की और कहा कि कोतवाल ने पक्षपातपूर्ण रवैया अपनाते हुए मेरी तहरीर सिपाही द्वारा बदलवा कर जबरन हस्ताक्षर करवा लिया गया था सांसद महोदया के हस्तक्षेप के बाद दबंगों पर मामला दर्ज हुआ और वहीं महिला ने प्रभारी निरीक्षक पर गम्भीर आरोप लगाते हुए कहा कि रात 11:30 बजे तक थाने में बैठाए रखा और अशब्द बातें करते हुए कहा कि मैंने तो पहले ही कहा था कि मेरा कहना मान लो मैं तुम्हारे विपक्षियों को जेल भेज दूंगा । तुमने मेरी बात न मानकर पुलिस अधीक्षक अमेठी के पास पेश हो गई अब देखता हूं कि कप्तान क्या कर लेंगे और तुम्हारे ऊपर दो तीन मुकदमे लिख डालूंगा और तुम्हारी जमीन पर भी कब्जा करवा दूंगा जो करना है कर लो देखता हूं तुम्हें कौन बचाएगा यहां के कप्तान और सीओ वहीं करेंगे जो हम चाहेंगे अब तुम्हारा सामान कप्तान ही दिलाएंगे और उल्टा तुम्हें जेल की हवा भी खिलाऊंगा ।शिकायत से खार खाए कोतवाल मेरे पीछे पड़े हुए हैं और मुझे और मेरे परिवार को थानेदार से खतरा बना हुआ है जिसकी गुहार मुख्यमंत्री दरबार मे लगा चुकी है ।

### पीड़ित महिला कौन है

पीड़ित महिला पूनम भाजपा महिला मोर्चा की कार्यालय प्रभारी है अगर इस भाजपा सरकार में महिला नेत्री को न्याय नहीं मिला रहा है तो आम जनता का क्या आलम होगा ? अब देखना यह होगा कि सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इस मामले में क्या करेंगे ।

### थानेदार को बचाने में जुटे अधिकारी

जगदीशपुर कोतवाली आए दिन सुखियों में बना रहता है आरोप पर आरोप लग रहे हैं फिर भी आलाधिकारी थानेदार पर क्यों मेहरबान है क्या सत्ता पक्ष के नेताओं के दबाव में आलाधिकारी कार्यवाही करने से कतरा रहे हैं याकि बचाने के एवज में मोटी रकम मिल जाती है यह प्रश्न अमूमन जनता में चर्चा का विषय बना हुआ है ।

# हिस्ट्रीशीटर के परिवार संग पड़ोसी भी फरार

समाज जागरण
प्रमोद साहू बिहार प्रतापगढ़:



जेठवारा के पतुलकी गांव में शनिवार को दरोगा को दांत काटकर भागने वाले हिस्ट्रीशीटर के परिवार के सभी सदस्यों के साथ ही पड़ोसी भी फरार हो गए हैं। गांव में सन्नाटा पसरा है। रविवार को चार गाड़ियों से पहुंची पुलिस करीब 40 मिनट तक हिस्ट्रीशीटर के घर के आसपास टहलती रही।जेठवारा थाने पर तैनात ट्रेनी सीओ विनय प्रभाकर साहनी के साथ पुलिस टीम शनिवार सुबह पतुलकी गांव निवासी राजेश यादव उर्फ मुन्ना पकड़ लिया। राजेश थाने का हिस्ट्रीशीटर (182-ए) है। हालांकि राजेश दरोगा मुसाफिर यादव को दांत काटकर भाग निकला। पुलिस ने मौके से राजेश के पिता रिटायर फौजी पृथ्वीपाल और पुत्र आकाश को हिरासत में ले लिया। देरशाम दरोगा मुसाफिर यादव की तहरीर पर राजेश यादव सहित छह लोगों को नामजद करते हुए 8-10 अज्ञात के खिलाफ पुलिस टीम पर हमला करने और सरकारी कार्य में बाधा की रिपोर्ट दर्ज की गई। इसके बाद आरोपित के परिवार के साथ ही पड़ोस के भी घर के सभी सदस्य फरार हो गए। रविवार सुबह करीब नौ बजे जेठवारा पुलिस चार गाड़ियों से हिस्ट्रीशीटर के घर पहुंची। पुलिसकर्मी करीब 40 मिनट तक वहां मौजूद रहे और इधर उधर डंडा पटकते रहे। इस दौरान गांव के लोग भी सहमे रहे।

# निमार्णाधीन राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज की दीवर गिराने पर विधायक पर मुकदमा दर्ज

समाज जागरण विश्वनाथ त्रिपाठी प्रतापगढ़

विधायक आरके वर्मा समेत 6 नामजद व 50 अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज,किया गया है रानीगंज विधानसभा के शिवसत में बन रहे राजकीय इंजीनियरिंग कालेज में घटिया निर्माण का मीडिया के सामने दिखाया था नमूना, एक हांथ से धकेलकर गिरायी थी दीवार,

## मुख्यमंत्री के जाते ही विधायक आरके वर्मा पर दर्ज हुआ मुकदमा,

सार्वजनिक संपत्ति नुकसान निवारण अधिनियम की धारा 2 व 3 के अलावा आईपीसी की धारा 147, 504, 506, 427 व 353 के तहत दर्ज किया गया मुकदमा, नोएडा की अमरोंन्ट्रास इंफ्राटेक प्रा.लि. के प्रोजेक्ट मैनेजर इरशाद अहमद की तहरीर पर कंधई थाने में दर्ज हुआ मुकदमा`
हालात यह है कि गुणवत्ता के बहाने विपक्ष के लोग सरकार को बदनाम करने के लिए विभिन्न प्रकार के हथकंडे अपना रहे हैं शायद यह भी इसी साजिश का अंग रहा हो`

# विद्युत कर्मियो ने निकाली एक मुस्त समाधान योजना रैली '

समाज जागरण अरुण कुमार शुक्ल स, सू, सांगीपुर ,,बिजली बिल समस्या समाधान ' योगी सरकार ने किया आसान '' का नारा लगाते हुये,रविवार को विद्युत ब्लाक के सांगीपुर ,दिवान गंज,रामगंज, रेहुवा लालगंज ,अठेहा राहाटीकर, देवरी,आदि बाजारो, मे रैली निकाल कर बिजली बिल के बड़े बकायेदारो को जागरुक किया, एस, डी, ओ, एस ,पी, शुक्ला ने बताया कि यह योजना बहुत ही फायदे मन्द तथा आसान है. इसमे घरेलू, किसानो तथा वडिज्यितक उपभोगताओ के लिये योजना सरकार द्वारा बनाई गयी है ' इस योजना मे ब्याज दर पूरी छूट है ' और जो उपभोगता एक मुस्त नही जमा कर सकता, उसके लिये किस्त का भी योजना बनाई गयी हैं ' इस मौके पर ,जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि, अशोक धर दुवेदी, जे, ई, ब्रिजेश कुमार, कपिल गुप्ता, विवेक यादव, मोनू सोनी समेत दर्जनो लोग मौजूद रहे '




# खुदकुशी की धमकी देकर लापता हुई महिला

समाज जागरण प्रमोद साहू बिहार प्रतापगढ़ः हथिगवां थाना क्षेत्र के एक गांव की युवती की शादी प्रयागराज में हुई है। कुछ दिन पहले वह मायके आई थी। शुक्रवार को वह अचानक हथिगवां इलाके के फोरलेन सड़क पर बने गंगा पुल पर पहुंची। गंगा में कूदकर अपनी जान देने की बात कहते हुए वीडियो बनाया और सोशल मीडिया पर वायरल कर लापता हो गई। जानकारी होते ही हड़कम्प मच गया। पुलिस ने उसे सर्विलांस के सहारे खोजा तो रविवार को उसका बयान दर्ज कर घर जाने दिया।

# किसान कल्याण एसोसिएशन के अध्यक्ष का पंचायत भवन पर आमरण अनशन

समाज कल्याण विश्वनाथ त्रिपाठी

प्रतापगढ़ के जेठवारा थाना क्षेत्र के ग्राम खटवारा पंचायत भवन पर किसान कल्याण एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण पांडे के साथ अपनी मांगों को लेकर सदस्यों का आमरण अनशन। किसान कल्याण एसोसिएशन संघ के जिला अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण पांडे अपने यूनियन के सदस्यों के साथ सरकार से पांच मांगों को लेकर बैठे आमरण अनशन धरने पर।
जिला अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण पांडे ने बताया कि हमारी यूनियन संघ की सदस्य सुनीता देवी वर्मा के परिवार वाले पैतृक संपत्ति में नहीं दे रहे हैं हिस्सा। जिले के आला अधिकारियों से पैतृक संपत्ति में हिस्सा दिलाने के लिए न्याय की गुहार लगा चुकी सुनीता देवी वर्मा को आज तक नहीं मिला इंसाफ।
अपनी आवाज राज्य सरकार केंद्र सरकार व जिले के आला अधिकारियों तक पहुंचाने के लिए सुनीता देवी वर्मा यूनियन के जिला अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण पांडे के साथ बैठी आमरण अनशन पर।
अपनी मांग को लेकर किसान कल्याण एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष व सदस्यों ने बताया कि आवारा पशुओं से किसानों की खेती हो रही है चौपट नहर में समय से छोड़ा जाए पानी पानी समय से मिलने पर किसानों की धान की फसल लगे समय से।
जिला अध्यक्ष व उनकी टीम ने कहा समय से सहकारी समितियों पर उपलब्ध हो खाद एवं बीज सरकार द्वारा ग्राम सभा में विकास कार्य हेतु भेजे गए पैसे गरीबों के लिए गुणवत्ता पूर्व कराए जाएं विकास के कार्य भ्रष्टाचारियों के खिलाफ की जाए जांच। विकासखंड बिहार के सभी ग्राम सभाओं में कराए गए विकास कार्यों में हुए भ्रष्टाचार की की जाए जांच।

##### यमुनापार के भाजपाइयों ने प्रदेश के उपचुनाव के जीत पर मनाया जश्न
# पटाखे फोड़ते हुए एक दूसरे को मिठाईया खिलाई
### केन्द्र व प्रदेश के सुशासन और विकास की जीत है-विभवनाथ भारती

राबेद्र शुक्ला जिला ब्यूरो
दैनिक समाज जागरण

प्रयागराज। भारतीय जनता पार्टी ने रामपुर व आजमगढ़ सीट पर सपा का किला ढहा भाजपा का कमल खिला दिया। आजमगढ़ से दिनेश लाल निरहुआ व रामपुर से घनश्याम लोधी के जीत से यमुनापार में भी भाजपाइयों ने जीत जश्न मनाकर पटाखें फोड़ते हुए एक दूसरे को मिठाई खिलाई।भजिलाध्यक्ष विभवनाथ भारती ने कहा प्रदेश सरकार व केंद्र सरकार के विकास व सुशासन की जीत है। शंकरगढ में जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुर्वेदी ने जश्न मनाते हुए कहा जनता को केवल भाजपा की स्वीकार्य है। जिला कोषाध्यक्ष अनूप केसरवानी ने योगी-मोदी की जीत बताई। मंडल अध्यक्ष कुलदीप सिंह पटेल,सभासद सुजीत केसरवानी,आईटी जिला संयोजक शतीश विश्वकर्मा, जिला सह-मीडिया प्रभारी प्रदीप कुमार मिश्र, उमा वर्मा, सार्थक गुप्ता, राहुल पांडेय,मिथिलेश पान्डेय के साथ किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष अरुण सिंह,युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष सुधाकर पांडे, पिछडा. मोर्चा के जिलाध्यक्ष सुभाष सिंह पटेल,राजेंद्र प्रसाद तिवारी, नाथू गुप्ता,अमरेश तिवारी, विनय शुक्ला, महेश सिंह, श्याम मिश्रा, मोहित तिवारी आदि ने भी जीत पर प्रदेश सरकार एवं नवनिर्वाचित सदस्य को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। जगह-जगह कार्यकर्ताओ ने जश्न मनाते



हुए भारत माता की जय, योगी मोदी जिन्दाबाद के नारे लगाते हुए खुशी का इजहार किया।

# अब्यवस्थित पोल्ट्री फार्म के खिलाफ उतरे ग्रामीण जताया विरोध

समाज जागरण अरुण शुक्ल। लालगंज ,प्रतापगढ` विकास खण्ड लक्ष्मणपुर के ग्रामसभा भोगापुर मे संचालित हो रहे पोल्ट्री फार्म से परेशान ग्रामीणों ने आज विरोध प्रदर्शन कर नाराजगी जताई, विरोध प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों ने आरोप लगया की इस पोल्ट्री फार्म से गन्दगी की भरमार हो गयी है, काफी दूर तक दूषित हवा फैली रहती है जिससे ग्रामीणों को बीमारी की मार झेलनी पड़ती है` भोगापुर,गजराही,अनतपुर, आदि गाँव मे लोग इसकी गन्दगी से बीमार से हो रहे है,ग्रामीणों की माने तो समय से साफ सफाई एवं दवा की छिड़काव न होने से बीमारी की समस्या पुरे क्षेत्र मे फैली हुयी है` इस दौरान ग्राम प्रधान सुनील सरोज, मोनू मिश्रा,नासिर,अरुन पाण्डेय,हसीब,निखिल, नीरज, सतेंद्र,आदि बहुत से लोग मौजूद रहे`

# भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ स्थापना दिवस की तैय्यारी जोरों पर

समाज जागरण विश्वनाथ त्रिपाठी प्रतापगढ़

भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ के 23वें स्थापना दिवस आगामी15 जुलाई 2022 को ब्लाक सभागार कालाकांकर में कुंडा तहसील इकाई के निर्देशन और कालाकांकर ब्लाक के साथियों के संयोजन में भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।उक्त जानकारी संघटन के राष्ट्रीय मुख्य सचिव,मथुरा प्रसाद धुरिया ने दी` धुरिया जी के अनुसार
राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री मुनेश्वर मिश्रा जी की अध्यक्षता और राष्ट्रीय संयोजक, संस्थापक आदरणीय श्री डा भगवान प्रसाद उपाध्याय के संरक्षकत्व में आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न प्रदेशों के कवि, साहित्यकार, रचना कार, पत्रकार भी आमंत्रित किए गए हैं। दो दर्जन से अधिक कवि, साहित्यकार व अनेक विधाओं के पुरोधा के पहुंचने की संभावना है। स्थापना दिवस के कार्यक्रम में बृहद पौधरोपण के साथ ही परियावां निवासी वरिष्ठ पत्रकार, सुपर इंडिया अखबार के सम्पादक और भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ के राष्ट्रीय संरक्षक श्री वृन्दावन त्रिपाठी रत्नेश के 75वें जन्मदिन पर हीरक जयंती भी मनाई जाएगी। सभी पत्रकार बंधुओं से सहभागिता की अपेक्षा जिला संघटन करता है

# हजारों की कीमत से लगी सोलर लाइटें तोड़ रही दम

समाज जागरण मनोज यादव ब्यूरो अमेठी

क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न ग्राम पंचायतो द्वारा हजारों की लागत से तमाम गांवों में लगवाई गई अधिकतर सोलर लाइटों ने दम तोड़ दिया है। जहां बिजली की समस्या को देखते हुए ग्राम पंचायतों ने योजना के तहत रोड़ के किनारे व सार्वजनिक स्थानों पर बिजली जाने के बाद रात के अंधेरे से निजात दिलाने के लिए भले ही सोलर लाइटें लगवाई गई थी लेकिन अधिकतर सोलर लाइटें विभाग की उदासीनता के चलते व मरम्मत के अभाव में खराब पड़ी हुई हैं। जिससे आने-जाने वाले राहगीरों को अंधेरे में रहने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। वहीं बिजली चले जाने के बाद ऐसे स्थानो पर अंधेरा ही अंधेरा नजर आता है। ग्राम पंचायतें चाहे तो खराब सोलर लाइटों की मरम्मत करवा सकती है लेकिन विभाग कोई सुधि नही ले रहा है। जबकि बरसात का मौसम भी आ गया है जहां सड़को व चकरोडो पर बारिश का पानी भर जाने के कारण लोगों को चलना दूभर हो जाता है जहां सोलर लाइटो के जलने से काफी हद तक राहत मिलती है लेकिन इस पर जिम्मेदार विभाग के अधिकारी चुप्पी साधे हुए हैं।



# राष्ट्र के लिए कुछ करने का जज्बा और प्रेरणा देता है मोदी के "मन की बात" कार्यक्रम-दिलीप कुमार चतुर्वेदी

*प्रधानमंत्री द्वारा प्रतिभाशाली लोगों का नाम लेना बडे,सम्मान और गौरव की बात-दिलीप चतुर्वेदी**

*यमुनापार मे 1558 बूथों व 310 सेक्टरों 20 मंडलों मे हुए सफल कार्यक्रम**

*मन के बात सुनने के बाद बूथ समितियों संग बैठक करके लोकसभा चुनाव में जुटने किया आह्वान*

राबेद्र शुक्ला जिला ब्यूरो
दैनिक समाज जागरण



प्रयागराज 26 जून 2022। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के "मन की बात" कार्यक्रम को प्रयागराज यमुनापार के जिलाध्यक्ष विभव नाथ भारती के निदेर्शानुसार 1558 बूथों व 310 सेक्टरों 20 मंडलों मे जिला संयोजक "मन की बात" कार्यक्रम जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुर्वेदी ने योजना बनाकर बूथो पर सफल कार्यक्रम कार्यकर्ताओ पदाधिकारियों के सहयोग से कराया।
प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 90वाँ एपिसोड़ "मन की बात" कार्यक्रम देश, समाज और स्यमं को कुछ राष्ट्र के लिए करने की जज्बा और प्रेरणा देने वाला लोकप्रिय कार्यक्रम है। जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इमरजेंशी में अत्याचार के काले दिनो से लेकर अमृत महोत्सव के 75 वीं वर्षगांठ,अंतरिक्ष, विधार्थियों, खेल प्रेमी युवाओं एवं महिलाओं के साथ भारत की परमपराओं और सस्कृतं धार्मिक व पर्यटक स्थलों व प्रतिभाशाली लोगों के प्रधानमंत्री द्वारा नाम लेने से हमें हमारे समाज को कुछ कर गुजरने की प्रेरणा देती है। उक्त बातें शंकरगढ नगर मे रविवार को आयोजित "मन के बात" कार्यक्रम को जिला संयोजक भारतीय जनता पार्टी के जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुर्वेदी ने मन की बात सुनने के बाद कार्यकताओं को सम्बोधित करते हुए कही साथ ही अपील किया कि अब पुनः आप सब को परिश्रम करके नगर पंचायत व लोकसभा के चुनाव की तैयारियां करके विजय दिलाकर नगरपंचायत अध्यक्ष और केंद्र मे भाजपा की मोदी की सरकार पुनः बनानी होगी। कार्यक्रम में जिला कोषाध्यक्ष अनूप केसरवानी ने कहा हम सभी को अपने बूथों को मजबूत करना होगा। भाजपा मे कार्यकताओं का भविष्य है। राष्ट्रपति प्रत्याशी मुर्मू के साथ अनेकों उदाहरण केवल भाजपा मे दिखाई देती है। नामित संभासद सुधा गुप्ता ने कहा चुनाव मे हम सभी को आपसी सामंजस्य बनाए रखते हुए संगठन के मजबूती पर कार्य करना होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष कुलदीप सिंह पटेल ने करते हुए सभी का आभार जताकर क्षेत्रीय समास्याओं के निदान हेतू शीर्ष नेतृत्व के सामने रखकर जीत का परचम लहराने की बात कही। कार्यक्रम का संचालन सभासद व महामंत्री सुजीत केसरवानी ने किया। इस अवसर पर भाजपा जिला-सह मीडिया प्रभारी व ग्राम प्रधान प्रदीप कुमार मिश्र,मंडल अध्यक्ष युवा मोर्चा संदीप सिंह,मंडल अध्यक्ष महिला मोर्चा उमावर्मा, करुणा पति त्रिपाठी,सोमनाथ वर्मा, शालिनी श्रीवास्तव, सार्थक गुप्ता, नितेश केसरवानी, सुमित त्रिपाठी,सनी केसरवानी,विजय बाबू वैश्य, रामायण सिंह, सुभाष,भीमा आदि कार्यकर्ता पदाधिकारी उपस्थित रहे। वही आईटी विभाग जिला संयोजक शतीश विश्वकर्मा,शोशल मीडिया प्रभारी मिथिलेश पांडेय,सभी मोर्चो के जिलाध्यक्ष,जिला,क्षेत्र पदाधिकारियो,जनप्रतिनिधियो ने भी विभिन्न बूथो पर मन की बात कार्यक्रम को सुना। इसके पूर्व सभी कार्यकताओं एवं पदाधिकारियों ने पं.दीनदयाल उपाध्याय,श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर माल्यार्पण करते हुए मन के बात कार्यक्रम को सुना।सफल कार्यक्रम हेतू जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुर्वेदी ने जिलाध्यक्ष विभवनाथ भारती सहित सभी कार्यकर्ताओ पदाधिकारियो के सहयोग हेतू आभार जताया।

# प्रयागराज हिंसा मामलाः एआईएमआईएम अध्यक्ष के घर नोटिस चस्पा किया गया

राबेद्र शुक्ला जिला ब्यूरो दैनिक समाज जागरण



प्रयागराज : जुमें की नमाज के बाद हिंसा के मामले में आरोपी ठहराए गए एआईएमआईएम के जिलाध्यक्ष के घर पर प्रयागराज विकास प्राधिकरण ने शनिवार को नोटिस चस्पा कर दिया है।
करेली के गौस नगर कॉलोनी में स्थित ज़िलाध्यक्ष शाह आलम के घर पर चस्पा किए गए नोटिस में मकान के निर्माण को अवैध बताते हुए 29 जून को 11 बजे तक जवाब दाखिल करने का समय दिया है। मकान शाह आलम के भाई मकसूद अहमद के नाम हैं ।

### जवाब संतोषजनक नही पाए जाने पर मकान को ध्वस्त किया जा सकता है।

पुलिस के अनुसार शाह आलम ने हिंसा की साज़िश रची थी। इससे पहले प्रशासन ने हिंसा के मास्टरमाइंड जावेद पंप का मकान बुलडोजर से गिरा दिया था।
नोटिस में लिखा है कि नगर नियोजन और विकास अधिनियम 1973 की धारा 14 व 15 के तहत पीडीए से इजाजत लिए बिना अवैध निर्माण किया गया है। दो फ्लोर के इसी भवन में शाह आलम का भी हिस्सा है।
नोटिस में कहा गया है कि भवन बिना नक्शा पास कराए बना लिया गया है। इसकी लंबाई और चौड़ाई 40 ७ 50 फीट है। मकान में रोड वाइंडिंग और सेटबैक करते हुए अवैध निर्माण किया गया है। मकसूद अहमद और शाह आलम का मकान नंबर एक ही है।

# मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन

समाज जागरण मनोज यादव ब्यूरो अमेठी

जगदीशपुर विकासखंड क्षेत्र के अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रानीगंज में मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। प्राथमिक स्वास्थ केन्द्र रानीगंज अधीक्षक डॉ विवेक कुमार ने मरीजों के रजिस्ट्रेशन के बाद जांच उपरांत दवा वितरित कराई।




रविवार को जनपद के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र रानीगंज में मुख्यमंत्री जन आरोग्य स्वास्थ्य मेला पूर्वान्ह से अपरान्ह तक आयोजित किया गया। इस संबंध में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रानीगंज की चिकित्सा प्रभारी डॉ विवेक कुमार ने बताया कि स्वास्थ्य मेलें में , टी0वी0, मलेरिया, दिमागी बुखार रक्तचाप, मधुमेह, फाइलेरिया एवं कुष्ट रोग सम्बन्धी जानकारी एवं आवश्यक जांच एवं उपचार किया गया। बताया कि प्रसव पूर्व एवं प्रसव पश्चात परामर्श सेवायें, नवजात एवं शिशु स्वास्थ्य सुरक्षा परामर्श एवं सेवायें दी जायेंगी। बच्चों में डायरिया एवं न्यूमोनिया के रोकथाम बचाव एवं उपचार की जानकारी एवं सुविधायें दी जायेंगी साथ ही जानलेवा बीमारियों के बचाव हेतु टीकाकरण किया जायेगा। परिवार नियोजन सम्बन्धी परामर्श एवं सुविधायें उपलब्ध करायी जायेगी। इस मौके पर इस मौके पर फार्मासिस्ट सुनील तिवारी, अंबर हामिद, जितेंद्र कुमार, सुभाष चंद्र तिवारी, मनीष कुमार,एएनएम उमा यादव, रितु पांडे, सीएचओ कुसुम व आशा बहुओं सहित आदि लोग मौजूद रहे।

# अमेठी मुसाफिरखाना छत्रिय कल्याण परिषद की मीटिंग संपन्न

समाज जागरण मनोज यादव ब्यूरो अमेठी अमेठी अखिल भारतीय क्षत्रिय कल्याण परिषद की जनपदीय बैठक संपन्न खबर उत्तर प्रदेश के अमेठी जनपद के मुसाफिरखाना ब्लाक के कादू नाला नेवादा का है जहां आज
मुसाफिरखाना के नेवादा ग्राम सभा के बाबा बलदेव दास इंटर कॉलेज में क्षत्रिय कल्याण परिषद की मीटिंग संपन्न हुई जिसकी अध्यक्षता पूर्व प्राचार्य श्भगवान बक्स सिंह द्वारा की गई मुख्य अतिथि त्रिवेणी सिंह पूर्व स्टेशन अधीक्षक रहे बैठक में ब्लॉक एवं जिला का गठन भी किया गया बैठक में परिषदीय के जिला जिला अध्यक्ष युवा चंद्रजीत सिंह संरक्षक फतेह बहादुर सिंह कोषाध्यक्ष ददन सिंह समरजीत सिंह रमाकांत सिंह देवेंद्र सिंह पूर्व सांसद राजकरण सिंह राजकरण सिंह इंद्रजीत सिंह हरि सिंह अवधेश सिंह सहित सैकड़ों पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे बैठक का कुशल संचालन जयसिंह द्वारा किया गया




# अमेठी थाना पीपरपुर पुलिस द्वारा 02 नफर वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

समाज जागरण मनोज यादव ब्यूरो अमेठी

जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में दिनांक 26.06.2022 को उ0नि0 प्रेम प्रकाश थाना पीपरपुर मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0 76/22 धारा 363,364,366,368 भादवि व 16/17 पॉक्सो एक्ट में वांछित 02 नफर अभियुक्त 1.निखिल सिंह उम्र करीब 19 वर्ष पुत्र सर्वेश कुमार सिंह निवासी ग्राम बालचन्दपुर थाना पीपरपुर जनपद अमेठी, 2.रविकरन सिंह उम्र करीब 44 वर्ष पुत्र रामअकबाल सिंह निवासी ग्राम रामपुर मजरे अमेठा थाना धम्मौर जनपद सुल्तानपुर को आसलदेव तिराहे के पास से समय करीब 01:30 बजे दिन में गिरफ्तार किया गया । थाना पीपरपुर द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

# बदरपुर पुलिस की बड़ी कामयाबी।

असम संवाददाता दैनिक समाज जागरण :
बदरपुर पुलिस ने छापेमारी का नेतृत्व बांगा चौकी के आईसी प्रणब मिल्ली ने किया और तीन चोरों को बड़ी संख्या में मोबाइल फोन के साथ गिरफ्तार किया गया। चोरों के नाम माशुक अली (32) अहिदुल आलम (25) कासिम अली (22) लंबे समय से करीमगंज भंगा बदरपुर, पाथारकांडी, नीलम बाजार, रामकृष्ण नगर समेत जिले के विभिन्न इलाकों में मोबाइल फोन व चोरों के समूह ने दहशत पैदा कर रखा है। घर पाथारकांडी



थाना क्षेत्र के दक्षिण करीमगंज के बान्दर कोना गांव में है। स्थानीय लोगों ने तीन मोबाइल चोरों को पकड़ने के लिए पुलिस का धन्यवाद किया।

# जागृति चेरिटेबल संस्था की 31 वीं वर्षगांठ पर निःशुल्क मेडिकल कैंप का हुआ आयोजन

गाजियाबाद रविवार 26 जून 2022 जागृति चैरिटेबल संस्था की 31वीं वर्षगांठ पर निःशुल्क मेडिकल कैंप का आयोजन रविवार,26 जून 2022 को त्रिपाठी हॉस्पिटल एंड ट्रामा सेन्टर ई -14,सेक्टर-9, विजय नगर,गाजियाबाद में संपन्न हुआ जिसमें लगभग 400 रजिस्ट्रेशन प्रातः 9 से दोपहर 12 बजे तक किए गए जिनकी निःशुल्क जांच समाचार लिखे जाने तक ही रही थी। सचिव सीए आलोक गुप्ता ने बताया कि कैंप में प्रातः 9 बजे से फिजिशियन,हड्डी रोग विशेषज्ञ, स्त्री रोग विशेषज्ञ एवं नेत्र रोग विशेषज्ञों द्वारा निःशुल्क परामर्श दिया गया।शिविर में सभी प्रकार की खून की जांच,एक्स-रे, ईसीजी,अल्ट्रासाउंड की सेवाएं निःशुल्क प्रदान की गई।

22 may 2022:Layout 1 6/27/2022 1:24 AM Page 7



# रुपईडीहा कस्बे में कई अवैध स्टैंडों से चल रहे है डग्गामार वाहन परिवाहन विभाग को प्रतिदिन लगा रहे हैं लाखों का चूना

बहराइच। प्रदेश के मुख्यमंत्री ने जिलों के सभी अधिकारियों को अवैध स्टैंड व डग्गामार वाहनों को तत्काल हटाकर कार्रवाई करने का आदेश जारी किया था। लेकिन भारत नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र में अधिकारी उनके आदेशों की धज्जियां उड़ा रहे है। मुख्यमंत्री के आदेश का पालन कुछ दिन पूर्व जिला प्रशासन ने रुपईडीहा कस्बे से अवैध वाहन स्टैंडों पर कार्रवाई करते हुए हटवा दिया था। तथा कई डग्गामार वाहनों को सीज भी किया था। जिससे यहां पर विभिन्न अवैध स्टैंड संचालकों में हड़कंप मच गया था। रुपईडीहा कस्बे में विभिन्न स्थानों पर भारी संख्या में खड़े बस , डबल डेकर बस , ट्रेवलर्स मिनी बसों आदि वाहनों के संचालकों ने अपने अपने स्टैंडों से इन वाहनों को हटा



दिया था। परन्तु एक सप्ताह भी नहीं बीता फिर इन अवैध स्टैंडों से डग्गामार वाहनों का संचालन शुरू हो गया। बताया जाता है कि भारत नेपाल सीमावर्ती रुपईडीहा कस्बे में कई स्थानों से डग्गामार वाहनों का संचालन पहले दिन के उजाले में हों रहा था। जिला प्रशासन द्वारा की गई कार्रवाई के बाद से अब इन वाहनों का संचालन देर शाम से लेकर देर रात तक शुरू रहता है। इन वाहनों में नेपाली यात्रियों को भूसों की तरह भरा जा रहा है। और इन भोले भाले नेपाली यात्रियों से अधिक किराया भी वसूल किया जा रहा है। रुपईडीहा कस्बे के राना पिट्रोल पम्प के निकट दो स्थानों से , चकिया रोड पर स्थित ईदगाह के सामने पुराने ईंट भट्टा पर से बस , डबल डेकर बसों का संचालन किया जा रहा है। इसी प्रकार सीमांत डिग्री कॉलेज के निकट दर्जनों से अधिक प्रतिदिन ट्रेवलर्स मिनी बसों का संचालन किया जा रहा है। स्टैंड संचालक इन वाहनों से अच्छा खासा कमीशन ले रहे हैं। एक ट्रेवलर्स मिनी बस से 3 हजार से लेकर 5 हजार रुपए तक कमीशन वसूला जा रहा है। इन बसों के संचालकों द्वारा नेपाली यात्रियों को अपने जाल में फंसाने के लिए नेपाली भाषा बोलने वाले रिक्शा , आटो रिक्शा चालकों को दलाल के रूप में लगा रखा है। इन नेपाली यात्रियों को नेपाल से लाने पर इन दलालों को प्रत्येक यात्री पर अच्छी खासी कमीशन दी जा रही है। सुबह से लेकर शाम तक नेपाली यात्रियों को दलालों के माध्यम से एक स्थान पर इकठ्ठा किया जाता है। और शाम होते ही बस , डबल डेकर बसों व ट्रेवलर्स मिनी बसों का संचालन शुरू हो जाता है। सूत्र बताते हैं। कि ट्रेवलर्स मिनी बस में 26 यात्रियों के स्थान पर 35 से 40 नेपाली यात्रियों को भूसों की तरह भरकर बैठा दिया जाता है। इस संबंध में ट्रेवलर्स मिनी बस के एक कर्मचारी ने बताया कि रुपईडीहा से ऋषिकेश का किराया एक यात्री का 1800 रुपए लिया जा रहा हैं। जबकि स्टैंड संचालन करने वालो को 18 प्रतिशत कमीशन देना पड़ता है। रुपईडीहा कस्बे के विभिन्न स्थानों से चल रही डग्गामार डबल डेकर बस , बस व ट्रेवलर्स मिनी बसों के बढ़ते वर्चस्व के चलते रोडवेज बसों को प्रतिदिन लाखों रुपयों का चूना लगाया जा रहा है। लेकिन इन अवैध डग्गामार बसों आदि डग्गामार वाहनों के संचालक को रोकने के लिए संबंधित जिम्मेदार अफसर इन अवैध डग्गामार बसों व मिनी बसों तथा आदि डग्गामार वाहनों का संचालन बंद कराने के बजाय करोड़ों रुपये की सालाना अवैध



वसूली में मशगूल है। इन अवैध डग्गामार वाहनों के बढ़ते संचालन से जहां परिवहन परिवहन निगम के अधिकारी व कर्मचारी इन डग्गामार बसों , मिनी बसों आदि अवैध गाड़ियां के संबंध में स्थानीय पुलिस व संबंधित अधिकारियों को कई बार प्रार्थना पत्र भी दे चुके हैं। परन्तु खाऊं कमाऊ नीत के चलते आज तक कोई कार्यवाही नहीं हुई। यात्रा के दौरान तमाम जलालत झेल रही नेपाली यात्री व अन्य सवारियां अब सूबे की भाजपा सरकार को कोसने लगी है। बताया जाता है कि जिन प्रमुख मार्गो पर रोडवेज बसों के संचालन की अनुमति प्रदेश सरकार ने दी है। उन रूट पर सरकार ने प्राइवेट वाहन पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया है। लेकिन भारत नेपाल सीमा क्षेत्र से सटे रुपईडीहा कस्बे में काफी दिनों से कई स्थानों पर अस्थाई बस स्टैंड बना यह डग्गामार वाहन दिल्ली , हरिद्वार , शिमला ऋषिकेश , मुम्बई , हरियाणा , पंजाब , महाराष्ट्र के कई महानगरों आदि महानगरों के लिए चलवाई जा रही है। इन नेपाली यात्रियों को रोडवेज बस स्टेशन पहुंचने से पहले ही रास्ते में ही दलालों द्वारा रोक कर इन डग्गामार बसों व मिनी बसों आदि वाहनों पर बैठा दिया जाता है। इन मार्गों पर रोडवेज बसों के संचालन के अनुमति के बाद पुलिस , एआरटीओ , यातायात के जिम्मेदारों के लूट घसोट के चलते इस प्रतिबंधित रूट पर भी कई दर्जन से अधिक डग्गामार डबल डेकर बस , बस , मिनी बसें आदि डग्गामार वाहन चल रहे है। सूत्रों की माने तो इन प्राइवेट वाहनों से थाना चौकी यातायात पुलिस संबंधित अधिकारी हर वाहन से एक मोटी रकम माहवारी के रूप में बंधी हुई है। गौरतलब है कि यदि इन डग्गामार बसों के अवैध वसूली को ही देखा जाए तो इस मार्ग पर संबंधित अधिकारियों को लाखों रुपए से ज्यादा की रकम हर माह इन सबके बीच बंदरबांट हो रहा है। लेकिन वहीं सरकार के परिवहन विभाग को लाखों रुपए का चूना हर माह लग रहा है। कई बार यह डग्गामार वाहन मार्ग दुर्घटना के शिकार भी हो चुके हैं। जिनमें कई नेपाली यात्रियों की मौत भी हो चुकी है। रुपईडीहा कस्बे में रोडवेज बस स्टेशन होने के बावजूद कस्बे के अंदर से ही अवैध डग्गामार वाहन चलाये जाने के संबंध में जब एआरटीओ प्ररिवर्तन ओपी सिंह से पूछा गया तो उन्होंने बताया कि रुपईडीहा में रोडवेज बस स्टेशन तो है पर अभी तक डिपो का दर्जा प्राप्त नहीं है। इस लिए रुपईडीहा कस्बे से परिमिट वाली गाड़ियां चल सकती है। रुपईडीहा से डग्गामार वाहनों में नेपाली यात्रियों को भूसों की तरह भरा जा रहा है। इस पर उन्होंने कहा कि अधिक सवारियां बैठाने पर अभी तक 20-25 गाड़ियों को सीज किया गया है। इन अवैध रूप से चल रहे वाहनों की प्रतिदिन जांच की जा रही है।

## इनवर्टर चोर को ग्रामीणों ने पकड़ कर किया पुलिस के हवाले।

रुपईडीहा बहराइच। स्थानीय पुलिस ने जनता के सहयोग से एक इनवर्टर चोर को उस समय गिरफ्तार कर लिया जब वह एक घर से इनवर्टर चोरी करके बेचने के लिए जा रहा था। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक रुपईडीहा श्रीधर पाठक ने बताया कि बीती रात माधवराम पुरवा दा0 दुविधापुर निवासी जगदीश पुत्र छेदी के घर में लगा इनवर्टर को एक चोर खोलकर ले जा रहा था तभी गृह स्वामी जगदीश ने देख लिया और शोर मचा दिया




जिससे गांव के काफी लोग इकट्ठा हो गए और घेर कर उक्त चार को ग्रामीणों ने इनवर्टर सहित पकड़ लिया और पुलिस को सूचना दिया। पुलिस टीम मौके पर पहुंच कर उक्त चोर को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए चोर की पहचान मोहम्मद अहमद पुत्र मोहम्मद आलम निवासी नई बस्ती कस्बा रुपईडीहा के रूप में हुई है। पुलिस ने पकड़े गए अभियुक्त के विरुद्ध मु0अ0स0 206/2022 धारा 457/380/411 भादवि पंजीकृत कर जेल भेज दिया। गिरफ़्तार करने वाली टीम मे उ0नि0 शिवम कुमार त्रिपाठी,का0 वरदान कुमार सिन्हा, तथा वादी मुकदमा जगदीश व गांव के ही अलगू पुत्र मैकू निवासीगण माधवराम पुरवा दा0 दुविधापुर थाना रुपईडीहा आदि लोग शामिल रहे।

## रामकथा के तृतीय दिवस पर राजा उत्तानपाद व ध्रुव का प्रसंग सुन भाव विभोर हुए श्रोता

बहराइच। जनपद के तहसील महसी क्षेत्र ग्राम सभा पचदेवरी के मजरा चुरईपुरवा में चल रही संगीतमय श्री राम कथा के तृतीय दिवस पर सैकड़ों की संख्या में भक्तों का जमावड़ा रहा । कार्यक्रम आयोजक अशोक कुमार शुक्ला प्रधानाचार्य बिंदेश्वरी स्मारक इंटर कॉलेज राजी चौराहा व समस्त क्षेत्रवासियों के सहयोग से श्री राम कथा का आयोजन किया गया जिसमें अवधपुरी धाम अयोध्या से आए पंडित उत्तम दास जी महाराज के मुखारविंद से श्रोताओं को राम कथा का रसपान कराया जा रहा है साथ ही आचार्य गंगाधर तिवारी, सहयोगी आचार्य मनीष मिश्रा,राकेश तिवारी , आनन्द तिवारी सहित आचार्यगण द्वारा विधि पूर्वक पूजन संपन्न कराया जाता है जिसको सुनने के लिए दूरदराज से आए पंडित मनोज अवस्थी प्रदेश मीडिया प्रभारी परशुराम सेना प्रकोष्ठ , पंडित स्नेह शुक्ला मंडल मीडिया प्रभारी देवीपाटन मंडल जन युवा शक्ति संगठन भारत , जिला सचिव आनंद सागर मिश्रा, जिला अध्यक्ष बहराइच भोलू तिवारी सहित सैकड़ों की संख्या में भक्तगण मौजूद रहे।

## बीएड प्रवेश परीक्षा के लिए जनपद में बनाये गये 07 परीक्षा केन्द्रों में सम्मिलित होंगे 3044 परीक्षार्थी

### परीक्षा केन्द्रों पर तैनात रहेंगे स्टेटिक मजिस्ट्रेट

बहराइच। शासन के मंशानुसार जनपद में बीएड प्रवेश परीक्षा सकुशल सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक के दौरान जिलाधिकारी डॉ दिनेश चन्द्र ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि शासन द्वारा निर्धारित मानक के अनुसार बीएड प्रवेश परीक्षा सम्पन्न कराने के लिए समय से फुलप्रुफ व्यवस्था सुनिश्चित करायी जाय। परीक्षा केन्द्रों पर सीसीटीवी कैमरे, पेयजल, पृथक महिला एवं पुरूष शौचालय, रैम्प, प्रकाश, पंखा इत्यादि मूलभूत सुविधाएं मुहैया करायी जाय। परीक्षा कक्ष में परीक्षार्थी को किसी प्रकार की इलेक्ट्रानिक गैजेट्स, मोबाइल, कल्क्यूलेटर इत्यादि ले जाने की अनुमति नहीं होगी। जिलाधिकारी डॉ चन्द्र ने यह भी निर्देश दिया कि परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षार्थियो के मोबाइल, सामान इत्यादि सुरक्षित रखने की समुचित व्यवस्था भी की जाय। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि सभी सम्बन्धित अधिकारी शासन द्वारा बीएड प्रवेश परीक्षा सम्पन्न कराने के लिए जारी किये गये दिशा-निर्देशों की भलि-भांति अध्यन कर त्रुटिरहित पारदर्शी परीक्षा सम्पन्न कराने के लिए सभी तैयारी समय से पूर्ण कर ली जाय। उल्लेखनीय है कि आगामी 06 जुलाई 2022 को बीएड प्रवेश परीक्षा दो पालियों प्रथम पाली पूर्वान्ह 09 से 12 तथा द्वितीय पाली अपरान्ह 02 से 05 बजे तक राजकीय इण्टर कालेज, राजकीय बालिका इण्टर कालेज, महराज सिंह इण्टर कालेज, तारा महिला इण्टर कालेज, महिला महाविद्यालय तथा केडीसी के ब्लाक ए व बी परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा सम्पन्न करायी जायेगी। बीएड प्रवेश परीक्षा में 3044 परीक्षार्थी भाग ले रहे है। इस अवसर पर प्रभागीय वनाधिकारी बहराइच मनीष सिंह, मुख्य राजस्व अधिकारी अवधेश कुमार मिश्र, प्रभारी जिला विद्यालय निरीक्षक राजेश कुमार यादव, प्राचार्य केडीसी विनय कुमार सक्सेना, उप जिलाधिकारी सदर सुभाष सिंह धामी, कैसरगंज महेश कुमार कैथल, पयागपुर दिनेश कुमार, अतिरिक्त मजिस्ट्रेट राकेश कुमार मौर्या, जिला कार्यक्रम अधिकारी जी.डी. यादव, जिला प्रोबेशन अधिकारी विनय कुमार सिंह सहित स्टेटिक मजिस्ट्रेट, केन्द्र व्यवस्थापक व अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

## पोलियो करेक्टिव व कॉक्लियर इम्प्लांट सर्जरी के लिए अनुदान योजना का लाभ उठाएं दिव्यांग

बहराइच। जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी ए.के. गौतम ने बताया कि विभाग द्वारा संचालित पोलियो करेक्टिव सर्जरी एवं कॉक्लियर इम्पलांट योजना अन्तर्गत दिव्यांग बच्चों की सर्जरी कराने हेतु विभाग द्वारा अनुदान की सुविधा प्रदान की जा रही है। श्री गौतम ने बताया कि 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो करेक्टिव सर्जरी हेतु रू. दस हजार तथा कॉक्लियर इम्प्लांट सर्जरी के लिए हेतु रू. छः लाख की अनुदान अनुमन्य है। श्री गौतम ने बताया कि इच्छुक एवं पात्रता रखने वाले दिव्यांगजन विकास भवन स्थित उनके कार्यालय में पंजीकरण करा सकते हैं।

## दिव्यांगों के लिए उपयोगी है विशिष्ट दिव्यांगता पहचान पत्र

बहराइच। जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी बहराइच ए.के. गौतम ने बताया कि भारत सरकार सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय द्वारा दिव्यांगजनों के हितार्थ यूनिक डिसऐबिलिटी आईडी कार्ड (यूडीआईडी) जैसी महत्वाकांक्षी परियोजना संचालित की जा रही है। जिसके अन्तर्गत दिव्यांगजनों को यूडीआईडी कार्ड निर्गत५ किये जाते हैं। श्री गौतम ने बताया कि यूडीआईडी कार्ड का लाभ यह है कि कार्डधारक दिव्यांगजनों को अनेक दस्तावेज साथ लेकर चलने की आवश्यकता नहीं होगी, बल्कि केवल इसी एक कार्ड से उन्हें विभिन्न योजनाओं का लाभ भी मिल सकेगा। भविष्य में सरकारी योजनाओं के लिए पात्र दिव्यांगजनों की पहचान व सत्यापन के लिए यह कार्ड एक महत्वपूर्ण दस्तावेज होगा साथ ही यह कार्ड सम्पूर्ण भारत वर्ष में मान्य होगा।

दिव्यांगजन अधिकारी ने बताया कि दिव्यांगजन यूडीआईडी कार्ड बनवाये जाने के लिए अपने नजदीकी लोकवाणी केन्द्र या जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी बहराइच के कार्यालय से सम्पर्क कर अथवा वेबसाइट स्वावलम्बन डाट जीओवी डाट इन पर अपना पंजीकरण करा सकते हैं। पंजीकरण के लिए दिव्यांगता प्रमाण-पत्र, आधार कार्ड, एक अदद नवीन फोटोग्राफ तथा मोबाइल नम्बर की आवश्यकता होगी। श्री गौतम ने बताया कि विशिष्ट दिव्यांगता पहचान पत्र के लिए अब तक 17230 दिवयांगजनों द्वारा आवेदन किया गया है।

## आत्महत्या के लिये प्रेरित करने का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार:-

**दैनिक समाज जागरण विपिन कुमार श्रीवास्तव**

पुलिस अधीक्षक गोण्डा संतोष कुमार मिश्रा ने अपराध एंव अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत वांछित अभियुक्तों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी करने हेतु जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षों को कड़े निर्देश दिए थे।

उक्त निर्देश के अनुक्रम में थाना को0 देहात पुलिस ने आत्महत्या के लिये प्रेरित करने के वांछित अभियुक्त जगदम्बा को गिरफ्तार कर लिया गया। उक्त अभियुक्त ने वादी जुगलाशरण दुबे की पुत्री को आत्महत्या करने के लिये प्रेरित किया था। जिससे वादी की लड़की ने प्रताड़ना




से तंग आकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया था। अभियुक्त के विरूद्ध थाना को0 देहात पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की गयी।

## गुमशुदा लड़के को सकुशल उनके परिजनों को किया सुपुर्द, अपनों से मिलकर बालक के चेहरे पर लौटी मुस्कान

**दैनिक समाज जागरण विपिन कुमार श्रीवास्तव**

पुलिस अधीक्षक गोण्डा संतोष कुमार मिश्रा ने ऑपरेशन मुस्कान के तहत अभियान चलाकर गुमशुदा लड़के/लड़कियों की शीघ्र बरामदगी करने के निर्देश जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षों को दिए थे। उक्त निर्देश के क्रम में गुमशुदा लड़के को थाना खरगूपुर पुलिस द्वारा सकुशल बरामद कर लिया गया।

दिनांक 24.06.2022 को थाना खरगूपुर क्षेत्र के रहने वाले एक युवक द्वारा थाना खरगूपुर में सूचना दी गयी की उनका लड़का दिनांक 19.06.2022 को बिना बताये घर से कही चला गया है और अभी तक घर वापस नही आया है। सूचना पर थाना खरगूपुर में गुमशुदगी दर्ज कर लड़के के सकुशल बरामदगी हेतु थानाध्यक्ष खरगूपुर कुबेर तिवारी के नेतृत्व में टीमे लगायी गयी थी। थाना खरगूपुर पुलिस द्वारा गुमशुदा लड़के को सकुशल बरामद



कर उनके परिजनों को सुपुर्द किया गया। अपनो से मिलकर लड़के के चेहरे पर मुस्कान लौटी तथा परिजनो ने गोण्डा पुलिस को बहुत-बहुत धन्यवाद दिया। उक्त सराहनीय कार्य की आम जनमानस में भी काफी सराहना की जा रही है।

## वन अधिकार आंदोलन के प्रमुख कार्यकताओं की मासिक बैठक गिरजापुरी में

दिनांक 25 जून 2022 को वन अधिकार आंदोलन के प्रमुख कार्यकताओं की मासिक बैठक गिरजापुरी में हुई।बैठक में टाटा इंस्टीयूट आफ सोशल सांइस के कई शोधकर्ता भी मौजूद रहे उन्होने वनग्रामों के राजस्व ग्राम में परिवर्तन के बाद हो रहे विकास कार्यों पर जानकारी लिया। बैठक में ककहरा में एक वन निवासी परिवार पर वन विभाग के द्वारा बुलडोजर से घर गिराने के मुद्दे पर बैठक छाया रहा और रेन्जर ककहरा रामकुमार के विरुद्ध निन्दा प्रस्ताव पारित किया गया।



बैठक को संबोधित करते हुए सामाजिक कार्यकर्ता जंग हिन्दुस्तानी ने कहा कि यह दुःखद बात है कि 23 जून 2022 की शाम को वन विभाग की टीम ने ककरहा निवासी सुरेश जायसवाल के घर में घुसकर तोड़फोड़ की तथा बुलडोजर लगाकर घर को तहस-नहस कर दिया। विरोध करने पर उनकी माता तथा बेटे के साथ मारपीट भी की, जिससे उनकी मां को गंभीर चोट आयी है। यह घटना इस बात को साबित करती है कि वन विभाग वन अधिकार कानून को समझ नहीं पा रहा है और लगातार उल्लंघन कर रहा है।

ग्राम स्तरीय वन अधिकार समितियों के साझा मंच के अध्यक्ष सरोज कुमार गुप्ता ने कहा कि एक ओर मुख्यमंत्री श्री योगी जी की ओर से अधिकारियों को सख्त निर्देश हैं कि गरीब की झोपड़ी पर बुलडोजर की कार्रवाई नहीं होनी चाहिए, यह केवल पेशेवर अपराधियों और भूमाफियाओं के लिए है। गरीब अगर किसी अनधिकृत जगह घर बनवा भी लिया है, तो पहले उसे कहीं घर आवंटित किया जाए, फिर उसकी सहमहित से ही उसे दूसरी जगह पुनर्स्थापित किया जाये फिर वन विभाग की यह कार्यवाही क्यों?

पीड़ित अंकित जायसवाल ने कहा कि उनके पिता सुरेश जायसवाल एक परंपरागत वन निवासी हैं। उनके बाबा लगभग 1914-15 में जंगल क्षेत्र में वनटांगिया मजदूर के रूप में काम करने के लिए यहां आए थे। बाद में जब वनटांगिया पद्धति से जंग लगने का काम चल रहा था तो वन विभाग ने वनटांगिया मजदूरों को ककरहा में जमीन आवंटित कर दी। उसके पिता डायबिटीज से पीड़ित व्यक्ति हैं और दोनों गुर्दे खराब हो चुके हैं। किसी तरह चाय-पानी की दुकान करके अपनी आजीविका चलाते हैं रेंजर ने व्यक्तिगत द्वेष से उन्हें बेघर कर दिया है। पुलिस को तहरीर दी गई है लेकिन रिपोर्ट दर्ज नहीं हुई है।

वन अधिकार आंदोलन के कार्यकर्ता नन्दकिशोर ने कहा कि 2006 में वन अधिकार कानून आने के बाद तथा 2012 के संशोधन के बाद वनबस्ती ग्राम के रूप में ककहरा को स्वीकृति मिली। इसमें ग्राम स्तरीय वन अधिकार समिति का गठन भी हो चुका है और दावा सत्यापन के लिए फार्म उपलब्ध कराया जा रहा है फिर भी वन विभाग ने रेंजर राम कुमार के नेतृत्व में अचानक पहुंचकर गुरुवार की शाम को उनके छप्पर वाले घर को जेसीबी लगाकर तहस-नहस कर दिया और विरोध करने पर परिजनों के साथ मारपीट की। वन विभाग की यह कार्यवाही वन अधिकार कानून-2006 का उल्लंघन है।

वन अधिकार आंदोलन के महासचिव फरीद अंसारी ने कहा कि वन अधिकार कानून के तहत जब तक मान्यता सत्यापन की प्रक्रिया पूरी नहीं हो जाती है तब तक किसी भी वननिवासी परिवार को हटाया नहीं जा सकता है।

वन अधिकार आंदोलन के कार्यकर्ता समीउदीन खान ने कहा कि ककरहा रेंजर की यह कार्यवाही निंदनीय है। अवकाश से वापस होने के बाद प्रभागीय वन अधिकारी श्री आकाशदीप बधावन से इस मुद्दे पर ठोस वार्ता की जाएगी और संतोषजनक कार्यवाही न होने पर वन अधिकार आंदोलन, बहराइच इस मुद्दे को लेकर आंदोलन भी करेगा।

बरसात के बावजूद बड़ी संख्या में वन अधिकार आंदोलन से जुड़े कार्यकर्ता मौजूद रहे और वन विभाग के उत्पीड़न के खिलाफ नारेबाजी की।

## शिक्षा से जुड़े सरकार की विभिन्न योजनाओं पर डाला गया प्रकाश

**दैनिक समाज जागरण विपिन कुमार श्रीवास्तव**

प्रदेश में शिक्षा क्षेत्र में संचालित सरकार की योजनाओं के संबंध में जन जागरूकता बढ़ाने एवं पठन-पाठन के अस्तर में वृद्धि लाने हेतु प्रधानाचार्य संगोष्ठी जिला पंचायत सभागार में मंडलायुक्त देवीपाटन मंडल एमपी अग्रवाल



की अध्यक्षता में आयोजित हुई।

इस अवसर पर सरकार की संचालित शिक्षा से जुड़े विभिन्न योजनाओं पर व्यापक विचार विमर्श किया गया तथा उसे शत प्रतिशत छात्रों व शिक्षण संस्थाओं तक पहुंचाए जाने पर जोर दिया गया।

इस अवसर पर मंडलायुक्त महोदय ने शिक्षा के क्षेत्र में सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं यथा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना, कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना, मिशन शक्ति, इंस्पायर्ड अवार्ड योजना, छात्रवृत्ति से संबंधित योजनाओं, प्रोजेक्ट अलंकार तथा राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान आदि के संबंध में गहन पर चर्चा करते हुए, उन्होंने कहा कि जनपद के समस्त प्रधानाचार्य अपने-अपने स्कूलों में अध्ययनरत छात्र- छात्राओं को इसकी जानकारी से अवगत कराएं तथा पात्र लाभार्थियों को इसका लाभ भी दिलाएं। गोष्ठी को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी डॉ० उज्ज्वल कुमार ने कहां कि वर्तमान समय में शिक्षा की कमी नहीं है एक से एक बौद्धिक व विद्वान प्रबुद्ध जन हुए हैं, जो देश विदेश में जनपद का नाम रोशन कर रहे हैं। उन्होंने शिक्षा जगत से जुड़े सभी शिक्षकों प्रधानाचार्य से अपेक्षा करते हुए कहा कि बच्चों को अच्छी तालीम दे उनमें उनके अभिरुचि अनुसार उन्हें दक्ष व कुशल बनाएं जिससे कि वे अपना तथा परिवार, समाज व जनपद का नाम अंतरराष्ट्रीय क्षितिज पर गौरवान्वित कर सके। उन्होंने कहा कि शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा तमाम योजनाएं संचालित हैं उन सभी योजनाएं का अक्षरशः लाभ बच्चों को मिले यह प्रमुख रूप से सुनिश्चित किया जाना चाहिए।

आयोजित इस संगोष्ठी में प्रधानाचार्य एवं शिक्षक जगत से जुड़े लोगों द्वारा अपने अपने सुझाव भी दिए गए। मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री अभ्युदय योजनान्तर्गत जो भी विषय विशेषज्ञ छात्रों को पढ़ाना चाहते है, जिला समाज कल्याण अधिकारी से संपर्क कर सकते हैं। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज, जिला समाज कल्याण अधिकारी राजेश चौधरी तथा जिला प्रोबेशन अधिकारी संतोष कुमार सोनी ने भी अपने-अपने विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दिए। कार्यक्रम के अंत में जिला विद्यालय निरीक्षक राकेश कुमार द्वारा सभी आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त किया गया आश्वस्त किया गया कि जो भी योजनाएं संचालित है, वह शत प्रतिशत विद्यालयों व शिक्षा जगत तक पहुंचाए जाने का कार्य किया जाएगा। इसमें कहीं कोई कोताही नहीं रखी जाएगी।

संगोष्ठी में सिटी मजिस्ट्रेट अर्पित गुप्ता, संयुक्त शिक्षा निदेशक, जनपद के समस्त प्रधानाचार्यगण सहित अन्य संबंधित माध्यमिक शिक्षा से जुड़े अधिकारी कर्मचारी आदि मौजूद रहे।

## अपना दल (एस) कार्यकताओं ने धूमधाम से मनाई छत्रपति शाहूजी महाराज जयंती

बहराइच। जनपद बहराइच के झिगहाघाट स्थित अपना दल (एस) के जिला कार्यालय पर आज कार्यकताओं द्वारा छत्रपति शाहूजी महाराज की जयंती के कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अभिमन्यु पटेल राष्ट्रीय सचिव युवा मंच रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ सर्वप्रथम छत्रपति शाहूजी महाराज फोटो पर माल्यार्पण कर किया गया वही कार्यक्रम का संचालन योगेश वर्मा ने किया संचालन में सर्वप्रथम सभी कार्यकताओं का एक दूसरे से परिचय कराया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अपने संबोधन के दौरान कहा कि छत्रपति साहू जी महाराज ने बहुत ही कार्य किए उन्होंने अपने जीवन काल में गरीब छात्रों के छात्रावास स्थापित किए वह बाल विवाह पर इमानदारी से प्रतिबंधित दलित और शोषित वर्ग के कष्ट को समझा किसी भी समाज को देश नहीं समझा उन्होंने सामाजिक परिवर्तन की दिशा में जो क्रांतिकारी उपाय किए हैं। वह इतिहास में याद रखे जाएंगे अपने संबोधन के अंत में उन्होंने 2 जुलाई लखनऊ में होने वाली जन स्वाभिमान दिवस कार्यक्रम में अधिक से अधिक लोगों से चलने की अपील की कार्यक्रम का





समापन जिला अध्यक्ष गिरीश पटेल ने किया इस दौरान संदीप चौधरी प्रदेश सचिव विधि मंच , जिला मिडिया प्रभारी श्याम कुमार मिश्रा, विमल वर्मा प्रदेश सचिव , जफेदार वर्मा, प्रमोद वर्मा,वरुण पटेल महासचिव , कोषाध्यक्ष रामकुमार पटेल, अनुरुध वर्मा , धर्मेंद्र चौधरी विधानसभा अध्यक्ष महसी अभिषेक वर्मा , आशीष वर्मा , हरिहर वर्मा , दीपक चौधरी सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## बिजेंद्र कुमार ने संभाला शहर थाने तावडू का कार्यभार लोगों में खुशी की लहर,

**तावडू नसीम खान:**

तावडू, 26 जून : - जिले हुए थाना प्रभारियों के तबादले इंस्पेक्टर बिजेंद्र कुमार ने बतौर थाना इंचार्ज तावडू शहर का कार्यभार संभाल लिया है। वे थाना प्रभारी धर्म सिंह की जगह पर तैनात किए गए हैं। इससे पहले वे नूह सिटी थाना प्रभारी लगे हुए थे। अपना चार्ज संभालने के बाद पत्रकार वार्ता के दौरान उनसे बात करते हुए उन्होंने कहा कि उनके पास आने वाली हर शिकायत का निष्पक्षता से निपटारा होगा, ताकि पीड़ित लोगों को इंसाफ दिलाने में कोई देर न हो। उन्होंने कहा कि शरारती तत्वों पर नकेल कसने के लिए पुलिस की ओर से अपनी ड्यूटी को बखूवी



निभाया जा रहा है। और आगे भी बखूबी निभाया जाएगा। क्षेत्र के लोगों की भी ड्यूटी है कि वे किसी भी संदेहास्पद व्यक्ति अथवा वस्तु को देखें तो तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दें। लोगों के सहयोग से ही क्राइम पर कंट्रोल किया जा सकता है। साथ में बिजेंद्र कुमार ने बताया कि जिस तरीके से कस्बे में बाइक चोरी जैसी घटनाएं हो रही है। उन चोरों व बदमाशों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। बिजेंद्र कुमार ने बताया कि यदि अब भी बदमाशों के हौसले पस्त नहीं हुए तो उनको छिपने के लिए कहीं पर भी जमीन नहीं मिलेगी और प्रेस के माध्यम से क्षेत्रावासियों से आह्वान किया कि यदि आपको किसी भी व्यक्ति पर शक या फिर आपको लगे कि यह चोरियां बदमाश है तो हेल्पलाइन नंबर 112 पर डायल करके सूचना दें ताकि जल्द से जल्द शहर में हो रही बाइक चोरी जैसी घटनाओं पर लगाम लग सके।

22 may 2022:Layout 1 6/27/2022 1:24 AM Page 8



## धमौल पुलिस ने 80 लीटर शराब किया बरामद

पकरीबरावां। धमौल ओपी की पुलिस ने ओपी क्षेत्र अंतर्गत जोगीबीघा गांव में छापेमारी कर बड़ी मात्रा में शराब बरामद किया है। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई की है। इसकी जानकारी देते हुए धमौल ओपी प्रभारी नीरज कुमार ने बताया कि शनिवार को ओपी क्षेत्र के जोगीबीघा गांव में छापेमारी की गई। इस बीच एक खलिहान से 80 लीटर देसी शराब बरामद किया गया। उन्होंने बताया कि शराब बरामद करने के साथ ही उक्त मामलें में केदार चौहान पर प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। उन्होंने बताया कि आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है।

## आपातकाल के विरोध दिवस के अवसर पर जे पी सेनानियों का समागम।

**भागलपुर :---समाज जागरण /राजीब पाण्डेय ।**

आपातकाल के विरोध दिवस के अवसर पर जे पी सेनानियों का समागम समारोह कार्यक्रम संपूर्ण क्रांति मंच भागलपुर के द्वारा बाबा मनोकामना नाथ मंदिर प्रांगण में आयोजित किया गया। जिसमें अतिथि के तौर पर राष्ट्रीय जनता दल जिला अध्यक्ष चंद्रशेखर प्रसाद यादव जी उपस्थित हुए।



जिसमें राजद जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर प्रसाद यादव जी ने जे पी जी को नमन करते हुए कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा सरकार जिस तरह स्वतंत्रता सेनानी को पेंशन देते है उसी तरह जे पी सेनानियों को भी पेंशन देने का काम करें।

आज के कार्यक्रम के उदधाटन कर्ता श्री संजय कुमार सिन्हा जी ने किया। आज के कार्यक्रम में संपूर्ण क्रांति मंच के अध्यक्ष प्रमोद सिन्हा, समाजसेविका नीलम देवी,नीतू देवी, रंजीत मंडल, जयप्रकाश भगत,लखन खटिक,दीपक साह, सुनील साह, नन्द भगत,राजद जिला मिडिया प्रभारी मणजीत ठाकुर आदि सैकड़ों जे पी सेनानियों के कार्यकर्ता गण मौजूद थे।

## गोपालपुर विधायक गोपाल मंडल ने इंजीनियर शैलेंद्र को बताया नाटक बाज, किया अपशब्द का प्रयोग।

**भागलपुर :----समाज जागरण (राजीब पाण्डेय /निभाष मोदी)**

सरकार के पास राशि की कमी होने के चलते नहीं हो रहा समय पर बाढ़ विरोधी कार्य-गोपालपुर विधायक गोपाल मंडल



भागलपुर। नवगछिया में लगातार हो रहे कोसी और गंगा के कटाव पर जदयू के गोपालपुर विधायक गोपाल मंडल ने कहा कि कटाव हो रहा है लेकिन सरकार के पास राशि की कमी है। जिसके कारण दिक्कतें आ रही है वहीं उन्होंने पिछले दिनों कटाव पीड़ितों के द्वारा बिहपुर के बीजेपी विधायक इंजीनियर शैलेंद्र को बंधक बनाए जाने को लेकर पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि इंजीनियर शैलेंद्र नाटक बाज है ।इससे पहले भी वह नाटक कर चुके हैं ।सुरक्षा बढ़ाने को लेकर इस तरह का नाटक करते हैं। अगर वह हमें कहे तब हम उन्हें सुरक्षा और दिलवा देंगे वहीं इस दौरान उन्होंने अपशब्द का भी प्रयोग किया।

## राजद का सदस्यता अभियान के साथ नये जिलाध्यक्ष का मिलन समारोह आयोजित किया गया।

**पीरपैंती :---समाज जागरण /केदारनाथ पाण्डेय ।**

पीरपैती युवा राष्ट्रीय जनता दल के द्वारा सदस्यता अभियान एवं नयें जिला अध्यक्ष बसारूल हक का मिलन समारोह आयोजित किया गया ।युवा राजद अध्यक्ष मुकेश कुमार यादव के नेतृत्व मे यह कार्यक्रम किया गया। इस मौके पर उपस्थित थे प्रदेश अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के महासचिव बिक्रम मंडल, युवा राजद जिला उपाध्यक्ष अंकित, गुड्डू जी, युवा राजद सचिव अनवर आलम, युवा राजद प्रधान महासचिव मो सज्जाद आलम, अजय, कुन्दन, बालकृष्ण, सुबोध, गौतम, मिथिलेश कापरी, चान्द अली, एवं राजद के सम्मानित कार्यकर्ता उपस्थित थे ।सबों ने राजद के सदस्यता अभियान कार्यक्रम को लगातार आगे बढ़ाने पर बल दिया ।



## जहानाबाद के मखदुमपुर कॉमरेड विकास कुमार के अधूरे सपनों को मंजिल तक पहुंचाएंगे:--सन्नी भदानी।

जहानाबाद के मखदुमपुर नगर पंचायत अंतर्गत वार्ड संख्या 03 भानीबीघा में आइसा ( ऑल इंडिया स्टूडेंट एसोसिएशन )के दिवंगत छात्र नेता कॉमरेड विकास कुमार की 11बीं शहादत दिवस माले और आइसा से जुड़े नेताओं ने उनके स्मृति स्थल पर मनाया. कार्यक्रम की शुरूआत 2 मिनट के मौन के साथ उनके स्मृति स्थल पर माल्यार्पण से शुरू हुआ। शहादत दिवस में उपस्थित ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन जहानाबाद जिला संयोजक सन्नी भदानी ने बताया कि कॉमरेड विकास कुमार आइसा के संस्कृति कर्मी और एक बहुत ही जुझारू छात्र नेता थे। पार्टी कार्यक्रम से लौटने के दौरान ट्रेन दुर्घटना में मात्र 21 साल की उम्र में शहिद हो गए थे। हम सब मिल कर कॉमरेड विकास कुमार के सपने को मंजिल तक पहुंचाएंगे। शहादत दिवस में कामरेड विकास कुमार के पिता जी ,उनके परिजन के साथ साथ माले प्रखंड सचिव सतेंद्र रविदास,भागीरथ मांझी,अशोक दास,सहित माले के कई नेतागण मौजूद थे।



## मायागंज अस्पताल के पीछे विसर्जन घाट में एक अधेड़ की मिली क्षत-विक्षत लाश, पुलिस जुटी जांच में।

**भागलपुर :---समाज जागरण /निभाष मोदी ।**

भागलपुर के मायागंज अस्पताल के पीछे विसर्जन घाट में एक अधेड़ की क्षत-विक्षत परिस्थिति में शव बरामद हुआ, घटना के बाबत मृतक के पिता ने बताया कि किसी काम को लेकर वह दियारा गया हुए था, जिसके बाद वापस नहीं आने पर उनका काफी खोजबीन किया, लेकिन उसका पता नहीं चल पाया, 24 घंटे बाद जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज अस्पताल के पीछे विसर्जन घाट पर उनका क्षत-विक्षत परिस्थिति में शव बरामद हुआ। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंचे परिजन ने कहा कि उनकी हत्या कर शव को फेंका है। मृतक व्यक्ति की पहचान सियाराम मुसहर के पुत्र मोती कुमार के रूप में हुई है। इधर घटना की सूचना मिलने पर नाथनगर पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर जांच पड़ताल में जुट गई है। मृतक मोती के शरीर के कई अंगों में चोट का निशान है जिससे कयास लगाया जा रहा है कि उनकी हत्या कर शव को फेंका गया है। देखना अब यह होगा कि मोती की हत्या की गई है या फिर संदिग्ध परिस्थिति में उनकी मौत हुई है।

## प्रेम प्रसंग विवाह करना फ्लिपकार्ट डिलीवरी बॉय को पडा महंगा, गला रेत हत्या कर शव को फेंका बहियार मे।

**भागलपुर :---समाज जागरण (राजीब पाण्डेय /निभाष मोदी)।**

हबीबपुर थाना क्षेत्र के भैरवपुर में एक युवक को प्रेम प्रसंग विवाह करना महंगा पड़ गया,। दरअसल मृतक के मां के कथनानुसार शादी के बाद मृतक की पत्नी जमीन में हिस्सा मांग रही थी, ।जिसको लेकर अक्सर घर में विवाद होते रहता था, मृतक के मां ने बताया की मेरे बेटे ने प्रेम विवाह किया था। जिसको लेकर मृतक की पत्नी आए दिन घर में जमीन को लेकर विवाद करती रहती थी,। नहीं देने पर कई बार जान मारने का भी प्रयास किया गया था,। हालांकि मृतक के पत्नी पर मृतक की मां आरोप लगा रही है कि जमीन नहीं देने को लेकर उसके बेटे की हत्या बहू के भाई ने कर दिया है,। यह घटना सुबह तकरीबन 07 से 08 के बीच की है ।इधर घटना की सूचना मिलने पर परिजन घटनास्थल पर पहुंचे और दहाड़मार कर रोने लगी,। बताया जा रहा है कि पहले किसी ने फोन कर उसे घर से बुलाया, और उनको सुनसान बहियार में बेरहमी तरीके से पीटकर पहले उसे घायल किया ।, फिर गला रेतकर हाथ पैर भी धारदार हथियार से काट दिया,। जिससे कि उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई,। ग्रामीणों ने जब बहियार में लहूलुहान शव को देखा तो इनकी सूचना परिजनों को दी।परिजन घटनास्थल पर पहुंची और इनकी सूचना पुलिस को दी,। मौके पर पहुंची पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है, हबीबपुर थानाध्यक्ष संजय कुमार सत्यार्थी अपने दल वलों के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और मृतक के पास से एक मोबाइल भी बरामद किया गया है। उम्मीद जताया जा रहा है कि इस मोबाइल के जरिए इस केस का खुलासा हो पाएगा ।कयास लगाया जा रहा है कि उनकी हत्या एक बगीचे में कर शव को बाहर फेंक दिया है,। जिस जगह हत्या हुई है उस जगह पुलिस ने दो जोडी चप्पल भी बरामद किया है। घटनास्थल पर सिटी एएसपी शुभम आर्य ने भी पहुंच कर घटनास्थल का मुआयना किया और कहा जल्द अपराधियों को पकड़ा जाएगा। मृतक युवक की पहचान रंजीत यादव के 32 वर्षीय पुत्र अजीत कुमार यादव के रूप में हुई है।, यह फ्लिपकार्ट कंपनी में डिलीवरी ब्वॉय का काम किया करता था। मृतक की शादी 4 साल पहले हुई थी, ।दो बच्चे भी है, । हालांकि घटना के बाद परिजन का रो- रो कर बुरा हाल है !



वही सबसे अहम बातें एक और सामने आ रही है कि अजीत यादव के हत्या के बाद भैरोपुर निवासी दिलीप मंडल के पुत्र दयानंद कुमार को अपराधियों ने अपने साथ लेकर कहीं चले गए हैं। जिसको लेकर पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल है। इसको लेकर सिटी एएसपी शुभम आर्य ने कहा कि छापेमारी जारी है, जल्द केस का पदार्फाश होगा और अपराधियों को सजा मिलेगी।

## जहानाबाद : अंतरराष्ट्रीय नशा उन्मूलन दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने कार्यक्रम का किया आयोजन, लोगों को नशे के दुष्प्रभाव से कराया गया अवगत

**दैनिक समाज जागरण**
**जहानाबाद (बरुण कुमार)**

जहानाबाद : विधिक जागरूकता अभियान के अंतर्गत जिला विधिक सेवा प्राधिकार, जहानाबाद ने अंतरराष्ट्रीय नशा उन्मूलन दिवस के अवसर पर लखावर पंचायत, घोसी मे विशेष कार्यक्रम पंचायत भवन के बगल में ठाकुरवाड़ी में आयोजित किया गया।

सरपंच सुजीत कुमार,उप सरपंच मुकेश कुमार, पूर्व सरपंच, पूर्व पी एल भी सुनील कुमार सहित सैंकड़ों की संख्या में ग्रामीणों ने इस कार्यक्रम को मनोयोग से सुना।

पैनल अधिवक्ता संजय कुमार सिन्हा ने मानव जीवन में ड्रग्स के कारण होने वाली परेशानी, बिमारी और उसके निदान के लिए किये जा रहे विधिक सेवा प्राधिकार के प्रयासों एवं मदद पर विस्तृत प्रकाश डाला।



पी एल भी कौशल किशोर ने भी कार्यक्रम के संचालन में विशेष योगदान दिया। नशे की लत समाज में इस कदर जड़ जमा चुकी है कि इन सैंकड़ों की भीड़ में मात्र दो व्यक्ति हीं निकल कर आये जिन्होंने नशा त्यागने की शपथ ली। संजय कुमार सिन्हा ने इसके साथ साथ पर्यावरण संरक्षण पर विशेष ध्यान देने एवं जल संरक्षण करने के लिए लोगों को जानकारी दी ताकि लोगों का भविष्य सुरक्षित और संरक्षित हो सके।

करीब 2.5 घंटे चले इस कार्यक्रम में लोगों की संख्या तो अधिक थी। परन्तु अमल करने वालों की संख्या न के बराबर थी। इससे यह ज्ञात होता है कि नशा उन्मूलन के लिए समाज में यह कार्यक्रम सत जारी रखना पड़ेगा। सरपंच सुजीत कुमार ने सभा के अंत में धन्यवाद ज्ञापन किया।

## बाइक पर पीछे बैठा युवक की सड़क हादसा में मौत

**पूर्णिया/दैनिक समाज जागरण/प्रवीण भदौरिया**

किशनगंज बेलवा गांव स्थित बाइक सवार युवक गाय को बचाने के दौरान अनियंत्रित होकर सड़क पर गिरा जिसमे उसकी हुई मौत ।मृतक युवक मधेपुरा जिले के पुरैनी गांव निवासी दिलीप मेहता के पुत्र मंटू कुमार है जो पूर्णिया में ही रहता था और मेडिकल उपकरण की सप्लाय का काम करता था उसके एक छोटा सा बच्चा भी है हाल में ही उसकी शादी हुई थी ।काम के शीलसिले में अपने सयोगी के साथ मोटरसाइकिल पर सवार हो कर जा रहा था ।बाइक उसका सयोगी चला रहा था और पूर्णिया से किशनगंज बाइक पर सवार होकर जा रहे था ।इसी दौरान अचानक सड़क पार कर रहे गाय से मोटरसीयकील टकराया और बाइक लेकर सड़क पर गिर पड़े बुरी जिस में बाइक चला रहे युवक को हल्कि चोटें आई जबकि वह पीछे बैठा था और सड़क पर दूर जाकर गिरा जिसमे उसके सर में गंभीर चोटें आई। स्थानीय लोगों के द्वारा युवक को राज्यकीय मेडिकल कॉलेज लाया गया जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद युवक को मृत घोषित कर दिया वही घटना की सूचना पुलिस को दी गई मौके



पर पुलिस पहुंची और शब को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जीएमसीएच भेज दिया वही घटना की जानकारी परिजनों को दी गई परिजन आनन-फानन में अस्पताल पहुंचे जहां परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

## सुरक्षा के दृष्टिकोण से थाना में सीएसपी संचालकों की हुई बैठक

**पूर्णिया/दैनिक समाज जागरण/प्रवीण भदौरिया**

पूर्णिया जिला के अमौर थाना परिसर में थानाध्यक्ष राजीव कुमार आजाद ने थाना क्षेत्र के सभी सीएसपी संचालकों के साथ बैठक आयोजित कर सुरक्षा व्यवस्था पर चर्चा की। थानाध्यक्ष राजीव कुमार आजाद ने थाना क्षेत्र के सभी नीजी व सरकारी बैंकों के सीएसपी संचालकों के साथ बैठक कर सुरक्षा व्यवस्था पर चर्चा की। इस दौरान थाना अध्यक्ष ने सभी सीएसपी संचालकों को कहा कि बैंक से ज्यादा रुपैया निकालने जाते समय थाना को सूचना दे दे। जिससे बैंक से सीएसपी केंद्र तक सीएसपी संचालकों के साथ सादी वर्दी में पुलिसकर्मी उनकी सुरक्षा करेंगे और किसी भी तरह के घटना दुर्घटना रोकने में मदद करेंगे। साथ ही उन्होंने कहा कि बैंकों से निकलने वाले लोगों से रुपया की ठगी व छिनतई की घटना पर अंकुश लगाने व सुरक्षा की दृष्टि से सभी लोग अपने सीएसपी पर सीसीटीवी कैमरा लगा लें। उन्होंने कहा कि पुलिस आपकी सुरक्षा के लिए हमेशा तत्पर है। इसके लिए प्रतिदिन पुलिस की गस्ती दल घुमती रहती हैं। अपराध पर अंकुश लगाने के लिए थाना क्षेत्र अंतर्गत जो



भी संवेदनशील क्षेत्र है। वहां पर पुलिस की गश्ती को तेज किया जायेगा। इस बीच अगर कोई भी संदेहास्पद व्यक्ति नजर आने पर उसे तुरंत हिरासत में लेकर पूछताछ किया जायेगा।

## जहानाबाद : बिहार डांस स्पोर्ट्स चैंपियनशिप - 2022 का हुआ ऑडिशन, 120 प्रतिभागियों ने लिया हिस्सा

**समाज जागरण**
**जहानाबाद से (बरुण कुमार)**

जहानाबाद : आज बिहार डांस एसोसिएशन के बैनर तले बिहार डांस स्पोर्ट्स चैंपियनशिप 2022 का ऑडिशन जहानाबाद के प्रगति इंटरनेशनल स्कूल में लिया गया। जिसमें लगभग 120 प्रतिभागियों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया और अपने प्रतिभा का प्रदर्शन किया। जिसमें से अगले राउंड के लिए लगभग 20 बच्चों का चयन किया गया।

निर्णायक मंडल के रूप में मुजफ्फरपुर शहर के जेनिथ डांस फ्लिक के फाउंडर/कोरियोग्राफर सह बिहार डांस एसोसिएशन के मैनेजर शरफुद्दीन मिस्टर इऑन रहें।

मौके पर जहानाबाद प्रिंस डांस एकेडम के फाउंडर सह बिहार डांस एसोसिएशन के जहानाबाद जिला अध्यक्ष प्रिंस जी और मेंबर्स मौजूद थें।

बता दे बिहार डांस एसोसिएशन के नाम से एक कम्यूनिटी बना के पिछले 8 साल से बिहार के हर छोटे बड़े




शहर के कला के क्षेत्र में कलाकार को हमेशा प्रमोट करने का हमेशा प्रयास में रहती है। जिसमे बिहार के हर जिले के प्रतिभागी को लेकर राज्य स्तर डांस टूनामेंट करवाती है। राष्ट्रीय स्तर अंतर्राष्ट्रीय स्तर डांस चैंपियनशिप टूनार्मेंट भेजने का काम करती है। इनके फाउंडर सन्नी एडवर्ड और उनकी टीम हमेशा बिहार में कला के क्षेत्र में आगे बढ़ने में हमेशा प्रयास में रहती है जिनमे पटना से विशाल व विजय यादव, मुजफ्फरपुर से शरफुद्दीन ऊर्फ इऑन, बेतिया से स्वत, समस्तीपुर से बादल, खगड़िया से सुमित, गया से गोलू, अन्य हर जिले से लोग शामिल है।

## जहानाबाद में वृद्धाश्रम का हुआ उदघाटन।

**समाचार जागरण**
**जहानाबाद से (बरुण कुमार)**

जहानाबाद में ( नव निर्माण संस्थान की ओर से जहानाबाद के द्वारा " जय जगदीश हरे " वृद्धाश्रम का हुआ उदघाटन )नव निर्माण संस्थान , जहानाबाद शाखा के माध्यम से " जय जगदीश हरे " वृद्धाश्रम का प्रतिभा नगर , एरोड्राम जहानाबाद ( बिहार ) में हुआ उदघाटन , जिसमें समाज के उपेक्षित वृद्धजनों की सेवा तथा सहयोग करने के उद्देश्य से किया गया है । संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोज कुमार कमल जी कार्यक्रम की अध्यक्षता करते कहा " आज वृद्ध जन उपेक्षा के शिकार हो रहे हैं , संयुक्त परिवार टूट रहे है । एकल परिवार में वृद्धों की उपेक्षा हो रही है । जिसे सहयोग की जरुरत है । " गया जिला स्कूल के पूर्व प्राचार्य सुदर्शन जी ने कहा " वृद्धजन अनमोल हैं । इसकी सुरक्षा करना बहुत आवश्यक हैं । " चुन्नू शर्मा , रंगनाथ जी महाराज के अलावे दर्जनों लोगों ने उक्त अवसर पर वृद्धाश्रम को सहयोग देने का वादा करता हूँ । कार्यक्रम में लोगों ने वृद्धाश्रम का पुण्य का कार्य बताया ।




अपने-अपने विचार व्यक्त किया । अभिराम सिंह ने कहा, " मेरे मन की बात को जमीन पर उतारने का प्रयास किया गया है । मैं इसे वाणी से व्यक्त करने में असमर्थ हूँ । इस प्रकार इसमें सभी लोगों को सहयोग देने की आवश्यकता है । चितरंजन चैनपुरा ने कार्यक्रम के संचालन का कार्य किया । संस्था के सचिव संजय शर्मा ने धन्यवाद ज्ञापन का कार्य किया ।

## जहानाबाद नवयूवको, किशोरों , बालकों में नशा ड्रग तस्करी एवं दुरुपयोग गंभीर अंतरराष्ट्रीय समस्या जिला जज।

**समाज जागरण**
**जहानाबाद से (बरुण कुमार)**

जहानाबाद अंतरराष्ट्रीय नशा उन्मूलन दिवस के मौके पर डॉ राकेश कुमार सिंह जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने जनसंदेश देते हुए प्राधिकार की ओर से बताएं कि नवयूवको ,किशोरों, एवं बालकों में नशा ड्रग तस्करी एवं दुरुपयोग की बढ़ोतरी गंभीर एवं जटिल अंतरराष्ट्रीय समस्या बनती जा रही है । संयुक्त राष्ट्र द्वारा नशा उन्मूलन के लिए मार्च 1961 में एकल संधि द्वारा नशीले ड्रग्स एवं तस्करी के खतरे के उन्मूलन का प्रयास आरंभ हुआ था । नशे की शुरूआत 9 से 10 वर्ष के किशोर आयु से हो जाती है। भारत में लगभग 7 करोड लोग नशे पदार्थ के दुरुपयोग में लगे हैं। जिनमें से 17% लोग इसके आदी हैं। संयुक्त राष्ट्र द्वारा सन 1971 1972 1988 में प्रभावी कदम उठाने के लिए पहल की गई। भारत में नशा की अवैध तस्करी एवं ड्रग दुरुपयोग के बच्चे राष्ट्रीय स्तर काफी बढ़ोतरी हो रही। है।औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम, 1940 एवं ( ।। ) स्वापक औषधि एवं मनः प्रभावी पदार्थ अधिनियम 1985 आदि में कठोर विधियां बनाई गई। इस तथ्य को विचार में रखते हुए विधिक सेवाएं संस्थाएं इस खतरे के उन्मूलन में बड़ा योगदान दे सकती है ।रांची( झारखंड) में हुए राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तेरहवें अखिल भारतीय सम्मेलन में एक संकल्प लिया था। जिसका निष्कर्ष यह था कि नशों की लत एवं नशा का दुरुपयोग समस्त विधिक सेवा संस्थाओं के लिए एक गंभीर चिंता का विषय है ।एवं इसकी आवश्यकता महसूस की गई थी इस समस्या का परीक्षण किया जाए ।राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार नई दिल्ली द्वारा वर्ष 2015 में नशा पीड़ितों को विधिक सहायता एवं नशे की उन्मूलन के लिए विधिक सेवा योजना 2015 प्रारंभ की गई। योजना का लक्ष्य आम जनता के बीच विधिक प्रावधानों विभिन्न नीतियों, कार्यक्रम एवं योजनाओं, स्वापक औषधि मनः प्रभावी पदार्थों के विजय के साथ- साथ विद्यालयों तथा महाविद्यालयों के बच्चों ,गली के बच्चों ,नगर झोपड़पट्टी के बच्चों, की सुई से ड्रग्स लेने वालों परिवारों, कैदियों, असंगठित क्षेत्रों में कार्य करने वाले दवा बेचने वाले प्रयोग करने वालो, यौन कर्मियों एवं जनसाधारण आदि में ड्रग्स दुरुपयोग के दुष्प्रभाव के विषय में जागरूकता फैलाना है। एवं 26 जून को ड्रग्स के दुरुपयोग के विरुद्ध अंतर्राष्ट्रीय दिवस के रूप में मनाना है। प्राधिकार के प्रभारी सचिव अजय कुमार । अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार नई दिल्ली एवं बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार पटना के निदेर्शानुसार जहानाबाद में तीन स्थानों, डॉ भीमराव अंबेडकर आवासीय विद्यालय, घोसी पंचायत अंतर्गत लखावर, मखदुमपुर प्रखंड अंतर्गत धराऊत,पंचायत क्षेत्र में तथा अरवल जिला अंतर्गत डॉक्टर भीमराव अंबेडकर आवासीय बालिका विद्यालय तथा जवाहर नवोदय विद्यालय अरवल में विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने के लिए न्यायिक पदाधिकारी द्वारा प्रशिक्षण पैनल अधिवक्ता एवं पारा विधिक स्वयंसेवक को दिया गया गया था। इस प्रकार की जनहित सामाजिक सेवा राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार समय-समय पर आयोजित कराते रहती है।

## कनकई नदी के चपेट में कई गाँव 2 घर और नदी में समाया

**पूर्णिया/दैनिक समाज जागरण/प्रवीण भदौरिया**

पूर्णिया जिला के अमौर प्रखंड क्षेत्र के पूर्वी भाग से होकर बहने वाली कनकई और महानंदा नदी के जलस्तर में कमी होने के साथ कटाव तेज हो गया है। वही कनकई नदी के मुहाने बसे खाड़ी महीनगांव पंचायत के मिरटोला महेशबाथना गांव में नदी के कटाव की चपेट में आने से लगभग दो परिवारों शाहनवाज आलम एवं अकबर आलम के घर नदी में विलीन हो चुके हैं।और लगभग ढेर दर्जन घर नदी कटान की जद में है।किसी भी समय नदी में समा सकते हैं। जिससे पीड़ित परिवार अपने घर का समान निकाल कर ऊंचे स्थान पर जा रहे हैं।जिससे लोग काफी डरे और सहमे हुए हैं। नदी कटाव से प्रभावित शाहनवाज आलम , अकबर आलम, मीर महजुब आलम मीर फैयाज, मीर कलाम, मीर सलाम, मीर समीम मीर मोहम्मद शरीफ, मीर नैयर अली, मीर आलमगिर मीर सकील, मीर सलाउद्दीन, मीर यजदानी आदि ने बताया कि हम विस्थापित परिवारों की अभी तक न ही क्षेत्रीय प्रतिनिधि ने सुधी ली है और न ही प्रशासनिक स्तर पर राहत व बचाव की द्विशा में कोई पहल की गई है। विगत दो दिनों में नदी का जलस्तर में कमी के साथ ही भीषण कटाव जारी है। इस कटाव की चपेट में उनका आशियाना धीरे-धीरे समाता जा रहा है। टूटे-फूटे आशियाने को वे बचाकर किसी तरह इधर उधर जीवन गुजर बसर कर रहे हैं। और अब घर का सारा समान निकाल कर ऊंचे स्थान पर जा रहे है ।क्योंकि अब घर में रहा नहीं जाता है। कटाव इतना तेज है कि शेष बचे परिवारों के घरों को भी यह नदी धीरे धीरे अपनी आगोश में ले लेगी। इसके बाबजूद विभाग द्वारा इस गांव को नदी कटाव से



बचाव की दिशा में कहीं कोई निरोधात्मक कार्य शुरू नहीं किया गया है। ग्रामीणों ने बताया कि यहाँ बीस दिन पहले मनरेगा योजना के तहत मुखिया द्वारा कटाव निरोधी कार्य किया गया था ।लेकिन नदी में पानी और लगातार बारिश होने के कारण सब नदी कटाव में बह गया है। कटाव से बेघर होकर सभी परिवार नदी से कुछ दूर गांव के सड़क में खानाबदोशों की तरह जिंदगी गुजार रहे हैं और आसरे की तलाश में दर-दर भटक रहे हैं।

## जाँच के बाद 112 बच्चें को मिला विकलांगता प्रमाण पत्र

**पूर्णिया/दैनिक समाज जागरण/प्रवीण भदौरिया**

पूर्णिया जिला के बायसी प्रखंड अंतर्गत शनिवार को बायसी संसाधन केंद्र मे बिहार शिक्षा परियोजना के अंतर्गत 06 से 18 वर्ष के दिव्याग बच्चो का प्रमाण पत्र बनाने हेतु शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें प्रखंड क्षेत्र के दूर-दूर गांव से दिव्याग बच्चे बच्ची शिविर मे उपस्थित हुए। इस मे कुछ 150 बच्चे एव बच्चियों द्वारा नामांकन कर डाक्टर द्वारा विकलांग बच्चों को विधिवत तरिके से जांच किया गया जिसमे से 112 बच्चे ही सही जांच मे उतर सके। सभी विकलांग बच्चो को सर्टिफिकेट दिया गया।




इस आयोजन मे जिला से अथ्रोलोजिस्ट डॉक्टर मोहम्मद सलीम, डॉक्टर ओपी साहब, ईएनटी विभाग के डॉक्टर रजद रोहन, प्रखंड साधन सेवी अरविंद कुमार पांडे, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी अजय कुमार अनुजा, बीआरपी मोहम्मद नैयर आलम, वही बैसा प्रखंड के बीआरपी जितेंद्र कुमार, अमौर से बीआरपी वीरेंद्र कुमार, आदि लोग उपस्थित रहे एव सभी के सहयोग से सर्टिफिकेट वितरण किया गया। बाकी जिन बच्चो कि जांच नही हो पाई वैसे विकलांग बच्चो को पूर्णिया रेफर कर दिया गया।

## क्रिकेट खेल रहे एक युवक को विषैले सांप ने काट लिया, घायल युवक अपने इलाज के लिए सांप को बोतल में बंद कर पहुंचा मायागंज अस्पताल।

**भागलपुर :---समाज जागरण /निभाष मोदी ।**

भागलपुर, के इंजीनियरिंग कॉलेज कैंपस में क्रिकेट खेल रहे इंजीनियरिंग पासआउट छात्र शुभम कुमार को शाम विषैले सांप ने काट लिया। जिसके बाद खेल रहे छात्रों और शुभम ने मिलकर सांप को पकड़ लिया और उसे बोतल में बंद कर इलाज कराने जवाहरलाल नेहरू चिकित्सा अस्पताल पहुंचा। जहां उसका चिकित्सकों ने इलाज किया। वही शुभम ने वन विभाग को सांप के पकड़ने की सूचना दी। जिसके बाद वन विभाग के कर्मचारी जवाहरलाल नेहरू चिकित्सा अस्पताल पहुंचे और बोतल में बंद सांप को अपने कब्जे में लेकर चले गए। वन विभाग के कर्मचारियों ने बताया कि यह सांप काफी विषैला है और इसके काटने के तुरंत बाद अगर इलाज नहीं कराया जाता है तो व्यक्ति की मौत भी हो सकती है। लेकिन शुभम ने सांप को पकड़कर जल्दी से अस्पताल पहुंचा। जहां चिकित्सकों ने उसका इलाज किया। जिससे वह खतरे से बाहर है। अक्सर सांप काटने के बाद जहां लोग सांप को मार देते हैं। वही शुभम ने उसे मारने के बजाए बोतल में बंद कर वन विभाग को सौंप दिया। सांप काटने के बावजूद भी शुभम ने हौसला नहीं छोड़ा और हिम्मत कर सांप को मारने के बजाए उसे पकड़ कर वन विभाग के हवाले कर दिया।

22 may 2022:Layout 1 6/27/2022 1:24 AM Page 9



## रजौर गांव में रात्रि चौपाल में शामिल हुए ग्रामीण

समाज जागरण

नारदीगंज,नवादाः- प्रखंड के परमा पंचायत की रजौर गांव में शनिवार की रात में ग्रामीणों के बीच रात्रि चौपाल का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम डीएम के निदेर्शानुसार गांव में रात्रि चौपाल का आयोजन हुआ है। डीएम का लक्ष्य है कि जिले के सभी प्रखंडों के एक गांव की सभी असाक्षर महिलाओं को साक्षर किया जाय ।इस कार्यक्रम के तहत गांव की असाक्षर महिलाओं को साक्षर करने को लेकर जागरूक किया गया।आयोजित कार्यक्रम में उत्क्रमित मध्य विद्यालय रजौर में जागरूकता अभियान के तहत गांव में रात्रि चौपाल का आयोजन किया गया। अध्यक्षता बीईओ माहेश्वरी रविदास ने किया। इस मौके पर बीईओ ने कहा शिक्षा अनमोल धन है। कहा आप सभी के सहयोग से आपके गांव की महिलाएं साक्षर होगी। इसके लिए आप समय दें,और उन्हें साक्षर करने में अपनी भूमिका को निभाने का कार्य करें। यह डीएम का महत्वाकांक्षी योजना है। वही विद्यालय प्रधानाध्यापक अनिल कुमार ने उपस्थित लोगों को शिक्षा का महत्व व उसके विकास के संबंध में विस्तृत चर्चा की। मौके पर बीआरपी अशोक कुमार, सहायक शिक्षक सुरेश कुमार चौहान,आगनबाड़ी सेविका रीना कुमारी,भरत सिंह,अशोक सिंह समेत कई शिक्षक व ग्रामीणों ने लोगों को जागरूक किया।

## मादक पदार्थों के सेवन से होती है गंभीर समस्या-सचिव श्रीकांत।

समाज जागरण

नारदीगंज,नवादाः-पेंशनर भवन नारदीगंज में रविवार को अंतरराष्ट्रीय मद्य पदार्थ दुरुपयोग निवारण दिवस पर परिचर्चा का आयोजन हुआ।अध्यक्षता पेंशनर समाज प्रखंड अध्यक्ष रामधनी प्रसाद ने की।उपस्थित पेंशनरों ने इसे सामाजिक व मनोवैज्ञानिक समस्या कहा।जिसका निराकरण समाज के बीच जन आंदोलन कर रोका जा सकता है। खासकर बिहार में शराबबंदी है, परंतु आज समाज के युवावर्ग, मजदूर वर्ग के लोग उच्चे दामों पर क्रय कर रहें हैं, और सेवन भी कर रहें हैं। कहा गया मादक पदार्थ के सेवन करने से गंभीर समस्या बन सकती है। विभिन्न प्रकार के रोग से युवावर्ग पीड़ित हो रहें हैं।उनकी शिक्षा दीक्षा समाप्त हो रही है।एक स्वस्थ्य नागरिक बनकर राष्ट्रहित में कार्य करना चाहिए।ताकि देश की एकता,अखंडता बनी रहें।इसके सेवन से चारित्रिक पतन निश्चित है, तथा पूरे परिवार व समाज की प्रगति की धारा को अवरुद्ध कर देता है। अतः मादक पदार्थों को रोक देने से अथवा अभियान चलाने से समाज व राज्य सुरक्षित व विकसित राज्य का निर्माण हो जायेगा। बिहार के युवावर्ग को पेंशनरों ने संदेश देकर कहा बिहार को भारत में एक आदर्श के रूप में मिशाल कायम कर सकें।ताकि अन्य राज्य भी संदेश प्राप्त कर सकें। मौके पर चंद्रिका प्रसाद सिंह,रामशरण सिंह,कामता प्रसाद सिंह,वीरेंद्र प्रसाद यमुना सिंह, कपिलदेव प्रसाद सिंह समेत अन्य मौजूद थे।



## शराब मामले में एक आरोपी को किया गिरफ्तार

समाज जागरण

सिरदला (नवादा) सिरदला थाना क्षेत्र के अमहदी से स्थानीय सिरदला पुलिस ने शराब मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया है । शराब अधिनियम के तहत पूर्व से प्राथमिक दर्ज था। वही थानाध्यक्ष आशीष कुमार मिश्रा वही बताया कि न्यायालय को सौप दिया है ।

## बुलडोजर बाबा के कार्यो के प्रतीक सपा के गढ़ में भाजपा का जीत-अंगद

जिला ब्यूरो अरवल मृत्युंजय कुमार

अरवल-भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ पूर्व जिलाध्यक्ष अंगद कुमार ने बताया की यूपी उपचुनाव में भाजपा का मिले सपा के गढ़ में प्रचण्ड जीत का श्रेय बुलडोजर बाबा यूपी सीएम योगी आदित्यनाथ का कार्यशैली को जनता ने जीत के रूप में अच्छे तरिके से चल रहे कानूनन शासन प्रणाली की,सराहना की ही प्रतीक है ' सपा के गढ़ में जीत का मिला जनादेश सबका साथ सबका विकाश को साथ लेकर चलने वाली पार्टी यूपी सीएम योगी आदित्यनाथ अपनी कार्यों एवं सिद्धांतो से देश के सभी राज्यों में एक लोकप्रिय चेहरा है ' नक्सलवाद,गुंडाराज्य, संम्प्रदायिक ताकतों पर काफी हद तक लगाम कस कर,यूपी में शांति प्रिय माहौल बनाया है,माफियाराज तथा गुंडागिरी ताकतों पर काफी हद तक अंकुश लगाया है ' इस विचारधारायों पर पार्टी के सभी जाति,धर्म के वर्गो का साथ मिला है' सपा के गढ़ रामपुर सीट से घनश्याम लोधी और आजमगढ़ सीट से भोजपुरी फिल्म अभिनेता दिनेश लाल यादव निरहुआ को मिले लोकसभा के उपचुनाव में जीत का जनादेश से कृतिमान बनकर एक नया वहाँ के लोगों का आयाम मिला है एवं उत्तरप्रदेश के इस क्षेत्र में सपा का हुई धरासायी से इतिहास बना है



## स्कूली बच्चों एवं साक्षरता कर्मियों ने निकाली नशा मुक्ति रैली

दैनिक समाज जागरण

वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन):- नशा मुक्ति दिवस के अवसर पर रविवार को प्रखंड कार्यालय परिसर से शिक्षा सेवकों एवं साक्षरता कर्मियों ने नशा मुक्ति रैली निकाली। प्रखंड साक्षरता समिति सचिव सह समन्वयक चंद्रमौली शर्मा एवं केआरपी अनिल कुमार के संयुक्त नेतृत्व में निकाली गई इस रैली में नशा के सेवन से होने वाली हानियों से संबंधित नारे लिखी तख्तियां लिए शिक्षा सेवकों एवं साक्षरता कर्मियों ने नगर का भ्रमण किया। मौके पर शिक्षा सेवक नंदू रजक , रामाशीष भुइयां , राजेन्द्र महथा , सुबोध राम , सिंटू चौधरी आदि मौजूद थे। दूसरी ओर नगर एवं प्रखंड क्षेत्र के अधिकांश निजी विद्यालयों में रविवार की छुट्टी के बाबजूद बच्चों द्वारा नशा मुक्ति दिवस पर जागरूकता रैली आयोजित कर समाज एवं क्षेत्र को पूर्ण नशा मुक्त बनाने की अपील किया।



## अग्निवीर के विरोध में कांग्रेस पार्टी का शांतिपूर्ण सत्याग्रह आज

दैनिक समाज जागरण

वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन):-वारिसलीगंज प्रखंड कांग्रेस कार्यकताओं द्वारा सोमवार को अग्नि वीर के विरोध में शांतिपूर्ण सत्याग्रह किया जाएगा। इस संबंध की जानकारी देते हुए पार्टी के जिलध्यक्ष सह कांग्रेस की टिकट पर विधान सभा प्रत्याशी सतीश कुमार उर्फ मंटन सिंह ने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा बेरोजगारों को रोजगार उपलब्ध नहीं कराने और अग्नि वीर योजना के तहत युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने के विरोध में सोमवार को स्थानीय कमलिया मिल के पास स्थित कांग्रेस का मुख्य कार्यालय पर शांतिपूर्ण तरीके से सत्याग्रह किया जाएगा। सत्याग्रह दिन के 10 बजे से दोपहर1 बजे तक आयोजित होगी।

## नवादा में महिला शिक्षक गिरफ्तार, फर्जी प्रमाण पत्र पर पाई थी नौकरी

समाज जागरण
नवादा ब्यूरो (धर्म जीत सिन्हा)

नवादा फर्जी प्रमाण पत्र पर बहाल एक महिला शिक्षक की गिरफ्तारी हुई है। मेसकौर प्रखंड में कार्यरत शिक्षिका की गिरफ्तारी हुई।

रविवार की अल सुबह मेसकौर थाना की पुलिस ने पुलिस ने सिरदला थाना की पुलिस के सहयोग से शिक्षिका को गिरफ्तार की। शिक्षिका मेसकौर प्रखंड के मध्य विद्यालय पथरा में कार्यरत थीं।

शिक्षिका सिरदला थाना क्षेत्र के धिरौंध गांव निवासी सुखदेव मंडल की पुत्री बताई गई हैं। हालांकि गिरफ्तारी ससुराल सिरदला थाना क्षेत्र के मंडल गांव से हुई ।

रानी कुमारी मेसकौर प्रखंड क्षेत्र के पथरा मध्य विद्यालय में अगस्त 2010 से कार्यरत थीं। निगरानी



विभाग की टीम ने जांच में पाया था कि वह फर्जी प्रमाण पत्र दिखाकर नौकरी प्राप्त की थी। जिसके बाद 21 नवंबर 2021 को शिक्षिका के खिलाफ मेसकौर थाना में कांड संख्या 549/21दर्ज कराया गया था। धारा 420, 467,468, 471 ,120 बी के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी। एफआईआर के बाद से शिक्षिका फरार चल रही थी। मेसकौर थाना अध्यक्ष राज कुमार ने बताया कि रानी कुमारी को सिरदला थाना क्षेत्र के मंडल गांव से सिरदला थाना के सहयोग से गिरफ्तार किया गया। उक्त महिला पर फर्जी प्रमाण पत्र के सहारे शिक्षिका के पद पर बहाल होने के आरोप में निगरानी विभाग के द्वारा 2021 में ही प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। उसी के आलोक में गिरफ्तारी की गई। आवश्यक कार्रवाई के बाद आरोपित को न्यायिक हिरासत में रविवार को ही नवादा भेज दिया गया है।

## पुलिस - प्रशासन की संयुक्त टीम द्वारा मदनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत मुरली पहाड़ एवं जंगली क्षेत्रों में नक्सलियों के विरुद्ध चलाए गए सर्च अभियान के तहत अवैध शस्त्र, गोली से भरा हुआ मिला एक संदिग्ध बोरा

दैनिक समाज जागरण
अजय कुमार पाण्डेय

औरंगाबादः ( बिहार ) पुलिस को स्थानीय सूत्रों से सूचना प्राप्त हुई कि मदनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत पड़ने वाली मुरली पहाड़ एवं इर्द - गिर्द क्षेत्रों में नक्सलियों द्वारा सुरक्षाबलों पर हमला करने की तैयारी हो रही हैं ! विभागीय जारी प्रेस - विज्ञप्ति के माध्यम से उल्लेख किया गया है कि हाल ही में नक्सल अभियान के फलस्वरुप ऐसी संभावना प्रतीत हुई कि मदनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत पड़ने वाली तरी कैंप पर भी नक्सलियों द्वारा शिविर स्थापना में बाधा डालने से इनकार नहीं किया जा सकता है ! इसी आसूचना के आधार पर पुलिस - अधीक्षक, औरंगाबाद कांतेश कुमार मिश्रा तथा समादेष्टा, 205 कोबरा वाहिनी के संयुक्त निर्देशन में अपर - पुलिस - अधीक्षक अभियान, औरंगाबाद एवं गया के नेतृत्व में औरंगाबाद जिला में कार्यरत केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल 47 वाहिनी, 205 कोबरा वाहिनी तथा स्थानीय पुलिस - प्रशासन के संयुक्त टीम द्वारा मदनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत पड़ने वाली मुरली पहाड़ एवं जंगली क्षेत्रों में नक्सलियों के विरुद्ध संयुक्त सर्च अभियान चलाया गया! इसके बाद अभियान के फलस्वरुप उक्त क्षेत्र से अवैध शस्त्र, गोली से भरा हुआ एक संदिग्ध बोरा बरामद किया गया, जिसमें एच0के0



335.56 एम0 एम0 एक कैलीबर राइफल, यूबीजीएल अटैच विद एच0के0 33 - 01, दो मैगजीन, 123 लाइव राउंड्स, 06 यू0बी0जी0एल0 राउंड्स, एक मोटोरोला वायरलेस सेट, 01 अमुनिसन पाउच तथा 06 ड्यूरासेल बैटरी बरामद किया गया ! इसके बाद जप्त सामानों की विधिवत जब्ती सूची तैयार कर के थाना लाया गया ! इस संबंध में मदनपुर थाना कांड संख्या - 319 / 2022 दिनांक - 25 जून 2022 धारा - 25 ( 1 - बी ) ए0 / 26 आर्म्स - एक्ट तथा 13 / 20 यू0ए0पी0ए0 एक्ट एवं 4 / 5 विस्फोटक पदार्थ अधिनियम कुल - 06 नामजद तथा 10 - 15 अज्ञात अभियुक्तों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई है ! ध्यातव्य हो कि इस छापेमारी अभियान के फलस्वरुप नक्सलियों का भी मनोबल काफी अवश्य गिरा हुआ है, तथा नक्सली गतिविधि पर अंकुश लगाए जाने हेतु पुलिस द्वारा लगातार छापामारी अभियान भी जारी है !

## भाकपा माले के कार्यकर्ता नगिया देवी का हुआ निधन।

जिला ब्यूरो कुर्था (अरवल )
मृत्युंजय कुमार

कुर्था (अरवल ):- भाकपा माले के भेटनर कार्यकर्ता कामरेड नगीया देवी उम्र लगभग 90 वर्ष अरवल जिला अवथीत कुर्था प्रखंड अंतर्गत ग्राम निगमा के रहने वाली थी, जो आज हीं के दिन 26 जून को करीब 04 - 05 बजे सुवह (भोर) में अंतिम सांसे ली। पैर टूट जाने के कारण लंबे दिनों से बीमार चल रही थी। 70 दशक के अंतिम वर्षों में पार्टी के संपर्क में आई,और 80 दशक में पार्टी मेंबर बनकर गरीब - गुरुआ के हक - हकुक की लडाई में अहम भूमिका निभाने लगी, और जीवन पर्यंत यानी जीवन के अंतिम समय तक पार्टी सदस्य बनी रही, महादलित भूमिहीन परिवार में जन्म लेने व अशिक्षित होने के वावजूद भी पार्टी का सूझ - बुझ मजबूत थी, तथा अपनी बात पार्टी में मजबूती से रखती थी, अंदरग्राउंड पार्टी के दरमियान भी पार्टी के कार्यकर्ता के बतौर काम करते हुए समंतो और जमींदारों के खिलाफ लडाई लड़ते रही,पार्टी को ओपन होने के बाद कभी भी पार्टी का धरना - प्रदर्शन या कोई बड़ी रैली होती थी,उसमे जाना कभी नहीं



भूलती वल्कि मजबूती से भाग लेती थी।

कॉमरेड नागिया देवी की मृत्यु के सूचना पाते ही इलाको में शोक की लहर फैल गई, और शोक श्रधांजलि देने के लिए बड़ी - संख्या में पार्टी के नेता कार्यकर्ता उनके घर उपस्थित होने लगे जिसमें भाकपा माले के राज्य कमेटी के सदस्य व अरवल विधायक कॉ.महानंद सिंह, भाकपा माले राज्य कमेटी सदस्य सह अखिल भारतीय किसान महासभा बिहार, डॉक्टर रमाधर सिंह, भाकपा माले के जिला सचिव कामरेड जितेंद्र यादव भाकपा - माले के प्रखंड सचिव व कुर्था उतरी भाग के जिला परिषद कॉमरेड महेश यादव, भाकपा - माले जिला कमिटी सदस्य व बारा पंचायत के पूर्व मुखिया कॉमरेड अवधेश यादव, फअ के राज्य परिषद सदस्य कॉमरेड दीपक कुमार, सत्येंद्र दास, अर्जुन पासवान,सुरेंद्र पासवान अशोक दास,सोनू दास,दुखन दास, सीतापति देवी,आशा देवी आदि सैकड़ों कार्यकर्ता श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित होकर कामरेड नदिया देवी को 1 मिनट मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया और उसके बाद दाह संस्कार पंचतीर्थ धाम पर किया गया।

### जिलाधिकारी ने लिया संज्ञान,गडुआ अनुसूचित टोले के हर घर तक पहुंचने लगा नल का जल

## अनुसूचित टोले में एक अन्य बोरिंग गाड़ने का कार्य शुरू

दैनिक समाज जागरण

वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन):-जिलाधिकारी से शिकायत बाद सक्रीय हुए प्रशासन के अधिकारियो ने त्वरित गति से कार्य करवा 12 घंटे के भीतर खराब पड़े नल जल का बोरिंग की सफाई करवा गरीबो के हर घर तक नल का जल पहुंचाने का कार्य किया है। इस कार्य में प्रशासन को पंचायत के समाजसेवी अजय कुमार रविकांत का काफी सहयोग मिला। इस संदर्भ की बात चीत में बीडीओ सत्यनारायण पंडित ने बताया कि शनिवार की सुबह से शाम तक गडुआ गांव के करीब 50 घरों की आबादी वाला अनुसूचित टोला का खराब पड़ा बोरिंग की सफाई करवाई गई। फलतः बोरिंग कार्य करने लगा और टोले के हर घर तक नल का जल पहुंचने लगा है। बीडीओ ने कहा कि टोले के खराब पड़े चापाकलों को ठीक करवाने की जिम्मेदारी पीएचईडी को सौंपी गई है। अनुमानतः सोमवार तक चापाकल भी पानी उगलने लगेगा। उन्होंने कहा कि जिले से टोले में एक और बोरिंग करवाने का आबंटन की मांग की गई है। इस बीच ग्राम पंचायत की मुखिया के पहल पर पुराने बोरिंग के पास एक दूसरा बोरिंग भी गाड़ने का कार्य युद्ध स्तर पर शुरू कर दिया गया है। टोले की महिलाएं करीब एक किलोमीटर से बेलधा स्कूल के पास से पानी को माथे पर ढोकर लाने को विवश हो गई। इस बीच टोलेवासी सह पदेन वार्ड सदस्य वलिन्दर मांझी



जानकारी हो कि गडुआ अनुसूचित टोले में विभिन्न योजनाओं का सात चापाकल आच्छादित था। परंतु टोले के अधिकांश सदस्य कमाई को ले दूसरे प्रदेश पलायन कर जाने और संयोग से एक एककर सभी चापाकल खराब होते गया। यही नहीं देख रेख के अभाव में नल जल का बोरिंग भी खराब हो गया। फलतः जब मजदूर दूसरे प्रदेश से घर लौटे तो पानी के संकट शुरू हो गया। समेत अन्य कई सदस्यों ने पानी की किल्लत की लिखित शिकायत स्थानीय बीडीओ को दिया। बाबजूद जब समस्या नहीं सुधरी तब जिलाधिकारी के जनता दरबार में हाजिरी लगाते ही अधिकारियों का ध्यान समस्या पर गई और 24 घंटे के भीतर पानी की व्यवस्था बहाल करवा दी गई। जबकि सोमवार से मंगलवार तक दूसरा नया बोरिंग भी कार्य करने लगेगा

## तीन वारंटी गिरफ्तार भेजा गया न्यायालय

वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन):- वारिसलीगंज थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवो में शनिवार की शाम वारिसलीगंज थानाध्यक्ष राजीव कुमार पटेल के नेतृत्व में छापेमारी कर फरार तीन वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया गया। शराब मामले के आरोपित सौर मोहदीपुर निवासी शंकर चौधरी, चंडीपुर निवासी सिकंदर तांती,और मारपीट के आरोपित दरियापुर निवासी अशोक पासवान को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया गया।

## शादी का झांसा देकर नाबालिग के साथ किया दुष्कर्म, पीड़िता ने थाने में दर्ज कराई शिकायत

समाज जागरण
नवादा ब्यूरो (धर्म जीत सिन्हा)

नवादा जिले के पकरीबरावां थाना क्षेत्र में एक गांव में नाबालिग लड़की के साथ शादी का झांसा देकर दुष्कर्म किया गया। बाद में युवक शादी करने से इंकार कर गया। इस बावत पीड़िता की शिकायत पर पकरीबरावां थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है। पीड़िता के गांव में आरोपित का ननिहाल बताया गया है। गुरुवार को हुई घटना के बावत शुक्रवार को थाना में शिकायत दर्ज कराई गई।

पकरीबरावां के थानाध्यक्ष शिशुपाल ने बताया कि किशोरी के आवेदन पर अजीत कुमार नामक युवक के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। गुरुवार को ग्रामीणों ने दोनों को एक साथ पकड़ा था। पकड़े जाने के



बाद ग्रामीणों ने पंचायत कर दोनों का विवाह कराने का प्रस्ताव रखा। लेकिन, युवक शादी से इंकार कर गया। तब थाना में प्राथमिकी के लिए आवेदन दिया गया।

दरअसल, आरोपित युवक ने लड़की को प्रेम जाल में फांस लिया था। करीब एक साल तक उसका यौन शोषण किया। इस क्रम में शादी का आश्वासन भी दिया था। ग्रामीणों का कहना है कि युवक लंबे समय से शारीरिक संबंध बना रहा था। बालिग हो जाने के बाद शादी करने का झांसा देकर ऐसा कर रहा था। अब लड़का शादी करने से मुकर रहा है। ऐसे में मामला थाना-पुलिस तक पहुंच गया। पुलिस मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

## बिहार के औरंगबाद जिले में पुलिस संरक्षित शराब माफियाओं का आतंक ,शराब कारोबारी एवं पुलिस का सांठ-गांठ का हुआ पदार्फाश। सूत्र

दैनिक समाज जागरण अनिल कुमार मिश्र ब्यूरोचीफ औरंगाबाद

हम बात बिहार राज्य के औरंगाबाद जिले के कर रहे हैं जहां एक महिला को शराब कारोबारी द्वारा पीटाई कर दी गयी है और समझौता नहीं करने पर शराब बिक्रेता द्वारा जान से मारने की धमकी दी जा रही है । उसका कसूर सिर्फ इतना है कि उसने शराब कारोबारियों के खिलाफ आवाज उठाने की कोशिश की।

यह सब जानते हैं कि बिहार में शराब पर प्रतिबंध हैं और शराबबंदी कानून को और कड़ाई से लागू कराने को लेकर बिहार-सरकार की ओर से सख्ती बरत जा रही है लेकिन इसकी जमीनी हकीकत बिहार राज्य के औरंगबाद जिले में कुछ और ही नजर आ रहे है।

बताया जाता है कि औरंगाबाद के एसपी कांतेश कुमार मिश्रा से पीड़ता उर्मिला देवी ने मिलकर न्याय की गुहार लगायी और सुरक्षा की मांग भी किया है। पीड़ता उर्मिला देवी मदनपुर थाना सह प्रखंड के लालटेनगंज गांव का निवासी बताया जा रहा है ।पीड़िता की बात मान ली जाये तो गांव में अवैध शराब कारोबार होता है इसका विरोध करने पर महिला का हाथ पकड़ते हुए बाल खींचकर पिटाई कर दी गई। दिनेश नाम के शराब कारोबारी ने आशा कार्यकर्ता उर्मिला देवी को जान से मारने तक की धमकी भी दे डाली। जिसके बाद पीड़िता ने मदनपुर थाने में आवेदन दिया लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गयी। हद तो तब हो गई जब थाना प्रभारी के मोबाइल से ही शराब कारोबारी दिनेश ने फोन कर दिया। फोन पर उसने महिला से कहा कि थाना आ जाओ और समझौता कर लो। पीड़िता ने कहा कि वो समझौता नहीं करेगी। थाने में जाकर पीड़िता कार्रवाई की मांग करने लगी। जब न्याय नहीं मिला तब थक हार कर वह औरंगाबाद एसपी के पास पहुंच गयी और न्याय की गुहार लगाने लगी। महिला ने बताया कि एसपी ने उससे सारी बातों की जानकारी ली है उसे उम्मीद है कि अब उसे न्याय जरूर मिलेगा। देखना अब यह होगा कि पुलिस व शराबमाफिया गठजोड़ के विरूद्ध कौन सी कार्रवाई होता है औल एसपी साहब उक्त महिला को इंसाफ कब तक दिलाते है।

बताते चले कि एक महीने पूर्व मदनपुर प्रखंड में जहरीली शराब पीने से दो दर्जन लोगों की जाने गई थी। जिसके बाद कुछ दिन तो शराब के खिलाफ ताबड़तोड़ छापेमारी की गई लेकिन जब मामला ठंडा हुआ तब शराब कारोबारी फिर से इसमें लग गये। महिला जब इस बात की शिकायत थाने में जाकर करती है तो उसके बातों को अनसुना कर दिया जाता है। थानेदार के मोबाइल से अवैध शराब कारोबारी महिला को धमकी देने लगता है। शराब के धंधेबाजों के खिलाफ आवाज उठाने की सजा महिला की पिटाई कर दी जाती है। बताया जाता है कि महिला को जान से मारने की धमकी लगातार दी जा रही है। पुलिस कप्तान से पीड़त्ता ने शराब कारोबारी के विरूद्ध मदद की माँग की है तथा न्याय दिलाने का माँग की है। अब देखना होगा की महिला को एसपी साहब से कब तक न्याय मिलता है और अवैध शराब के धंधेबाज कब तक सलाखों के पीछे पहुंच पाता है।

## लोकतंत्र में सड़कों पर हिंसा अराजकता और उन्माद के लिए कोई स्थान नहीं- मो. उमेर

दैनिक समाज जागरण
विश्वनाथ आनंद

गया (मगध बिहार):- गया जिला के प्रसिद्ध व्यवसाई, समाजसेवी, कौटिल्य मंच के प्रदेश महामंत्री मोहम्मद उमेर ने मीडिया के समक्ष भेंटवार्ता के दौरान कहा है कि लोकतंत्र में विचार अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता है, हमें शांतिपूर्ण एवं अहिंसात्मक आंदोलन का अधिकार भी है, किंतु इसके नाम पर सड़क पर हिंसा व अराजकता का कोई स्थान नहीं है। उन्होंने लगातार समाज में बेलगाम बढ़ रही आपराधिक घटनाएं ,भ्रष्टाचार हिंसा और अराजकता को चिंता का विषय करा दिया ' उन्होंने सभी दलों, बुद्धिजीवियों खासकर युवाओं से



अपील किया है कि दलगत भावनाओं से ऊपर उठकर समाज व राष्ट्र के हित और कल्याण के लिए लोगों को आगे आने की आवश्यकता है ' उन्होंने कहा कि केवल कानून सरकार या प्रशासन से किसी भी सामाजिक समस्या का समाधान नहीं हो सकता ,जब तक जनता जागरूक नहीं होगी 'इस मौके पर स्थानीय नागमतिया रोड में विभिन्न सामाजिक संगठनों से जुड़े कौटिल्य मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉक्टर विवेकानंद मिश्र समाज सेवा में अग्रणी भूमिका निभाने वाले प्रसिद्ध व्यवसाई मोहम्मद शाहजहां, मोहम्मद सुहेब भी उपस्थित थे।

## जिला प्रशासन ने रात्रि चौपाल लगाकर जाना योजनाओं का हाल असाक्षर महिलाओं को साक्षर बना सरकारी योजनाओं से जोड़ने की अनूठी पहले

दैनिक समाज जागरण

वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन):-जिलाधिकारी उदिता सिंह के निर्देश पर वारिसलीगंज नगर परिषद के नेवाजगढ़ गांव स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय में नव संचालित महिलो साक्षरता सह अभिसरण केंद्र परिसर में शनिवार की देर शाम जिला प्रशासन की ओर से रात्रि चौपाल का आयोजन किया गया। जिला योजना पदाधिकारी सह वारिसलीगंज प्रखंड के वरीय प्रभारी संतोष कुमार ने 15 से 50 आयु वर्ग की महिला नवसाक्षरों, स्वयंसेवक शिक्षक के रूप में कार्यरत वर्ग 6 से 9 वर्ग के स्कूली विद्यार्थियों, शिक्षा सेवकों एवं बड़ी संख्या में मौजूद ग्रामीणों से महिला साक्षरता सह अभिसरण केंद्र की स्थिति की जानकारी ली। एक नव साक्षर महिला ने योजना पदाधिकारी से गांव के एक खास टोले में नल जल योजना के तहत पानी आपूर्ति काफी दिनों से बंद होने की शिकायत की । जबकि दूसरी महिला ने राशन कार्ड बनवाने की मांग की। वहीं नव साक्षर महिला रिंकू कुमारी ने घर पर ही स्वयंसेवक शिक्षक भेजकर उन्हें साक्षर बनाने की मांग की गई। मौजूद पदाधिकारी ने इन समस्यायों का तत्काल निबटारा



कर उपस्थित स्थानीय पदाधिकारियों को निर्देशित किया। प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी रेणु कुमारी ने शिक्षकों, शिक्षा सेवकों एवं स्वयं सेवक शिक्षकों के साथ ही ग्रामीणों से इस केंद्र की सफलता के लिए सहयोग का आह्वान किया। बाल विकास परियोजना पदाधिकारी प्रेरणा कुमारी ने महिलाओं को आंगनवाड़ी केंद्र से जुड़कर विभिन्न लाभकारी योजनाओं का लाभ उठाने पर बल दिया। प्रखंड साक्षरता समिति के सचिव सह समन्वयक अधिवक्ता चंद्रमौली शर्मा ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए 10 अगस्त तक इस गांव की सभी 64 असाक्षर महिलाओं को साक्षर करने के काम में शिक्षा सेवकों को अधिकाधिक सहयोग करने की आवश्यकता बताई। केआरपी अनिल कुमार ने जिला एवं प्रखंड के प्रशासनिक पदाधिकारियों से केंद्र का निरंतर निरीक्षण एवं मार्गदर्शन का अनुरोध किया। कार्यक्रम को बीआरपी अजय कुमार , सुभाष प्रसाद सिंह , महिला बाल विकास पर्यवेक्षिका , प्रभारी प्रधानाध्यापक महेश प्रसाद चौरसिया , ग्रामीण सरयुग प्रसाद सिंह आदि ने संबोधित किया । जबकि कार्यक्रम में अंचल अधिकारी प्रेम कुमार , शेष कुमार , मदन सिंह , शिक्षा सेवक रामाशीष भुइयां , नंदू रजक , सुबोध राम समेत भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## अंतर्राष्ट्रीय नशा मुक्ति दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

समाज जागरण लखीसराय

जिले के गांधी मैदान परिसर में नशा मुक्ति को लेकर लखीसराय उत्पाद विभाग के द्वारा विश्व ड्रगस दिवस का आयोजन किया गया उक्त आयोजन को लेकर उत्पाद विभाग की ओर से लखीसराय जिला अधिकारी संजय कुमार सिंह एवं लखीसराय पुलिस अधीक्षक पंकज कुमार को आमंत्रित किया गया तथा उनके आने के बाद कार्यक्रम की शुरूआत की गई उक्त मौके पर लखीसराय जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह ने विशेष तौर पर जानकारी देते हुए बताया गया कि 26 जून को अंतर्राष्ट्रीय नशा निषेध दिवस सभी स्थानों पर मनाया जाता है जबकि बिहार राज्य में पूर्ण शराबबंदी है और खासकर आज के दिन लखीसराय जिले में मीडिया के




माध्यम से बताना चाहते हैं कि लोग नशे से दूर रहें और खासकर वृक्ष की ओर तो बिल्कुल भी नहीं साथ ही जिलाधिकारी ने यह भी बताया कि लखीसराय सदर अस्पताल में भी कई आयोजन किए गए हैं जबकि उत्पाद विभाग की टीम के द्वारा लखीसराय गांधी मैदान से लखीसराय शहर में नशा मुक्ति को लेकर पैदल मार्च किया गया उक्त मौके पर लखीसराय जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक पंकज कुमार ,उत्पाद अधीक्षक ,उत्पाद निरीक्षक लखीसराय प्रकाश कुमार, अमृत गुप्ता, समेत उत्पाद थाने के सभी पुलिसकर्मी मौजूद रहे

22 may 2022:Layout 1 6/27/2022 1:24 AM Page 10



# भाजपा सरकार दलितों, गरीबों, वंचितों , शोषितो ,आदिवासियों, जनजातियों के उत्थान एवं विकास के लिए दृढ़ संकल्पित व समर्पित :- हिमांशु शेखर

**दैनिक समाज जागरण**
**विश्वनाथ आनंद**

गया( मगध बिहार):- भाजपा सरकार दलितों, गरीबों, वंचितों, शोषितो ,आदिवासियों, जनजातियों के उत्थान एवं विकास के लिए दृढ़ संकल्प व समर्पित रही है ' उक्त बातें गया जिला के टेकारी अनुमंडल क्षेत्र के प्रमुख साहित्यकार व सामाजिक कार्यकर्ता हिमांशु शेखर ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहीं ' उन्होंने भाजपा नेतृत्व वाली एनडीए गठबंधन द्वारा राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार श्रीमती द्रौपदी मुर्मू जी को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित किया है। जारी प्रेस विज्ञप्ति में श्री शेखर ने आगे कहा है कि भाजपा नेतृत्व में एनडीए सरकार ने इससे पूर्व डॉ एपीजे अब्दुल कलाम के रूप में एक मुस्लिम राष्ट्रपति बनाने का कार्य किया है, उसके बाद दलित समाज के श्री रामनाथ कोविंद को भारत का सर्वोच्च पद प्रदान किया गया। आज देश आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है। इसअमृतकाल में भारत के



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक आदिवासी महिला को राष्ट्रपति बनाने का संकल्प लिया है। इस ऐतिहासिक निर्णय के लिए भाजपा की पूरी टीम बधाई के पात्र है। भाजपा सरकार ने हमेशा दलितों, गरीबों, वंचितों, शोषितों , आदिवासियों , जनजातियों के उत्थान एवं विकास के लिए दृढ़संकल्पित व समर्पित रही है। उन्होंने आगे कहा कि द्रौपदी मुर्मू की उम्मीदवारी का देश भर में और समाज के सभी वर्गों द्वारा सराहना किया जा रहा है। जमीनी समस्याओं के प्रति उनकी समझ और भारत के विकास को लेकर उनका दृष्टिकोण उत्कृष्ट रहा है। उनके नाम की घोषणा से ही जनजातीय समाज अत्यंत गौरव की अनुभूति कर रहा है। उनके प्रशासनिक, सामाजिक और सार्वजनिक अनुभव का लाभ पूरे देश को मिलेगा। राष्ट्रपति प्रत्याशी के रूप में घोषणा किए जाने के उपरांत द्रौपदी मुर्मू ने मंदिर में झाड़ू लगाकर यह सिद्ध कर दिया है कि, आज भी वह इस देश की एक आम नागरिक है। राष्ट्रपति का चुनाव महज एकऔपचारिकता बनकर रह गई है। सभी दलों को आपसी द्वेष भूलकर सर्वसम्मति से द्रौपदी मुर्मू को समर्थन करना चाहिए।

# जरूरतमंद मरीजों के इलाज के लिए वरदान साबित हो रही है मुख्यमंत्री चिकित्सा सहायता कोष योजना

## एक लाख रुपये से कम वार्षिक आय वाले मरीजों को ही मिलता है योजना का लाभ मान्यता प्राप्त स्वास्थ्य संस्थानों में इलाज कराने पर ही मरीजों को दिया जाता है लाभ

**समाज जागरण लखीसराय**

सामुदायिक स्तर पर लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने और आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों को इलाज कराने में आर्थिक समस्या बाधक नहीं बने, इसके लिए सरकार एवं राज्य स्वास्थ्य समिति बेहद गंभीर और सजग है। जिसे सार्थक रूप देने के लिए राज्य सरकार द्वारा मुख्यमंत्री चिकित्सा सहायता कोष योजना लाई गई है। जिसके माध्यम से ऐसे मरीजों को इलाज के लिए सरकार द्वारा सहायता राशि उपलब्ध कराई जाती है, जो आर्थिक समस्या के कारण अपना इलाज कराने में असमर्थ हैं। उक्त योजना के माध्यम से राज्य के आम जरूरतमंद और असाध्य रोग से पीड़ित मरीजों को सरकार द्वारा आर्थिक सहायता दी जाती है। उक्त योजना का लाभ लेने को सरकार द्वारा कुछ शर्त और नियम-प्रावधान भी लागू किया गया है। जैसे, इस योजना का लाभ लेने वाले मरीजों की वार्षिक आय एक लाख रुपये के अंदर हो समेत अन्य नियम-प्रावधान लागू किया गया और ऐसे ही मरीजों को उक्त योजना का लाभ दिया जाता है। ताकि जरूरतमंद मरीज आसानी से योजना का लाभ ले अपना समुचित इलाज करवा सकें।

इन बीमारी से पीड़ित मरीजों को दी जाती है सरकार द्वारा सहायता राशि :

सिविल सर्जन डॉ देवेन्द्र कुमार चौधरी ने बताया, सरकार द्वारा कैंसर, हृदय रोग, किडनी की बीमारी, ब्रेन ट्यूमर, एड्स, कूल्हा एवं घुटना प्रत्यारोपण, स्पाइनल सर्जरी, मेजर वैस्कुलर सर्जरी और बोनमैरो ट्रांसप्लांट के लिए अलग-अलग सहायता राशि दी जाती है। इसके अलावा भी अन्य रोगों को मान्य करने के लिए निदेशक प्रमुख की अध्यक्षता में गठित अधिकृत समिति द्वारा निर्णय लिया जाता है। असाध्य रोग से पीड़ित व्यक्ति को दी जानेवाली सहायता राशि संबंधित चिकित्सा संस्थान को क्रास चेक के माध्यम से दी जाती है।

जानें, कैसे मिलेगा योजना का लाभः

मुख्यमंत्री चिकित्सा सहायता कोष योजना का लाभ लेने के लिए संबंधित मरीजों (आवेदक) को इलाज कराने वाले स्वास्थ्य सस्थानों के सभी कागजातों के साथ निदेशक प्रमुख, स्वास्थ्य सेवाएं, बिहार को अनुदान के लिए आवेदन समर्पित करना होगा। निदेशक प्रमुख की अध्यक्षता में गठित कमेटी द्वारा आवेदक को निर्धारित तिथि को बुलाया जायेगा। मरीजों द्वारा आवेदन के साथ प्रस्तुत किए गए कागजातों और साक्ष्यों की जांच के बाद अनुदान की राशि जारी कर दी जायेगी। राज्य के अंदर इलाज कराने वाले मरीजों के लिए अलग राशि निर्धारित है ,जबकि राज्य के बाहर इलाज करानेवालों के लिए अलग दर निर्धारित है। एक प्रकार के रोग में अलग-अलग इलाज के लिए भी भिन्न भिन्न राशि निर्धारित की गयी है।

मान्यता प्राप्त स्वास्थ्य संस्थानों में इलाज कराने पर ही मिलेगा योजना का लाभ :

उक्त योजना के तहत मिलने वाली अनुदान राशि सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों या फिर सीजीएचएस से मान्यता प्राप्त स्वास्थ्य संस्थानों में इलाज कराने पर ही संबंधित मरीजों को दी जाती है। उक्त राशि संबंधित संस्थान को चेक के माध्यम से उपलब्ध कराई जाती है।

योजना का लाभ लेने के लिए यह है जरूरी :

मरीज बिहार का नागरिक हो

मरीजों की वार्षिक आय एक लाख रुपये के अंदर हो

रोगों से संबंधित इलाज राज्य सरकार के अस्पताल एवं सीजीएचएस से मान्यता प्राप्त स्वास्थ्य संस्थानों में ही हो

आवेदन के साथ देना होगा यह कागजात :

सक्षम प्राधिकार द्वारा निर्गत आवास प्रमाण पत्र

डीएम, एसडीओ या अंचलाधिकारी द्वारा ही निर्गत आय प्रमाणपत्र

राज्य सरकार के अस्पताल या सीजीएचएस (सेंट्रल गवर्नमेंट हेल्थ स्कीम) से मान्यता प्राप्त अस्पताल के इलाज का स्लीप (पुर्जा) और मूल अनुमानित राशि।

निर्धारित की गई सहायता राशि :

कैंसर - 20 हजार- 60 हजार तक

हृदय रोग - 25 हजार - एक लाख 30 हजार तक

किड़नी रोग - डेढ़ लाख

ब्रेन ट्यूमर - 15 हजार -25 हजार

एड्स - 50 हजार

कूल्हा व घुटना प्रत्यारोपण - 15 हजार-20 हजार

स्पाइनल सर्जरी - 10 हजार -15 हजार

मेजर वैस्कुलर सर्जरी - 20-25 हजार

बोनमैरो ट्रांसप्लांट - 25 हजार

# भोजन बैंक कार्यक्रम नारायणपुर इकाई के माध्यम से..।

**नवगछिया /नारायणपुर :---समाज जागरण (शक्ति ठाकुर/पुरुषोत्तम ठाकुर )।**

#हमारा अभियान भोजन का सदुपयोग करने का...

पुनः आज अभाविप के आयाम स्टुडेंट्स फोर सेवा(रत्न) गतिविधि भागलपुर (नारायणपुर) के माध्यम से एसफएसफ प्रमुख कृष्णा के नेतृत्व में नारायणपुर के बलाहा में बचे भोजन का सदुपयोग करने का प्रयास,शादी के मंडप भोज में बचे भोजन का संग्रह कर वितरण बस्ती में जाकर वितरण किया गया!अभाविप के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य पंकज यादव ने बताया कि किसी भी भोज में भोज बच जाने के बाद उसे उपयोग में लाने के बजाय बर्बाद कर दिया जाता है, लेकिन अभाविप कार्यकताओं को सुचना मिलने पर बचे हुए भोज को संग्रह कर समाज में वितरण किया जाता है! अभाविप के एसफएसफ जिला संयोजक सह प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अनुज चौरसिया ने कहा कि एसफएसफ के माध्यम से जिले के सभी इकाई में प्रयास कर भोजन बैंक कार्यक्रम के तहत भोजन जरूरतमंद के बीच वितरण किया जाता है, आज भी बहुत लोग को एक वक्त की रोटी नसीब नहीं होता है, हमसबो को ऐसे व्यक्ति तक पहुचना



चाहिएचाहिए, ताकि कोई भी भुखा नहीं रह पाए! वही मौके पर अभाविप कार्यकता कुंदन, सुमित यादव, समाजिक कार्यकर्ता अभिषेक सिंह, बजरंग दल के प्रखण्ड संयोजक मंटू जी, पंकज यादव अनुज चौरसिया आदि मौजूद रहे !

# ग्रामीणों के विरोध के बीच कचरा प्लांट के लिये इस्माइलपुर लक्ष्मीपुर से प्रशासन ने हटाया अतिक्रमण।

**नवगछिया /इस्माइलपुर :---समाज जागरण (शक्ति ठाकुर /पुरुषोत्तम ठाकुर )।**

इस्माइलपुर सीओ रोहित कुमार के नेतृत्व में कचरा प्लांट निर्माण के लिये इस्माइलपुर लक्ष्मीपुर गांव में एक कट्ठा जमीन पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गयी।. प्रशासनिक कार्रवाई के समय इस्माइलपुर के बीडीओ अनिल कुमार, इस्माइलपुर पुलिस की स्थल पर प्रतिनियुक्ति थी. ग्रामीणों के विरोध के बावजूद उक्त स्थल से अतिक्रमण हटाया गया, जिसमें कई ग्रामीणों के साथ धक्का मुक्की भी की गयी, जिसमें कुछ ग्रामीणों के आंशिक रूप से घायल हो जाने की बात भी कही जा रही है.

सरपंच मो जहीद, अब्दुल बारी, मो मुल्तान, मो निजाम, मो मोसिम, मो जाबीर, मो खुर्शीद, मो जकीर, मो छोटू ने बताया कि प्रशासन द्वारा जिस जगह पर जमीन को चिन्हित किया गया है, उसके एकदम पास ही मस्जिद है. पास में ही कब्रिस्तान है, हाट है और सघन आबादी है. अगर उक्त स्थल पर कचरा प्लांट बनाया जाता है तो बड़ी संख्या में लोगों को वहां पर दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा. ग्रामीणों ने कहा कि गांव में अन्य जगहों पर सरकारी जमीन है,।

यहां के स्थानीय पदाधिकारियों को बोला जा रहा है कि किसी दूसरी जगह पर कचरा प्लांट बनाया जाय लेकिन पदाधिकारी अपने जिद पर अड़े हैं. सरपंच मो जाहिद ने कहा कि हमलोगों के लिये क्या अच्छा भला होगा, इसमें हम ग्रामीण ही तय करेंगे. लेकिन यहां के स्थानीय पदाधिकारी उनलोगों की तनिक भी नहीं सुन रहे हैं. ग्रामीणों ने मामले की शिकायत प्रमुख से की है. दूसरी तरफ ग्रामीणों ने कहना है जिस तरह बल प्रयोग कर यहां के ग्रामीणों को जमीन से बेदखल किया गया, यह कतई



उचित कार्रवाई नहीं है.

प्रमुख प्रतिनिधि श्रीकांत यादव ने कहा कि ग्रामीणों की मांग जायज है. वे ग्रामीणों की मांग को लेकर वरीय पदाधिकारियों से मिलेंगे.

इस्माइलपुर के बीडीओ ने कहा कि एक ही व्यक्ति ने अतिक्रमण किया था, जिसे अंचलाधिकारी के नेतृत्व में हटाया गया. ग्रामीणों को अपनी मांगों से पदाधिकारियों को अवगत कराना चाहिये.

इस्माइलपुर के थनाध्यक्ष मणि पासवान ने कहा कि कचरा प्लांट निर्माण के लिये प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटाया गया.।

# बिहार के औरंगबाद जिले में पुलिस संरक्षित शराब माफियाओं का आतंक , समझौता नहीं करने पर जान से मार देने का महिला को मिला धमकी, एसपी से न्याय व सुरक्षा का पीड़ता ने लगाई गुहार।

**दैनिक समाज जागरण अनिल कुमार मिश्र ब्यूरोचीफ औरंगाबाद**

हम बात बिहार राज्य के औरंगाबाद जिले के कर रहे हैं जहां एक महिला को शराब कारोबारी द्वारा पीटाई कर दी गयी है और समझौता नहीं करने पर शराब बिक्रेता द्वारा जान से मारने की धमकी दी जा रही है । उसका कसूर सिर्फ इतना है कि उसने शराब कारोबारियों के खिलाफ आवाज उठाने की कोशिश की।

यह सब जानते हैं कि बिहार में शराब पर प्रतिबंध हैं और शराबबंदी कानून को और कड़ाई से लागू कराने को लेकर बिहार-सरकार की ओर से सख्ती बरत जा रही है लेकिन इसकी जमीनी हकीकत बिहार राज्य के औरंगबाद जिले में कुछ और ही नजर आ रहे है।

शराब कारोबारी ने मदनपुर थानाध्यक्ष के फोन से थाना में आकर समझौता करने के लिए पीड़ता/ शिकायतकर्ता को किया फोन,।

बताया जाता है कि औरंगाबाद के एसपी कांतेश कुमार मिश्रा से पीड़ता उर्मिला देवी ने मिलकर न्याय की गुहार लगायी और सुरक्षा की मांग भी किया है। पीड़ता उर्मिला देवी मदनपुर थाना सह प्रखंड के लालटेनगंज गांव का निवासी बताया जा रहा है ।पीड़िता की बात मान ली जाये तो गांव में अवैध शराब कारोबार होता है इसका विरोध करने पर महिला का हाथ पकड़ते हुए बाल खींचकर पिटाई कर दी गई। दिनेश नाम के शराब कारोबारी ने आशा कार्यकर्ता उर्मिला देवी को जान से मारने तक की धमकी भी दे डाली। जिसके बाद पीड़िता ने मदनपुर थाने में आवेदन दिया लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गयी। हद तो तब हो गई जब थाना प्रभारी के मोबाइल से ही शराब कारोबारी दिनेश ने फोन कर दिया। फोन पर उसने महिला से कहा कि थाना आ जाओ और समझौता कर लो। पीड़िता ने कहा कि वो समझौता नहीं करेगी। थाने में जाकर पीड़िता कार्रवाई की मांग करने लगी। जब न्याय नहीं मिला तब थक हार कर वह औरंगाबाद एसपी के पास पहुंच गयी और न्याय की गुहार लगाने लगी। महिला ने बताया कि एसपी ने उससे सारी बातों की जानकारी ली है उसे उम्मीद है कि अब उसे न्याय जरूर मिलेगा। देखना अब यह होगा कि पुलिस व शराबमाफिया गठजोड़ के विरूद्ध कौन सी कार्रवाई होता है औल एसपी साहब उक्त महिला को इंसाफ कब तक दिलाते है।

बताते चले कि एक महीने पूर्व मदनपुर प्रखंड में जहरीली शराब पीने से दो दर्जन लोगों की जाने गई थी। जिसके बाद कुछ दिन तो शराब के खिलाफ ताबड़तोड़ छापेमारी की गई लेकिन जब मामला ठंडा हुआ तब शराब कारोबारी फिर से इसमें लग गये। महिला जब इस बात की शिकायत थाने में जाकर करती है तो उसके बातों को अनसुना कर दिया जाता है। थानेदार के मोबाइल से अवैध शराब कारोबारी महिला को धमकी देने लगता है। शराब के धंधेबाजों के खिलाफ आवाज उठाने की सजा महिला की पिटाई कर दी जाती है।

बताया जाता है कि महिला को जान से मारने की धमकी लगातार दी जा रही है। पुलिस कप्तान से पीड़ता ने शराब कारोबारी के विरूद्ध मदद की माँग की है तथा न्याय दिलाने का माँग की है। अब देखना होगा की महिला को एसपी साहब से कब तक न्याय मिलता है और अवैध शराब के धंधेबाज कब तक सलाखों के पीछे पहुंच पाता है।

# गंदा पानी पीने को विवश है वार्ड न0 28 के लोग। सप्लाई वाटर हर घर नही पहुंचती ।कुछ लोग नल खुले छोड़कर पानी वरवाद करते देखने वाला कोई नही।

**भागलपुर :----समाज जागरण मंडल व्यूरो राजीब पाण्डेय ।**

चारों ओर लोग पानी के लिए परेशान हैं।नगर निगम क्षेत्र में कोई ऐसा वार्ड नहीं है जहाँ निगम प्रशासन द्वारा पर्याप्त मात्रा में पानी की उपलब्धता कराई जा रही है। वही पानी की विकट समस्याओं को देखते हुए मुहिम चलाकर अपने निजी कोष से लगातार युवा समाजसेवी विजय कुमार यादव द्वारा शहर के विभिन्न वार्डों में बोरिंग करा कर पियाऊ के साथ पानी घर-घर तक पहुंचाने की व्यवस्था की जा रही है। इसी कड़ी में आज युवा समाजसेवी बिजय कुमार यादव द्वारा वार्ड 28 नील कोठी घाट बरारी में भी बोरिंग का काम शुरू कराया गया। जिसका विधिवत उद्घाटन बिजय कुमार यादव एवं स्थानीय लोगों द्वारा किया गया। मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि बोरिंग नही होने के कारण हम सबों के बीच पानी की घोर समस्या उत्पन्न हो गई है ।और लोग बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रहे है। उन्होंने बिजय कुमार यादव का धन्यवाद देते हुए कहा कि उन्होंने हमारी जरूरत को समझा और पानी की समस्या को दूर किया ।इसके लिए हम उनके ऋणी





है। हम सबों का आशीर्वाद हमेशा उनके साथ है। उन्होंने जो वादा किया था वह पूरा किया। वही

युवा समाजसेवी बिजय कुमार यादव ने बताया कि पूरे शहर में लोग पानी के लिए परेशान हैं ।और नगर निगम एवं वर्तमान जनप्रतिनिधि जल संकट की समस्या दूर करने में पूरी तरह विफल हैं, ।उन्होंने बताया कि मैंने लोगों की जरूरत और परेशानियों को देखते हुए कई वार्डों में बोरिंग के साथ टंकी लगवा कर घर-घर तक पानी पहुंचाने की व्यवस्था अपने निजी कोष से किया है।

इस अवसर पर अनीता सिन्हा,गुड्डू यादव,आमोद यादव, प्रमोद यादव, विनोद यादव ,संजीब पांडेय उर्फ बबलू,संजीव मिश्रा, बिक्की यादब,मदन यादब आदि लोग मौजूद थे ।वहां के बड़े बुजुर्गो ने आशीर्वाद देते हुए कहा कि इस वार्ड के लोगों को शुद्ध पानी मिलेगा ।

# बीजेपी में मुख्यमंत्री बनने लायक कोई नहीं झ्र गोपाल मंडल।

**भागलपुर /नवगछिया :----समाज जागरण (राजीब पाण्डेय /शक्ति ठाकुर )।**

भागलपुर जिला के पुलिस जिला नवगछिया के गोपालपुर विधानसभा क्षेत्र से जदयू विधायक नरेंद्र कुमार नीरज उर्फ गोपाल मंडल ने कहा कि संजय जायसवाल जब प्रदेश अध्यक्ष बने थे ।तब से उनको जान रहे हैं हम तो उसके पहले जानते भी नहीं थे. ।भाजपा को भागलपुर में हम मजबूत किये हैं.। संजय जायसवाल में समझदारी की कमी है.। अग्निपथ योजना पर बोले राजनाथ सिंह ने गलती किया पहले विज्ञापन निकाल कर जानकारी देनी थी ।उसके बाद ये लागू करना था. ।भाजपा वाले गलत सही करते रहते हैं.।

इसलिये हिन्दुस्तान का छात्र भड़क गये.। वहीँ उन्होंने कहा की ये महाराष्ट्र नहीँ बिहार है,। हम लोग खूटा गाड़ विधायक हैं।. कोई उखाड़ नहीँ सकता है.। भाजपा मे कोई ऐसा आदमी ही नहीं है जो मुख्यंमत्री बने ,। सिर्फ नीतीश कुमार ही हैं.। भाजपा अलग चुनाव लड़के देख



ले औकात का पता चल जायेगा.। भाजपा के पास सिर्फ दो ही जात है जो वोटिंग ही नहीं करती..। महाराष्ट्र मे ऐसा घटना घटा है तो पूरा हिन्दुस्तान सतर्क है.।

# कहारपुर में कोसी ने एक घर को निगला ,जलमीनार कटाव से 5 फिट दूर ।

**बिहपुर-----समाज जागरण /पुरुषोत्तम ठाकुर ।**

हरिओ पंचायत के कोसी पर कहारपुर में कोसी कटाव का सिलसिला जारी हैं।हालांकि जलस्तर में थोड़ी कमी देखी गई हैं. ।फिर भी कटाव हो रहा हैं।पंसस अंजू देवी , मुखिया प्रतिनिधि सच्चिदानंद सिंह ,पंसस प्रतिनिधि शिवशंकर दास एवं वार्ड सचिव रविशंकर यादव ने बताया की तुलो रविदास का घर कोसी के गर्भ में समा गया.।

वही कटाव के मुहाने पर जितने भी घर हैं।.उसे लोग तोड़कर कर हटा रहे हैं।वही जलमीनार अब कटाव से मात्र 5फिट की दूरी पर हैं।.वही पीएचडी विभाग के जेई मंटू कुमार ने बताया की इस जलमीनार से 110 घरों में पानी का कनेक्शन हैं।.पिछले वर्ष कोसी कटाव को देखते हुये जलमीनार स्ट्रक्चर को खोल कर हटा लिया गया था.। जब जलस्तर में कमी आई थी तो पुनः स्ट्रक्चर को खड़ा किया था.। जेई ने बताया कटाव की स्थिति को देखते हुये स्ट्रक्चर को खोल कर हटा लिया जाएगा।.उधर कोसी



कटाव को लेकर लोगों में भय का माहौल बना हुआ हैं. ।लोग घरों को तोड़कर सुरक्षित जगहों पर जा रहे हैं ।

# रेल पुलिस ने शुरू की छापेमारी, नवगछिया पहुंचे रेल डीएसपी

**भागलपुर /नवगछिया :--- समाज जागरण / राजीब पाण्डेय /शक्ति ठाकुर ।**

नवगछिया --कटिहार रेल खंड पर कल हुई व्यवसायी से सोना लूट की घटना प्रकाश में आते ही रेल के वरीय पुलिस पदाधिकारियों ने संभावित ठिकाने पर छापेमारी शुरू कर दी है।. उसके लिये पुलिस कटिहार जिला पुलिस के साथ साथ आस पास के रेल थानों की पुलिस की भी मदद ले रही है।. रेलवे के पदाधिकारी मान रहे हैं कि अपराधियों ने सुनियोजित तरीके से घटना को अंजाम दिया है। और घटना में अंतरराज्यीय गिरोग का हाथ है.।

रेल पुलिस ने पश्चिम बंगाल के कुछ थानों को भी अलर्ट किया है। जबकि पुलिस मधेपुरा, नवगछिया, कटिहार के अपराधियों और संदिग्ध गतिविधि वाले अपराधियों और रेल पाकेटमारों की भी मौजूदा गतिविधियों का भी टोह ले रही है. ।देर शाम रेल डीएसपी कुमार देवेन्द्र नवगछिया रेल थाना पहुंचे।. यहां पर उन्होंने पीड़ित व्यवसायी से विस्तार से पूछ ताछ की और अपराधियों का हुलिए की भी जानकारी ली.।

सूत्रों से जानकारी मिली है कि पीड़ित व्यवसायी द्वारा बताए गए हुलियै के आधार पर अपराधियों का स्क्रैच तैयार किया गया।



और फिर अपराधियों की गिरफ्तारी और सोने की बरामदगी सुनिश्चित की जाएगी.। रेल डीएसपी ने कांड के संदर्भ में नवगछिया रेल थनाध्यक्ष प्रमोद सिंह और अन्य पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिया है.। इधर मामले की प्राथमिकी नवगछिया रेल थाने में दर्ज कर ली गयी है।. रेल थाने की पुलिस ने दावा किया है कि जिसने भी वारदात को अंजाम दिया है, ।उसे बख्शा नहीं जाएगा. ।चाहे कितने भी बड़े रसूखदार क्यों न हो।

# दुष्कर्म का आरोपी मामू-भांजा गिरफ्तार

**समाज जागरण**

पकरीबरावां। पकरीबरावां पुलिस ने दुष्कर्म के एक मामलें में मामू-भांजा को गिरफ्तार किया है। इसकी जानकारी देते हुए पकरीबरावां एसएचओ शिशुपाल ने बताया कि थाना क्षेत्र के एक गांव में एक 15 वर्षीय किशोरी के साथ दुष्कर्म का मामला आने के बाद किशोरी के आवेदन पर एफआईआर दर्ज की गई थी। इसके बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 15 वर्षीय आरोपी एवं उसके मामा विजय कुमार को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि दोनों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

# तीन अलग- अलग मामलें में तीन गिरफ्तार

**समाज जागरण**

पकरीबरावां। पकरीबरावां पुलिस ने थाना क्षेत्र के तीन अलग- अलग स्थानों से तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। इसकी जानकारी देते हुए पकरीबरावां एसएचओ शिशुपाल ने बताया कि ज्यूरी से मारपीट के दो अलग अलग मामलें में गणेश महतो एवं अखिलेश कुमार को गिरफ्तार किया गया है। वहीं, पकरीबरावां से मो. कैसर को पुलिस ने धर दबोचा है। मो. कैसर पूर्व में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पकरीबरावां में तोड़फोड़ मामलें में आरोपित था। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

# 10 लीटर शराब के साथ महिला गिरफ्तार

**समाज जागरण**

पकरीबरावां। पकरीबरावां पुलिस ने थाना क्षेत्र के गांधी टोला से 10 लीटर शराब बरामद किया है। साथ ही एक महिला को भी गिरफ्तार किया गया। इसकी जानकारी देते हुए पकरीबरावां एसएचओ शिशुपाल ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर पकरीबरावां के गांधी टोला में कार्रवाई करते हुए 10 लीटर महुआ शराब बरामद किया गया। वहीं, कलवा देवी नामक महिला को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

# नशा नहीं करने की दिलाई गई शपथ

**समाज जागरण लखीसराय**

जिले के मानिकपुर थाना परिसर में अंतर्राष्ट्रीय नशा मुक्ति दिवस के मौके पर मानिकपुर थाना देख बृजेश कुमार के द्वारा थाने में कार्यरत सभी पुलिसकर्मियों को नशा से दूर रहने की शपथ दिलाई गई लिए गए शपथ में आजीवन नशा से दूर रहेंगे एवं दूसरों को भी नशा से दूर रखेंगे जिसे सभी पुलिसकर्मियों ने गंभीरता पूर्वक शपथ ली एवं उक्त मौके पर थाना



अध्यक्ष बृजेश कुमार के द्वारा थाने परिसर में वृक्षारोपण भी किया गया साथ ही आपको बता दें कि मानिकपुर थाना अध्यक्ष बृजेश कुमार ने जब से मानिकपुर थाने में अपना योगदान दिया है तब से अपने सारे कार्यों को ईमानदारी पूर्वक निर्वहन करते चले आ रहे हैं जिसको लेकर क्षेत्र में उनकी काफी अच्छी छवि बनकर उभरी है

# आठ शराब की भठ्ठी को किया गया ध्वस्त

**समाज जागरण लखीसराय**

जिले के नक्सल प्रभावित क्षेत्र कछुआ एवं दरगाह टोला में अवैध शराब कारोबार किए जाने की सूचना पर लखीसराय उत्पात थाना चानन थाना और एंटी लिक्विड फोर्स की सत्तू छापेमारी अभियान चलाया गया तथा छापेमारी की खबर पाकर शराब कारोबारी



भूमिगत हो गए एवं इस दौरान छापेमारी के दौरान देसी महुआ शराब में उपयोग आने वाली चार हजार किलो जावा महुआ तथा देसी शराब का निर्माण कर रहे तकरीबन आठ शराब की भठ्ठी को भी पुलिस कर्मियों के द्वारा ध्वस्त कर दिया गया छापेमारी में उत्पाद विभाग के लखीसराय निरीक्षक प्रकाश कुमार और काफी संख्या में पुलिसकर्मी शामिल रहे

# घरेलू विवाद में एक व्यक्ति घायल

**समाज जागरण सूर्यगढ़ा**

स्थानीय थाना क्षेत्र अंतर्गत रामपुर इंग्लिश गांव में घरेलू विवाद के दौरान हुई मारपीट के दौरान एक व्यक्ति को काफी गंभीर रूप से घायल हो गए तथा जिसे बेहतर इलाज हेतु सूर्यगढ़ा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर लेकर जाया गया जहां घायल व्यक्ति का इलाज किया गया इस संदर्भ में पीड़ित व्यक्ति मनोज यादव ने जानकारी देते हुए बताया गया कि घर पर ही पिता



रामविलास यादव और भाई सनोज यादव एवं दीपक यादव के द्वारा मेरे साथ मारपीट की घटना को अंजाम दी गई है जिससे मेरे सर में काफी चोटें आई हैं मेरे घर के पिता एवं भाइयों के द्वारा अपनी पत्नी एवं बच्चों के साथ घर से बाहर रहने को लेकर वाद विवाद हुआ जिसमें मेरे साथ मारपीट की घटना को अंजाम दिया गया है उक्त घटना को लेकर पीड़ित व्यक्ति के द्वारा सूर्यगढ़ा थाने में आवेदन देने की बात बताई गई है

# 70 लीटर देसी शराब बरामद

**समाज जागरण लखीसराय**

जिले के चानन थाने के नक्सल प्रभावित कछुआ जंगली पहाड़ी इलाकों में अवैध देसी महुआ शराब कारोबार किए जाने की सूचना पर पुलिस निरीक्षक मद्य निषेध बिंदेश्वरी प्रसाद यादव, और उत्पाद विभाग की प्रीति कुमारी, एवं चानन थाने के शिव कुमार सिंह, सुरेंद्र सिंह, रामानंद उराव, तलअत परी, एवं सशस्त्र बलों के साथ कछुआ जंगली पहाड़ी इलाके में छापेमारी के दौरान 2500 किलो जावा महुआ और पांच शराब की भठ्ठी को घटनास्थल पर ही विनिष्ट कर मौके से 70 लीटर देसी महुआ शराब बरामद किया गया है लगातार छापेमारी से शराब कारोबारियों में काफी दहशत व्याप्त है

# भागलपुर के कहलगाँव स्थित बटेश्वर पम्प नहर योजना की मशीनें फाँक रही धूल, करोड़ों की योजना का उद्घाटन होने के बाद भी किसानों को फायदा नहीं।

**भागलपुर :---समाज जागरण (राजीब पाण्डेय /केदारनाथ पाण्डेय)**

भागलपुर। एक तरफ बिहार सरकार दुर्गम क्षेत्रों में भी गंगाजल पहुंचा रही है तो वहीं दूसरी तरफ भागलपुर के कहलगांव की बटेश्वर पंप नहर योजना 45 वर्ष बीत जाने के बाद भी शुरू नहीं हो सकी है। इसके लिए 1997 में ही नींव रखी गई थी। बकायदा फरवरी 2018 में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इसका उद्घाटन भी किया लेकिन 8.80 इस योजना का लाभ किसान नहीं उठा सके।

2016 में जल संसाधन मंत्रालय के सलाहकार समिति ने 828.80 करोड रुपए पुनरीक्षित लागत में मंजूरी दी थी। इसमें बिहार सरकार को लगभग 637 करोड व झारखंड सरकार को 191.85 करोड़ खर्च के लिए मिला। इससे बिहार के 22716 वह झारखंड के 4887 हेक्टेयर जमीन की सिंचाई होगी। लेकिन इसकी शुरूआत को लेकर सिर्फ बातें हुईं किसान इससे लाभान्वित नहीं हो सके। पंप हाउस के मोटरों मशीनों पर धूल जम चुका है।

22 may 2022:Layout 1 6/27/2022 1:24 AM Page 11



## नवगछिया इन्तरस्तरीय उच्च विद्यालय के पास 20 बोतल कोरेक्स के साथ एक गिरफ्तार।

**नवगछिया :----समाज जागरण /शक्ति ठाकुर।**

वाहन चेकिंग के क्रम में नवगछिया पुलिस ने शनिवार को देर शाम इंटर स्तरीय उच्च विद्यालय के पास 20 बोतल कोरेक्स के साथ एक बाइक सवार युवक को गिरफ्तार कर लिया है. गिरफ्तार युवक भवानीपुर निवासी चंदन कुमार है. पुलिस ने गिरफ्तार युवक की मोटरसाइकिल को भी जब्त कर लिया है.नवगछिया पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि वाहन चेकिंग के क्रम में जब पुलिस ने युवक को रोक कर तलाशी ली तो बाइक की डिक्की से 20 बोतल कोरेक्स बरामद किया गया. मामले की प्राथमिकी नवगछिया थाने में दर्ज कर ली गयी है जबकि गिरफ्तार युवक को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है.।

## मसदी पंचायत के वार्ड तीन मे दबंगों द्वारा टंकी नहीं चढाने पर मुख्यमंत्री जलनल योजनाओं का लाभ 15 दिनों नहीं मिल रहा, पानी के लिए ग्रामीण त्राहिमाम।

**भागलपुर:---समाज जागरण (राजीब पाण्डेय /निभाष मोदी )।**

सुलतानगंज प्रखंड के मसदी पंचायत के वार्ड तीन मे मुख्यमंत्री जलनल योजनाओं का लाभ पन्द्रह दिनों से नहीं मिल रहा हैं।वहीं ग्रामीणों ने बताया कि मुख्यमंत्री जलनल योजनाओं के लिए अशोक कुमार गौतम के नाम से जमीन का एनओसी दिया गया हैं।तीन वर्षों से मुख्यमंत्री जलनल योजनाओं का लाभ मिल रहा था।टंकी खराब होने पर नया टंकी लगाया जा रहा था।लेकिन जमीन मालिक अशोक कुमार गौतम ने टंकी चढाने से मना करने पर 15 दिनों से पानी नहीं मिल रहा हैं।वहीं वार्ड तीन के सदस्या गीता कुमारी ने बताया कि टंकी अशोक कुमार गौतम के द्वारा नहीं चढाने दिया जा रहा हैं।जिससे ग्रामीणों को पन्द्रह दिन से.पानी नहीं मिल रहा हैं।इसकी शिकायत विडिओ मनोज कुमार मुर्मू को करने पर ग्रामीणों के द्वारा आवेदन मांगा गया हैं।ग्रामीणों से लिखित आवेदन दिया गया हैं।वहीं पदाधिकारियों ने कहा हैं कि स्थल निरक्षण करते हुये कार्यवाही कि जाएगी।इस दौरान कई ग्रामीण मौजुद थे।

## थाना परिसर में लगा जनता दरबार, मामलों का ऑन द स्पॉट निपटारा।

**समाज जागरण मंझोलिया**

मझौलिया थाना परिसर में जमीनी विवाद संबंधी मामलों के निपटारे को लेकर जनता दरबार का आयोजन किया गया। आयोजित शिविर में अंचल क्षेत्र से कई फरियादियों ने अपने मामलों से जुड़े कागजी कागजातों के साथ उपस्थित हुए। जिसमें थानाध्यक्ष अशोक कुमार साह आर ओ ओमप्रकाश सिंह तथा अंचल निरीक्षक राधेश्याम यादव के मौजूदगी में आधा दर्जन से अधिक मामलों को ऑन द स्पॉट निपटारा किया गया।इस मौके पर अंचल लिपिक रामु उडॉव ,विकास कुमार सहित अन्य उपस्थित थे ।



## तेज रफ़्तार अनियंत्रित बाइक सवार को हुआ सड़क दुर्घटना

**समाज जागरण बगहा से नीरज मिश्रा**

घटना नौरंगिया थाना क्षेत्र के मदनपुर मोड़ कि है
मौके पर पुलिस पहुंच कर बाइक सवार को इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया
नौरंगिया थाना एएसआई अकशुद आलम ने बताया कि यह यूपी के तरफ से आ रहा है जो तेज रफ़्तार अनियंत्रित होकर मदनपुर मोड़ चके पोस्ट के पास ईट का चली लगा हुआ था
जो बाइक सवार उसमें सामने से टक्कर मारी
उसकी पहचान वाल्मिकी नगर के निवासी बालचन्द यादव के पुत्र बिंदा यादव के रूप में कि गई है
अस्पताल में उपस्थित चिकित्सक डाक्टर तारिक नदीम ने तुरंत इलाज करने के बाद बेहतर इलाज के लिए बेतिया रेफर कर दिया गया



## राजगुरू चौक पर खुले इंडिया- 1 एटीएम का गरिमा सिकारिया ने किया उद्घाटन, कहा-पैसे निकालने मे लोगों को होगी

**समाज जागरण समीर कुमार**

बेतिया : नगर निगम की निवर्त्तमान सभापति गरिमा देवी सिकारिया ने राजगुरू चौक के समीप इंडिया-1 कम्पनी एटीएम (ऑटोमेटेड टेलर मशीन) का समारोह पूर्वक उद्घाटन किया।



इस मौके पर उन्होंने कहा कि बैंकिंग कारोबार में प्राइवेट सेक्टर की भागीदारी लगातार बढ़ रही है। प्राइवेट सेक्टर की कम्पनियां ग्राहकों को अतिरिक्त सुविधाएं देकर आकर्षण का केंद्र बनने में कामयाब हो रहीं हैं। अब एटीएम केवल रुपए निकालने का ही साधन नहीं है। डिजिटल ट्रांसफर और रुपये जमा करने की भी सुविधा एटीएम प्वाईंट्स पर मिलती है।
उन्होंने कहा कि एटीएम रुपए की जमा निकासी में ग्राहकों के समय के साथ बैकों की भीड़ व कतार से बचाती है।
श्रीमती सिकारिया ने कहा कि प्रायः हर शहर बाजार से लेकर हरेक मुख्य चौक चौराहों पर भी एटीएम की सुविधा उपलब्ध है। यात्रा के समय में भी प्लास्टिक मनी सुरक्षित होती है।
कुश बाबू गैश लाल चौकः इस मौके पर कुश कश्यप, अनुराग चतुवेर्दी , दिपू शर्मा , सूरज भास्कर, रवि कुमार, आदित्य मौर्य , रोहित कुमार आदि उपस्थित रहे

## गोराबौराम बनेगा राजद का अभेद किला आसिफ जमाल

**समाज जागरण आकिब शेख गौरा बौराम दरभंगा**

गोराबौराम विधानसभा के आसी गांव में रविवार को राजद के युवा नेता आसिफ जमाल के अगुवाई में 200 लोगो ने राजद की सदस्यता ग्रहण किया



। वही नए सदस्यों ने ने राजद परिवार में आस्था रखते हुए कहा कि समय की जरूरत है राजद को तेजस्वी यादव के अगुवाई में बिहार सरकार बनना है वर्तमान सरकार में न कोई सिद्धांत और ना ही रोजगार की बात होती है.सिर्फ नफरत भरी राजनीति कर के प्रदेश के भोली भाली जनता को ठगने का काम किया जाता है। वही इस मौके पर गौरा बौराम के प्रखंड अध्यक्ष सह जिला परिषद अजय यादव , मोहम्मद जावेद राजकुमार चौपाल , मोहन यादव , विजय पासवान , छन्नू कामती, मोहम्मद अली सहित राजद के कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## प्रीतम और मधु हत्याकांड के बाद एक बार फिर से चर्चा में आया नवगछिया।

**नवगछिया :--झसमाज जागरण /शक्ति ठाकुर।**

करीब दस वर्ष पहले नवगछिया सनसनीखेज वारदातों के लिये चर्चा में बना रहताथा ।. वर्ष 2012 में अवध असम एक्सप्रेस से नौ जुलाई को असम के सिल्चर निवासी शोधार्थी प्रीतम भट्टाचार्य के अपहरण का मामला प्रकाश में आया था जबकि 15 जुलाई को कटरिया ओवर ब्रीज के पास उसकी सिर कटी लाश मिली थी.।
दूसरी तरफ 10 जुलाई को नवगछिया स्टेशन के पास ही खगड़िया जिले के चकहुसैनी निवासी युवती मधु उर्फ नैना की लाश मिली थी.। दोनों घटनाओं के बाद नवगछिया में क्राइम का बोलबाला पूरे राज्य के लिये चिंता का विषय बन गया था।. ठीक दस वर्ष बाद वर्तमान में ढाई केजी सोना लूट मामले में भी एक बार फिर से नवगछिया रेल थाना चर्चा में है.। स्थानीय लोग राजद नेता राजेंद्र



यादव, राजद के राष्ट्रीय प्रवक्ता नितेश यादव, भाजपा के जिला मंत्री मुकेश राणा आदि ने कहा कि रेल और यात्री सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस को 10 वर्ष पहले की घटनाओं से सबक लेना चाहिये और सुरक्षा को निरंतर पुख्ता बनाने का प्रयास करना चाहिये.
लोगों का कहना है कि प्रीतम से अपराधियों ने नवगछिया पूर्वी केबिन के पास बैग छीन लिया और प्रीतम अपराधियों का पीछा करते हुए नवगछिया स्टेशन पर उतर गया ।और वह अपराधियों के जाल में फंस गया.। वर्तमान घटना भी प्रीतम हत्याकांड से मिलती जुलती है. इस घटना में भी अपराधियों ने स्वर्ण व्यवसायी का बैग ले लिया.। घटना के समय व्यवसायी अपराधियों का विरोध करते तो निश्चित रूप से प्रीतम हत्याकांड की पुनरावृत्ति हो जाती.।

## राष्ट्रीय प्रेरणा अवॉर्ड से सम्मानित किए गए बिहपुर के शिक्षक शिक्षिकाओं को।

**भागलपुर :---समाज जागरण (राजीब पाण्डेय /पुरुषोत्तम ठाकुर )।**

रविवार को मध्यप्रदेश के इंदौर शहर में बिहपुर निवासी हरीलाल साह व चुन्नी देवी के पुत्र घनश्याम को शिक्षक संस्थान के छात्रों के लिए आयोजित समारोह में देशभर के कुल 110 प्रतिभागियों को राष्ट्रीय प्रेरणा अवार्ड 2022 से सम्मानित किया गया।इंदौर के मैरीओट फाईवस्टार होटल में यह अवार्ड समारोह आयोजित हुआ।घनश्याम के द्वारा ग्रामीण शिक्षा के उपर अपने विचार व सुझाव को रखा था।और धनश्याम ने ग्रामीण शिक्षा को और बेहतर बनाने के लिए कुछ अपने सोच को रखा था।बताया गया कि उक्त राष्ट्रीय प्रेरणा अवार्ड घनश्याम को मुख्य अतिथि पद्मश्री कनूभाई टेलर,सांसद लंबी समेत अन्य दिग्गज हस्तियों ने प्रदान किया।बता दें कि बिहपुर निवासी घनश्याम कुमार ने अपनी मेघा का डंका राज्य से लेकर राष्ट्रीय स्तर पर एक बार फिर से बजाया है।इसे पूर्व घनश्याम ने मैजिक बुक ऑफ रिकॉर्ड में अपना नाम दर्ज कराया है।उनके उत्कृष्ट लेखन निबंध और भाषण को देखते हुए मैजिक बुक ऑफ रिकॉर्ड ने इन्हें ट्रॉफी मेडल और सर्टिफिकेट देकर उनको सम्मानित किया गया था।घनश्याम अभी भागलपुर जिले के नारायणपूर प्रखंड अंतर्गत नगरपारा स्थित टीचर ट्रेनिंग कॉलेज में पढ़ाई कर रहे हैं।घनश्याम बॉल बैडमिंटन का एक बेहतरीन खिलाड़ी भी है।नवगछिया पुलिस जिला बॉल बैडमिंटन संघ के सचिव ज्ञानदेव कुमार व अंतराष्ट्रीय खिलाड़ी राहुल कुमार समेत अंकित शर्मा आदि ने बताया कि राष्ट्रीय व राज्य स्तरीय प्रतियोगिता




के अलावा भी घनश्याम ने पूर्व में चार अंतरराष्ट्रीय स्तर के क्विज में भी शामिल होकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है।घनश्याम बॉल बैडमिंटन के खिलाड़ी भी और उसने कई किताबें भी लिखी है।इधर घनश्याम को बिहपुर विधायक ई.शैलेंद्र व टीचर ट्रेनिंग कॉलेज के सभी व्याख्याता राजेश कुमार,बृजेश कुमार,रवि कुमार मंडल,आदित्य कुमार व रघुनंदन सिंह आदि इस अवार्ड के लिए बधाई दी है।

## सातवें चरण में छात्र-शिक्षक अनुपात में रिक्तियों की गणना को लेकर हुई बैठक।

**समाज जागरण बेतिया जिला ब्यूरो**

पश्चिम चंपारण जिले के सीटेट बी टेट पास अभ्यर्थियों ने सातवां चरण प्राथमिक विज्ञप्ति हेतु शिक्षक व छात्र अनुपात में रिक्तियों को लेकर बैठक किया जिसकी अध्यक्षता भावी प्रारंभिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष मोहम्मद इस्लाम सर ने किया जिसमें 20 सदस्य टीम का गठन किया गया जो दिनांक 27/06/ 2022 से 30/06/2022 तक जिले के प्रत्येक प्रखंडों में इ.ए. ड. ( प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी) को ज्ञापन देंगे। जिससे जिले के अधिक से अधिक रिक्तियों की गणना की जा सके।
आपको बता दें कि शिक्षा विभाग के आदेशानुसार व बिहार के मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार के मंसूबे हैं कि बिहार में शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ की जा सके। इसके लिए अधिक से अधिक शिक्षकों की बहाली हो ताकि बच्चों को शिक्षा प्राप्ति में किसी तरह की कठिनाइयों का सामना न करना पड़े। इसको लेकर बिहार के सभी जिला शिक्षा पदाधिकारियों द्वारा पत्र जारी कर रिक्तियों को मांगी जा रही है, लेकिन कतिपय यह देखा जा रहा है कि इस प्रक्रिया में शिथिलता पाई जा रही है। इसी की कमियों को देखते हुए बेतिया जिले में आज रविवार को एक बैठक रखी गई थी। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि भावी प्रारंभिक शिक्षक संघ के सदस्य सभी प्रखण्ड शिक्षा



पदाधिकारियों को ज्ञापन सौंप इस प्रक्रिया में उत्प्रेरक की भूमिका निभाएंगे। इस बैठक में जिलाध्यक्ष इस्लाम सर व जिला उपाध्यक्ष मोहम्मद रियाज सर के साथ अफरोज आलम, संजय कुशवाहा, देवेंद्र कुशवाहा, रामू मेहता, नजीर आलम, नूर मोहम्मद आलम, चंदन कुमार व प्रभात हलचल इत्यादि बहुत से अभ्यर्थी शामिल हुए।

## नेशनलाइज बैंक के लिए भितहा में उठी मांग स्थानीय विधायक से पहल करने की मांग।

**समाज जागरण बगहा से नीरज मिश्रा**

मानसून सत्र में सरकार के सामने रखा जायेगा यह समस्या 25 किमी से अधिक दूरी तय कर जाना पड़ता है मधुबनी व भैसहवा शाखा

भितहा में राष्ट्रीयकृत बैंक की शाखा नही होने स्थानीय लोगों को भारी परेशानी है। ग्रामीणों ने रविवार को इसकी मांग को लेकर स्थानीय स्तर पर प्रदर्शन करते हुए सरकार से जल्द राष्ट्रीयकृत बैंक की शाखा खोलवाने की मांग किया। ग्रामीणों ने बाल्मीकिनगर विधायक धीरेंद्र प्रताप सिंह उर्फ रिंकू सिंह से सरकार के समक्ष इस समस्या को रखने की अपील करके नेशनलाइज बैंक की शाखा खोलवाने की मांग किया है। प्रदर्शन कर रहे ग्रामीण पप्पु गुप्ता, सुरेश कुशवाहा ,रामेश्वर गुप्ता,हृदयालाल गुप्ता आकाश.राय आदि लोगो का कहना है कि राष्ट्रीयकृत बैंक की शाखा नही होने से भितहा के लोगों परेशानी हो रही है। नेशंनलाइज बैंक में खाता खोलने समेत बैंकिंग संबंधित जरूरी कार्य को लेकर जरूरतमंदों को भारतीय स्टेट बैंक की मधुबनी शाखा और बैंक ऑफ इंडिया की भैसहवा शाखा जाने के लिए 25 किमी से अधिक दूरी तय करना पड़ता है।
प्रदर्शन में शामिल ग्रामीणों ने बताया कि भितहा प्रखंड की जनसंख्या लगभग 85 हजार है। जहां 50 से अधिक मजलूम नेशंनलाइज बैंक शाखा को ले सदैव परेशान हो रहे हैं।
ग्रामीणों का कहना है कि नेशंनलाइज बैंक में बैंक खाता खोलने व एनपीसीआई समेत जरूरी कार्य को लेकर लगभग 25 किमी से अधिक दूरी तय करके भारतीय स्टेट बैंक की शाखा मधुबनी और लगभग इतना ही दूरी का सफर करके बैंक ऑफ इंडिया की तमकुहीरोड स्थित



शाखा भैसहवा जाना पड़ रहा हैं। जबकि बैंक ऑफ इंडिया की उपरोक्त शाखा बिहार के भितहा प्रखंड का है जो यूपी के तमकुही में संचालित है। जबकि इसकी मांग वर्षो से ग्रामीणों द्वारा किया जाता आ रहा है लेकिन स्थानीय जनप्रतिनिधि से लेकर अधिकारियों का ध्यान कभी नही हुआ। केवल ग्रामीणों को आश्वासन ही मिला है। जहां उक्त मामले में सरकार की चुप्पी से ग्रामीणों में गहरी नाराजगी है। इसबीच पूछने पर वाल्मीकि नगर के विधायक धीरेंद्र प्रताप सिंह उर्फ रिंकू सिंह ने कहा कि भितहा की आवाम की नेशनलाइज बैंक की समस्या समाधान के लिए विधान सभा के मानसून सत्र में सरकार के समक्ष रखा जायेगा।

## श्रावणी मोहोत्सव मेला के लिए सरकार ने जारी किया 6 लाख

**पूर्णिया/दैनिक समाज जागरण/प्रवीण भदौरिया**

पूर्णिया जिला के बनमनखी विधायक सह कृषि उद्योग विकास समिति के सभापति कृष्ण कुमार ऋषि ने जानकारी देते हुए बताया कि राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग बिहार सरकार के द्वारा राज्य के प्रमुख मेलों के आयोजन एवं व्यवस्था हेतु तैयारियां शुरू कर दी गई है .राज्य के विभिन्न जिलों में आयोजित होने वाले मेलों में श्रद्धालुओं के सुख सुविधा आदि को लेकर मंथन प्रारंभ कर दिया है.
विधायक श्री ऋषि ने बताया कि बिहार में कुल 10 स्थानों पर श्रावणी महोत्सव का आयोजन की स्वीकृति राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग बिहार सरकार द्वारा दिया गया है. जिसमें पूर्णिया जिला के धिमेश्वर धाम मंदिर बनमनखी भी शामिल है. एक महीना तक चलने वाले श्रावणी महोत्सव आयोजन हेतु विधि व्यवस्था एवं अन्य कार्यों में खर्च होने वाली राशि का ब्यौरा पूर्व में हीं अनुमंडल स्तर से विभाग को भेज दिया गया था. जिसकी स्वीकृति के पश्चात बिहार सरकार द्वारा छह लाख आवंटित कर दिया है. विधायक श्री ऋषि ने बताया कि वर्ष 2019 से बनमनखी के धीमेश्वर धाम मंदिर में एक माह का श्रावणी महोत्सव की स्वीकृति बिहार सरकार के द्वारा दी गई थी.
उन्होंने कहा कि मनिहारी घाट से धिमेश्वर धाम मंदिर तक पैदल कांवरिया, वाहन युक्त कांवरिया के द्वारा बाबा के मंदिर में जल अर्पण किया जाता है.इसकी व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए बनमनखी स्तर पर श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की कोई कठिनाई नहीं हो इसके लिए विधि व्यवस्था पर कार्य प्रारंभ करने का भी आग्रह किया है.
विधायक श्री ऋषि ने बताया कि मुख्य रूप से स्थल पर भूमि समतलीकरण कार्य ,वाटरप्रूफ पंडाल निर्माण, बिजली व्यवस्था ,भजन गायन के लिए मंच की व्यवस्था, मेला क्षेत्र में प्रकाश व्यवस्था, ध्वनि विस्तारक यंत्र, फोटोग्राफी एवं वीडियोग्राफी, सीसीटीवी कैमरा, वॉच टावर , मंदिर सजावट ,सुरक्षा,पानी,शौचालय निमाण आदि को ध्यान में रखते हुए एक महीना तक चलने वाले श्रावणी महोत्सव 2022 की तैयारी आकर्षक तरीके से हो इस हेतु बैठक बुलाकर कार्यवाही प्रारंभ करने का भी उन्होंने निर्देश दिया है।

## नवगछिया में कोरोना संक्रमित मरीजों की संख्या मे लगातार बृद्धि हो रही है।

**नवगछिया:-- समाज जागरण /शक्ति ठाकुर**

नवगछिया में कोरोना ने दस्तक दे दी है. लगातार दूसरे दिन भी नवगछिया अनुमंडल अस्पताल में किये गए कोरोना जांच में दो कोरोना संक्रमित लोगों की पहचान की गयी है. संक्रमित लोगों में एक रसलपुर गांव का 42 वर्षीय व्यक्ति है तो एक अनुमंडल अस्पताल नवगछिया की महिला कर्मी है.
अनुमंडल अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ अरुण कुमार ने कहा कि दोनों रोगियों में मामूली सर्दी खांसी और बुखार का लक्षण है. दोनों की स्थिति ठीक है. अस्पताल से दोनों को कोरोना किट दिया गया है और होम आइसोलेशन पर रहने की सलाह दी गयी है. दोनों रोगियों के संपर्क में आने वाले सभी लोगों का कोरोना टेस्ट आज कराया जाएगा.
जबकि शुक्रवार को नवगछिया नया टोला से कोरोना संक्रमण सामने आने के बाद शनिवार को रोगी के संपर्क में आये सभी लोगों की जांच की गयी. सबों की रिपोर्ट नेगेटिव आयी है. दो दिनों में कोरोना के तीन मामले सामने आने के बाद लोगों में दहशत का माहौल है. अनुमंडल




अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ अरुण कुमार ने बताया कि कोरोना को लेकर नवगछिया के लोगों को सतर्क रहना चाहिये. लोग मास्क अवश्य पहनें और सोसल डिस्टेंसिंग का भी पालन करें.।

## बोरी पर बैठकर, ब्लैकबोर्ड की जगह कमरें के दरवाजे पर लिखकर होती है पढ़ाई, हाल कहलगाँव के एक मध्य विद्यालय का

**भागलपुर:---समाज जागरण /केदारनाथ पाण्डेय ।**

भागलपुर के कहलगांव अनुमंडल के मध्य विद्यालय साहूपारा में बच्चों को ब्लैक बोर्ड के स्थान पर लोहे के दरवाजे पर पढ़ाया जाता है।अब इससे अंदाजा लगा सकते हैं कि बिहार में शिक्षा व्यवस्था किस स्तर की है । कक्षा 4 के बच्चे बरामदे पर बैठकर पढ़ाई कर रहे हैं ।और ब्लैक बोर्ड के स्थान पर शिक्षक कमरे के दरवाजे में लिखकर समझा रहे हैं। कक्षा चार में 54 छात्र नामांकित हैं। जो छात्र पहुँचे वो सभी बरामदे पर बूट का बोरा बिछा उसपे बैठकर पढ़ाई कर रहे हैं। ऐसा नहीं कि कक्षा 4 के लिए कमरा नहीं है इस स्कूल के गलत मैनेजमेंट के कारण सभी छात्र बरामदे पर बैठकर पढ़ते हैं । कक्षा 4 के कमरे को स्टोर रूम बना दिया गया है। इस विद्यालय में करीब 380 छात्र नामांकित है। प्रधानाध्यापीका बताती हैं की यहां कमरे की कमी है इसलिए बरामदे पर बिठाते हैं वहां बोर्ड नहीं है जब पैसा आएगा तब बोर्ड खरीदेंगे। दूसरा कमरा है वहाँ बोर्ड भी है लेकिन वहां मध्याह्न भोजन का आलू है। बाहर में प्राकृतिक हवा है इसलिए बच्चा यहां पढ़ता है। इस हालात पर नौनिहालों की मानें तो प्रधानाध्यपिका के




कहने पर 1 महीने से बाहर में पढ़ाई कर रहे हैं और ब्लैकबोर्ड नहीं होने के कारण दरवाजे पर पढ़ाते हैं। दरवाजा ही ब्लैकबोर्ड है। बहरहाल तस्वीर पानी की तरह साफ है कि किस तरह से नौनिहालों की भविष्य से खिलवाड़ किया जा रहा है।

## सेमरा बाजार में दो पक्षो में जमकर मारपीट

**समाज जागरण बगहा से नीरज मिश्रा**

--अनुमंडलीय अस्पताल में इलाज के दौरान भी भीडे दोनो पक्ष, एक पक्ष से एक गम्भीर रूप से जख्मी, बेतिया रेफर।
--नगर थाना के सहयोग से मारपीट को कराया गया शांत।
--अन्य चार भी जख्मी
सेमरा बाजार में आपसी विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। घटना शनिवार की देर रात्रि की बताई जा रही है। इस घटना में रजनीश कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें परिजनों के द्वारा अनुमंडलीय अस्पताल बगहा लाया गया। डॉ. विजय कुमार ने रजनीश की स्थिति को नाजुक देखते हुए बेतियाजीएमसीएच रेफर कर दिया। इस घटना के संदर्भ में रजनीश ने बताया की वह सीएसपी संचालक है तथा उसे मोबाइल की दुकान भी है। देर शाम को सेमरा बाजार से अपना सीएसपी और मोबाइल का दुकान बंद कर घर लौट रहे थे। इसी दरम्यान घात लगाए बैठे तीन लोग राजेश मद्धेशिया, अखिलेश मद्धेशिया व पप्पू मद्धेशिया ने उसके साथ मारपीट करते हुए रॉड से मारकर गम्भीर रूप से जख्मी कर दिए तथा पूरे दिन का पैसा तकरीबन 1 लाख 70 हजार रुपये छीन लिए। सीएसपी संचालक ने बताया कि इसी दरमियान 4 चक्का वाहन रास्ते से गुजरी। जिसके लाइट पर तीनों को पहचान लिया।
--अस्पताल में दोनो पक्ष भिड़े, अन्य चारो आरोपियों की हुई कुटाई
इधर इस मामले की जानकारी लेने तीनों आरोपी अनुमंडलीय अस्पताल पहुंच गए। जैसे ही रजनीश के परिजनों ने चारो को देखा उग्र हो गए। फिर क्या था देखते ही देखते पप्पू मद्धेशिया व अखिलेश मद्धेशिया की जमकर पिटाई होने लगी। कोई गुस्से बरसा रहा था तो कोई थप्पड़ मार रहा था। अस्पताल में अफरा-तफरी का



माहौल हो गया। जिसके बाद अस्पताल प्रबंधन ने स्थानीय थाना को फोन कर इसकी सूचना दी। सूचना मिलते ही बगहा थानाध्यक्ष अनिल कुमार सिन्हा सिपाहियों के साथ अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचे। तब जाकर यह मामला शांत हुआ।
--एक रेफर 4 को मामूली चोट
डॉ. विजय कुमार ने बताया कि एक पक्ष से रजनीश कुमार 35 वर्ष को आंख पर गम्भीर चोट देखते हुए उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए जीएमसीएच बेतिया रेफर कर दिया गया है। इसके साथ दूसरे पक्ष से चार लोग मुन्ना कुमार (33) नागर कुमार (15) राजेश साह (15) पप्पू साह (28) का इलाज अस्पताल में किया गया।

## शरीर और आत्मा का मिलन ही नृत्य का सृजन है - रंजीता प्रजापति

**समाज जागरण मुरारी झा दरभंगा**

शारीरिक व्यवस्थित क्रियाकलाप और आत्मीय भाव का संगम होता है तो ही नृत्य की उत्पत्ति होती है। एक नृत्यांगना के अंदर दोनो को साथ लेकर चलने की कला होनी चाहिए। उक्त बाते पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद दरभंगा इकाई के द्वारा प्रतिवर्ष गर्मी की छुट्टियों में आयोजित हो रहे निःशुल्क प्रशिक्षण हेतु सर्जना निखार शिविर अंतर्गत नृत्यर्पण नूपुर कलाश्रम की प्रशिक्षिका रंजीता प्रजापति ने बताया।
पत्रकरिता के प्रशिक्षक राघव झा ने आज अखबार में खबर का हेड लाइन कैसे लिखा जाता है इस पर विस्तृत चर्चा की
कंप्यूटर के प्रशिक्षक इंजीनियर देव सिंह ने शिविर में सॉफ्टवेयर डिवाइस के कार्य एवं उपयोग के बारे में जानकारी से अवगत करवाया।
फाइन आर्ट की प्रशिक्षिका अनामिका कुमारी ने स्केचिंग की विधियों को सरल तरीके से बनाने की दिशा निर्देश दिया।
एजुकेशन सोल्यूशन फॉर यू के निर्देशक के द्वारा शिविर में आ रही प्रशिक्षकों को कैरियर काउंसलिंग के बारे में बताया गया जिसके अंतर्गत ग्रेजुएशन से लेकर मास्टर तक आने वाली बहुत सारी कोर्स के बारे में बताया गया जिससे बच्चों को रोजगार पाने में कोई दिक्कत नही हो



संगीत के प्रशिक्षक मोहित पांडेय ने लोकगीत के बारे में चर्चा कर एवं स्वराभ्यास पर जोड़ दिया।
इस अवसर पर सहयोग में प्रदेश सह मंत्री पूजा काश्यप, वैष्णवी कुमारी, पूजा कुमारी,महानगर मंत्री सूरज ठाकुर , विभाग संयोजक उत्सव पराशर अंजली सहित दर्जनों सहयोगी उपस्थित थे।

## छात्र दिवस और विद्यार्थी परिषद की स्थापना दिवस को लेकर बैठक

**समाज जागरण मुरारी झा दरभंगा**

बिरौल अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की बिरौल इकाई द्वारा नगर इकाई गठन, आगामी राष्ट्रीय छात्र दिवस और विद्यार्थी परिषद की स्थापना दिवस को लेकर बैठक आयोजित किया गया।
बैठक में सम्मलित प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य मिश्रीलाल ने परिषद के उद्देश्यों को बताते हुए कहा कि अभाविप० अपने स्थापना काल से ही सदैव छात्र व राष्ट्रहित में कार्य करते आ रहा है।
विद्यार्थी परिषद केवल महाविद्यालय तक ही सीमित नहीं है बल्कि यह समाज से लेकर राष्ट्र तक कार्य करता है।



जिला एसएफडी प्रमुख राघव आचार्य ने कहा कि विद्यार्थी परिषद राष्ट्र पुनर्निर्माण के व्यापक संदर्भ के शिक्षा क्षेत्र में कार्य करने वाला दुनिया का सबसे बड़ा छात्र संगठन है। परिषद का मानना है कि छात्र कल का नहीं, आज का निमार्ता है।
छात्र शक्ति, राष्ट्र शक्ति है जैसी अवधारणा पर विवेकानंद को अपना आदर्श मानते हुए राष्ट्र हित की भावना से शैक्षिक परिसरों में काम करता है।
इस बैठक में पर गोविंद झा,अमित राय, राजन ठाकुर, मोहित नायक,अभिषेक कमती,रौशन, बजरंग, मनोरंजन,मनोहर,हरिओम, गजानंद, रामकुमार साहू आदि उपस्थित थे।

## शंकराचार्य गुरुदेव जी के जन्मदिन पर सुन्दरकांड पाठ ,हनुमान चालीसा पाठ ,रुद्राभिशेक का हुआ आयोजन

**समाज जागरण मुरारी झा दरभंगा**

घनश्यामपुर सांग वेद पाठशाला में आज अष्ट कृष्ण पक्ष त्रयोदशी रविवार विक्रम संवत 2022 तदनुसार 26/06/2022 ई को गोवर्धन पीठाधीश्वर जगत गुरु शंकराचार्य अनन्त श्री विभूषित निश्चलानन्द सरस्वती गुरुदेव का प्रकाट्योसव 80 वॉ जन्मदिन मनाया गया ।। इस उपलक्ष्य में सुन्दरकांड पाठ ,हनुमान चालीसा पाठ ,रुद्राभिशेक सामुहिक किया गया ।
शंकराचार्य गुरुदेव का उद्देश्य है कि -सुसंस्कृत-सुरक्षित सम्पन्न ,सेवापरायण ,समाज का कल्याण, प्राणियों में सद्भावना हो ,स्वस्थ औड्ट सर्व हित प्रद व्यक्ति तथा समाज की संरचना एवम अन्यो के हित का घ्यान रखते हुए हिन्दुओ के अस्तित्व और आदर्श व गौ माता की रक्षा देश की सुरक्षा और अखण्डता इन आदर्शो से युक्त भारत वर्ष हो ।
इस कार्यक्रम का आयोजक राम बाबू झा ब्रह्मचारी आश्रम घनश्यामपुर के द्वारा किया गया ।।

22 may 2022:Layout 1 6/27/2022 1:24 AM Page 12



# झारखंड संक्षिप्त खबरें

## आकाशीय बिजली गिरने से पिता पुत्र की दर्दनाक मौत, एक घायल

**केशरिया हिंदुस्तान/शिवशंकर पाण्डेय जिला ब्यूरो**

बालाघाट।किरनापुर थानांतर्गत ग्राम रमगढ़ी निवासी पिता पुत्र की आकाशीय बिजली की चपेट में आने से मौत हो गई वही बगल में काम कर रहे एक किसान गंभीर रूप से घायल हो गया जिसको सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र किरनापुर से बालाघाट जिला अस्पताल रेफर किया गया है।प्राप्त जानकारी अनुसार रमगढ़ी निवासी बलीराम पटले अपने 10 वार्षिक पुत्र यश के साथ खेत मे धान की बुआई कर रहे थे तभी चमक गरज के साथ तेज बारिश होने लगी जिससे बचने के लिए



पिता पुत्र ने ट्रैक्टर का सहारा लेकर बैठ गए कि अचानक उनके ऊपर आकाशीय बिजली गिर गई जिसकी चपेट में पिता पुत्र के अलावा सुरेश बिसेन नामक किसान आ गए जहां पिता पुत्र की मौत हो गयी वही सुरेश बिसेन गंभीर रूप से घयलहो गया जिसको किरनापुर स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।प्रशासन ने आमजन से अपील किया है कि बारिश होते व बिजली कड़कते समय किसी का सहारा न ले,एक जगह कई लोग न रहे,अगर एकदम जरूरी हो तब एक दूसरे से दूरी बनाकर रहे अन्यथा ऐसे मौसम में घर चले जाएं।थोड़ी सी सावधानी से स्वयं व अपनो को बचाया जा सकता है।\

## इंडियन जर्नलिस्ट यूनियन (आई जे यू ) की दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यसमिति बैठक सफल पूर्वक संपन्न।

**समाज जागरण संवाददाता विवेक देशमुख**

बिलासपुर। इंडियन जर्नलिस्ट यूनियन ( आई जे यू) की राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक18 जून की सुबह 11 बजे केरल के कोडुंगलुर होटल सीशोर में मुख्य अतिथि स्थानीय सांसद के मुख्य आतिथ्य में शुरू हुई । अपने उद्बोधन में उ न्हों ने कोडुंगलुर को ऐतिहासिक नगरी बताते हुए इसके महत्व को बताया



। उन्होने भारत के विभिन्न प्रदेशों से अध्यक्ष डेलीगेट्स का स्वागत करते हुए उम्मीद जताई कि पत्रकारों की समस्याओं के निदान के लिए हो रही ये बैठक अपने उद्देश्यों में सफल होगी ।

इस दौरान विभिन्न प्रदेशों के पत्रकारों ने नेशनल प्रेसिडेंट गीतार्थ पाठक , सेक्रेटरी जनरल सबीना इंद्रजीत सहित मुख्य अतिथि का अभिनन्दन किया गया । बैठक के दौरान छत्तीसगढ़ अरुणाचल प्रदेश , असम , कर्नाटक, केरल , मणिपुर, उड़ीसा, उत्तर प्रदेश , के पत्रकारों ने अपनी रिपोर्ट रखते हुए अपनी बात कही । बैठक में जम्मू कश्मीर और बांग्ला देश के प्रतिनिधियों ने भी भाग लिया । 19 जून को आयोजकों ने पत्रकारों को साइट सीन के दौरान विश्व प्रसिद्ध प्राचीन भगवती मंदिर, विश्व की दूसरी तथा एशिया की पहली मस्जिद तथा प्राचीन संत चर्च का भ्रमण कराया इसके बाद तरबूज मोटर बोट के माध्यम से बैक वाटर के इलाके में पत्रकारों को म्यूजियम का भ्रमण कराया गया।

छत्तीसगढ़ से छ ग श्रमजीवी पत्रकार कल्याण संघ के प्रदेश अध्यक्ष बी डी निजामी प्रदेश महासचिव विजय लांड़गे प्रदेश सचिव इजहार अहमद सिद्धकी प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य राधेश्याम कोरी एवं प्रीति सरू ने भाग लिया।

## बालिकाओं के अच्छे भविष्य के लिए खुलवाएं सुकन्या समृद्धि योजना के तहत खाता

नूंह जुबैर खान नूंह 26 जून : उपायुक्त अजय कुमार ने बताया कि बालिकाओं के अच्छे भविष्य के लिए बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत सरकार द्वारा शुरू की गई सुकन्या समृद्धि योजना के तहत बालिकाओं का जिले के किसी भी डाकघर या बैंक में खाता खुलवाया जा सकता है। क्योंकि माता-पिता द्वारा इस खाते में जोड़ा गया पैसा बालिका को अपने जीवन में आगे बढ़ने में सहायता करेगा।

उन्होंने बताया कि बेटी बचाओं-बेटी पढ़ाओं अभियान को गति देने के लिए सरकार द्वारा सुकन्या समृद्धि योजना को शुरू किया गया है। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत खाता कम से कम 250 रुपये में खोला जा सकता है। एक वर्ष में अधिक से अधिक खाते में एक लाख 50 हजार रुपये

*– योजना के तहत किसी भी डाकघर या बैंक में खुलवाया जा सकता है खाता*
*– आयकर में भी मिलेगी योजना के तहत छूट*

जमा करवाए जा सकते हैं। सरकार द्वारा जमा राशि व परिपक्वता राशि पर इनकम टैक्स में छूट दी गई है। उपायुक्त ने बताया कि सुकन्या समृद्धि योजना के तहत बेटी की आयु 18 वर्ष की होने के बाद जब भी शादी करें, खाता बंद करवा सकते है। विवाह से एक माह पहले या तीन महीने बाद तक खाता बंद करवाया जा सकता है। उन्होंने बताया कि योजना के तहत माता-पिता अपनी बेटी की शिक्षा, शादी हेतु थोड़ा-थोड़ा करके पैसा जमा करवाकर चक्रवृद्धि ब्याज पर पैसा जोड सकते है। उपायुक्त अजय कुमार ने बताया कि इस योजना के तहत दसवीं की परीक्षा पास करने तथा 18 वर्ष की आयु होने पर लडकी की पढ़ाई/शिक्षा के लिए आधा पैसा भी निकाल सकते है तथा शेष राशि शादी के समय निकाली जा सकती है। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत खाता खुलवाने के लिए आवेदन पत्र के साथ बेटी का जन्म प्रमाण पत्र, माता या पिता का फोटो, आईडी तथा रिहायशी प्रमाण पत्र संलग्न करना होगा।

## मछुरदा ग्रामपंचायत से सरपंच पद की उम्मीदवार झिलसो बाई तिलगाम का सघन प्रचार जारी

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय जिला ब्यूरो**

बिरसा/बालाघाट।जिले में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव का पहला चरण शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हो चुका है जिसमे महिलाओं ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया।बिरसा जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत मछुरदा के सरपंच पद के लिए सात सात उम्मीदवारो ने नामांकन दाखिल किया है जो महिलाओं के लिए आरक्षित है।बता दे मछुरदा ग्रामपंचायत में वर्तमान सरपंच का दबदबा रहा है जिनको बीस साल से ऊपर जनता ने चुना लेकिन विकास के नाम पर इन्होंने कुछ नही किया।कोरका निवासी और सरपंच पद की उम्मीदवार झिलसो बाई का कहना है कि जो सरपंच सिर्फ अपने परिवार का भला सोचता हो उसको सरपंच बनने का कोई हक नही है क्योंकि सरपंच पूरे पंचायत का मुखिया होता है जो पूरे पंचायत को अपना परिवार मानता है उसको ही सरपंच बनने का मौका मिलना चाहिए।झिलसो बाई का कहना है कि ग्रामपंचायत मछुरदा की जनता ने इस बार बदलाव करने का फैसला कर लिया है जो होकर रहेगा।जनता मेरे पक्ष में पूरी तरह से तैयार है।ग्रामपंचायत मछुरदा में बिजली की समस्या बहुत ज्यादा है कई गांव में बिजली ही नही पहुंची है जो बड़ी शर्मनाक बात है।देश को आजाद हुए वर्षों हो गए लेकिन



हमारी ग्रामपंचायत आज भी गुलाम बनी हुई है जिसको आजाद कराना नितांत जरूरी है जिसको मैं पूरा करूंगी।हर गांव में शिक्षा, बिजली और विकास ही मेरा मुद्दा है जिसको हर हाल में पूरा होना चाहिए।झिलसो बाई ग्राम कोरका से आती हैं जहाँ नक्सलवाद अपनी जड़ें जमा चुका है जो आमलोगों के लिए नासूर बन गया है जिसको जड़ से समाप्त करना सबसे बड़ी चुनौती है।झिलसो बाई का अपने गांव,ग्रामपंचायत और सबसे बड़ी परेशानी नक्सलवाद के बारे में सोचना निश्चित ही एक कुशल नेतृत्व को दशार्ता है जो झिलसो बाई में दिख रहा है।अब देखना यह होगा कि 08 जुलाई को जनता किसके पक्ष में मतदान करती है पूरे ग्रामपंचायत के बारे में सोचने वाली झिलसो बाई या कोई और इसका फैसला 08 जुलाई को होगा।

## क्या प्रभारी महामंत्री जैजेपुर विधानसभा मे जिताऊ प्रत्याशी खोजने मे सफल हो पायेंगे ??

**समाज जागरण संवाददाता विवेक देशमुख**

जांजगीर -चांपा। जिला के जो कुछ महीना बाद शक्ति जिला का हिस्सा हो जायेगा ! जैजेपुर विधानसभा मे कांग्रेस का परचम लहरा पायेगा ? यह यक्ष प्रश्न लगातार सत्तारूढ़ दल के नेताओं के मन मे लगातार घूमढ़ रहा है।इसी यक्ष प्रश्न का उत्तर तलासने अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने प्रदेश कांग्रेस को विशेष निर्देश देकर प्रदेश कांग्रेस के सबसे अनुभवी और मजे हुये कांग्रेसी नेता अर्जुन तिवारी को जांजगीर चांपा जिले का संगठन प्रभारी बनवाये थे और जैसा की बताया जाता है श्री तिवारी लगातार जिले का दौरा करते हुये पामगढ़,चांपा और जैजेपुर विधानसभा क्षेत्रों मे जितने योग्य कांग्रेसी उम्मीदवारों का तलाश करते संगठन को मजबूत कर रहे हैं।पामगढ़ व चांपा मे उन्होंने जितने योग्य उम्मीदवार की जानकारी प्रदेश कांग्रेस को बता दिये हैं लेकिन लगता है जैजेपुर विधानसभा मे उनकी कोशिश परवान नहीं चढ़ पा रहा है और यही कारण है की श्री तिवारी लगातार जैजेपुर विधानसभा क्षेत्र का दौरा कर रहें है।

प्रदेश कांग्रेस के सूत्रों की माने तो अग्निपथ योजना का विरोध करने आयोजित सत्याग्रह



आंदोलन की अगुवाई करने श्री तिवारी ने खुद जैजेपुर जाने की इच्छा जताई और प्रदेश कांग्रेस ने उनकी इच्छा का सम्मान करते हुये जैजेपुर का प्रभारी बना दिये,इसके पीछे छिपे जो निहित कारण उभर कर सामने आ रहा है वो ये की जैजेपुर मे एक से बढ़कर एक कद्दावर कांग्रेसी नेता हैं जो विधानसभा का चुनाव लड़ने का हसरतें पाले हुये हैं लेकिन आपस मे इन नेताओं मे सामंजस्य का आभाव है जिसका फायदा बसपा नेता श्री केशव चंद्रा को मिलता है और वे लगातार दो बार से विधायक बनते आ रहे हैं।

जैजेपुर विधानसभा क्षेत्र से विधायक बनने श्री बलराम चंद्रा,श्री बालेश्वर साहू,टेकचंद चंद्रा,चौलेश्वर चंद्राकर,ठाकुर गुलजार सिंग,कुशल कश्यप,ज्ञान चंद्रा,श्री दिनेश शर्मा( अन्नपूर्णा ),अभिषेक स्वर्णकार तो है ही वहीं अनुसूचित जाति की बहुलता का हवाला देकर राजेश लहरे व सुरेंद्र भार्गव जैसे अनुसूचित जाति के नेता भी दावेदारी करने से पीछे नहीं हट रहें है।ब्लॉक कांग्रेस जैजेपुर के अध्यक्ष श्री नंदकुमार चंद्रा भी कभी -कभार नये दावेदार पेश कर मामले को पेचीदा बनाते रहते हैं।ऐसे मे प्रदेश कांग्रेस के महामंत्री व जिले के संगठन प्रभारी श्री तिवारी के सामने सिवाय उलझन का कोई स्पष्ट चित्र उभर नहीं पा रहा है।जैजेपुर विधानसभा क्षेत्र के कुछ बुद्धिजीवियों व सरकारी अधिकारियों की माने तो जो जानकारी निकलकर आ रही है उसमें श्री तिवारी जमीनी स्तर के कार्यकताओं से लगातार बातचीत व मिल रहें है ताकि जिताऊ उम्मीदवार की तलाश पुरी हो सके।हालांकि बताया जाता है श्री तिवारी लगातार यहाँ की रिपोटिंग मुख्यमंत्री श्री बघेल व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष श्री मरकाम के साथ -साथ डॉक्टर चरणदास महंत को भी दे रहे हैं,बावजूद इसके जैजेपुर विधानसभा को जितना कांग्रेस की सर्वोच्च प्राथमिकता मे हैं।

## छ.ग. प्रदेश कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति एवं जनजाति विभाग कांग्रेस का मेरूदंड - राजकुमार अंचल

**समाज जागरण संवाददाता विवेक देशमुख**

राजनांदगांव। छ.ग. प्रदेश कांग्रेस कमेटी व जिला कांग्रेस कमेटी के निदेर्शानुसार कल दिनांक 25.06.2022 सतनाम भवन राजनांदगांव में जाति एवं जनजाति कांग्रेस विभाग का एक दिवसीय संकल्प शिविर संपन्न हुआ। व कार्यक्रम में अतिथि के रूप में प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार अंचल, डोंगरगढ़ विधायक भुनेश्वर बघेल, पूर्व मंत्री धनेश पाटिला जी, जिला अध्यक्ष पदम सिंह कोठारी, प्रदेश महासचिव थानेश्वर पाटिला, आदिवासी कांग्रेस अध्यक्ष लादुराम तुमरेकी, जिला पंचायत सदस्य द्वय कांति भंडारी व रामछत्री चंद्रवंशी एवं सभी ब्लाक कांग्रेस कमेटी जाति एवं जनजाति अध्यक्षगण अपनी कार्यकारिणी के साथ कार्यक्रम में शामिल हुए। प्रदेश अध्यक्ष ने प्रदेश सरकार द्वारा चलाये जा रहे जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ ज्यादा से ज्यादा लेने का निवेदन किया है। अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष अनुसूचित जाति ब्लाक अध्यक्षो के मांग पर उनकी



सहमति पर प्रत्येक ब्लाक में 10 लाख रुपए निर्माण कार्य एस अनुसूचित जाति मोहल्लो में स्वीकृति दिलाने की सहमति प्रदान की। ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी के द्वारा जाति एवं जनजाति के विकास में संगठन में भागीदारी सुनिश्चित करने व उदयपुर में संकल्प लिये गये निर्णयों पर सर्वसम्मति से मोहर लगाई गई। सभी ब्लाक अध्यक्षों को संकल्प शिविर को संबोधन करने का अवसर प्रदान किया गया। संगठन में 50 प्रतिशत जगह 50 वर्ष के कम उम्र के लिये सुरक्षित रखने का अनुरोध किया गया उसमें महिलाओं का प्रतिनिधित्व निश्चित अनुपात में रखने का निर्णय लिया गया। संगठन में रिक्त जगह की भरपाई समय सीमा पर कराये जाने का संकल्प लिया गया। उक्त जानकारी जिला कांग्रेस अनुसूचित जनजाति विभाग के अध्यक्ष पंकज बांधव व लादुराम तुमरेकी ने दी। स्वागत भाषण सिद्धार्थ डोंगरे एवं कार्यक्रम का आभार अजय मारकण्डे ने की। उक्त कार्यक्रम में सैकड़ों कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी संकल्प शिविर में भाग लिये।

मयुथ हथेल, शिशुपाल भारती, अनिल मेश्राम, ललित लहरे, लोकदीप बोरकर, सुनील कोठारी, कोषण कोसरे, जैतराम कोसरे, अश्वनी टंडन, गोविंद टंडन, गोपीचंद गायकवाड़, हर्षिता बघेल, राजेश्वरी चांदने, कांति भंडारी, रामछत्री चंद्रवंशी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित हुए।

## देहरादून 25जून मनभावन पैलेस गुरु रोड में भव्य भजन संध्या का आयोजन किया गया

**दीपक गुप्ता संवाददाता**
**दैनिक समाज जागरण**

देहरादून। जय मां वैष्णो सेवा मंडल रजिस्टर्ड देहरादून द्वारा मनभावन पैलेस गुरु रोड में भव्य भजन संध्या का आयोजन किया गया जिसमें मथुरा वृंदावन से पधारे परम श्रद्धेय भजन प्रवाहक श्री चित्र जी श्री विचित्र जी ने अपने भजनों का ऐसा जादू बिखेरा की सभी सुनने वाले मंत्रमुग्ध हो गए।सर्वप्रथम सांय काल में संस्था के पदाधिकारियों प्रतिनिधियों एवं अन्य अतिथियों ने प्रभु के सम्मुख ज्योत प्रज्वलित की उसके पश्चात स्थानीय भजन गायकों श्री अरविंद सांई श्री बलराम शर्मा जी साथ ही मयूर गुप्ता ने एक से बढ़कर एक भजन प्रस्तुत किए।

शाम 7:00 बजे जब चित्र विचित्र जी का प्रवेश हुआ तो उन्होंने श्री गणेश वंदना गुरु वंदना मां सरस्वती वंदना के पश्चात राधा रानी की जय, मथुरा वृंदावन बाके बिहारी लाल की जय का जोरदार जयघोष करके क से बढ़कर एक भजन, काली कमली वाला मेरा यार है, सांवरे को दिल में बसा कर तो देखो, राधा रानी हे श्यामा प्यारी, सांवरिया ले चल परली पार, मेरी विनती है यही राधा रानी कृपा बरसाए रखना, जैसे भजनों की झड़ी लगा दी पंडाल में उपस्थित प्रत्येक श्रद्धालु अपने अपने



स्थानों पर खड़े होकर झूमने लगे देर रात्रि तक भजन संध्या चलती रहे।भजन संध्या को लेकर इतना उत्साह था कि अपराह्न से ही श्रद्धालु कार्यक्रम स्थल पर एकत्र होने लगे थे और सायं काल होते-होते श्रद्धालुओं की लंबी-लंबी कतारें सड़क पर लगने लगी आयोजकों ने तीन भव्य स्क्रीन की व्यवस्था भी की थी जिसके माध्यम से भक्तों ने कार्यक्रम का आनंद लिया।कार्यक्रम के संयोजक विशाल गुप्ता,अरुण खरबन्दा,रोहित गोयल एवं संस्था की पूरी टीम ने बहुत सुंदर इंतजाम किये हुए थे जिससे श्रद्धालुओ ने भजन संध्या का भरपूर लुफ्त उठा श्री वृंदावन धाम देहरादून में ही बस गया हरिद्वार से विशेष रूप से मंगाई गए कमल पुष्पों से पूज्य व्यास पीठ को सजाया गया था जिस पर विराजमान होकर श्री चित्र जी एवं विचित्र जी ने श्याम और राधारानी के मधुरभजनों की ऐसी मधुर प्रस्तुति दी जिससे सभी श्रोता भाव विभोर होकर नृत्य करने लगे।भजन संध्या में माननीय कैबिनेट मंत्री उत्तराखंड सरकार गणेश जोशी, विधायक राजपुर खजान दास, महापौर सुनील उनियाल गामा भाजपा वरिष्ठ नेता अनिल गोयल पुनीत मित्तल विनय गोयल,भाजपा नेता एवं महाकाल के दीवाने सामाजिक संस्था से अंकुर जैन, दीपक जेठी,नवेंदु चौहान,अरुण मारवाह,मनोज सिंघल,पार्षद विशाल कुमार,मनोज जाटव,विमला गौड़,पृथ्वीनाथ सेवा दल संजय गर्ग,नवीन गुप्ता,रोशन राणा, राहुल माटा, दीपक वर्मा,महिला मोर्चा कमली भट्ट, अंशिता शर्मा,रुचिका शर्मा,एवं हजारों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

*आज का युवा एवं बच्चे नशे के कारण दिशाहीन हो रहा है =बाल कल्याण अधिकारी*

## अंतर्राष्ट्रीय नशा मुक्ति दिवस पर विशेष।

**बच्चों व युवाओं को नशा मुक्ति दिवस पर नशा के खिलाफ संकल्प लेना जरूरी है =कमलेश शास्त्री**

**नूंह जुबैर खान**

नूंह। देश का भविष्य युवाओ को माना जाता है. इसलिए देश की प्रगति के लिए युवाओ का सही कदम पर चलना बहुत ही जरुरी होता है. देश के सञ्चालन में आज की युवा का विशेष योगदान होने वाला है.पिछले कुछ सालो से नशा लोगो को अपना आदी बना रहा है. लोग नशेड़ी बनकर अपना तथा अपनों का भविष्य बर्बाद करने को तुले हुए है. इसलिए हमें नशे से मुक्ति के लिए प्रयास करने की आवश्यकता है.आज की युवा गुटका, बीडी, सीक्रेट और शराब पीकर खुद को शाही जीवन देना का प्रयास करता है. पर नशे से जीवन में सुधार नहीं किया जा सकता है. नशा जीवन की बबार्दी का सबसे बड़ा माध्यम है.लोगो में शिक्षा का अभाव होने के कारण लोग अपनी भलाई को नहीं समझ पा रहे है. इसलिए इस समय हमें नशा मुक्ति योजना के माध्यम से सभी को नशे से होने वाले नुकसान से अवगत करवा कर नशा छुडवाने का प्रयास करना चाहिए.हमारे देश के युवा अपना आदर्श भगत सिंह या गांधी को न मानकर फिल्मी हीरो को मानती है. जो फिल्म इंडस्ट्री में काम करते है. पर आज के युवाओ के हीरो युवाओ का ही जीवन बर्बाद कर रहे है.बड़े बड़े अभिनेता अपने स्वार्थ के लिए तथा कम्पनियों से मिल रहे पैसो के लिए नाशो का प्रसार करते है. आज फिल्म इंडस्ट्री के बड़े अभिनेता गुटके का विज्ञापन करते नजर आते है.आज के विज्ञापनों से बचाकर युवाओ के भविष्य को सुरक्षित बनाना होगा. क्योकि आज के युवाओ के हीरो खुद लोगो के भविष्य के साथ पैसो के लिए खिलवाड़ कर रहे है. तथा खुद कुछ पैसे लेकर विज्ञापन करते है.आज हर युवा नशे की छपेट में है.कोई अफीम का नशा करता है,कोई शराब का तो कोई जर्दा गुटका या बीडी का इस प्रकार देखा जाए तो सभी नशे के अधीन बन चुके है.लोग नशे में अंधे हो गए है.

हमारे देश में होने वाली दुर्घटनाओ के अधिकांश मामले नशे में ही पाए जाते है.जो व्यक्ति नशा करता है.वह अपने जीवन की उन्नति नहीं कर सकता है.नशा शुरू तो जीवन की बबार्दी शुरू यही नियम है.आज के इस वैज्ञानिक युग में हर देश को उन्नति के लिए युवाओ के सहयोग की जरुरत है.वही हमारे देश में आज अधिकांश लोगो का सबकुछ नशा ही है.अपनी शुरूआती दौर में ही लोग नशा करना शुरू कर देते है.इसी कारण आज तक हमारा देश विकसित नहीं हो सका है.सभी लोग अपनी-अपनी मर्जी के हिसाब से चल रहे है.भारत सरकार ने नशा मुक्ति के लिए कई कानून चलाये और आज तो लोगो को निशुल्क नशा छुड़वाया जाता है.पर लोग सरकार की एक भी नहीं सुन रहे है.और नशे के इस अन्धकार में जा रहे है.

आज हर देश का विकास देश की युवा पीढ़ी पर टिकी हुई होती है.उसी प्रकार हमारे देश की उन्नति भी युवाओ पर है.और हमारे देश के युवा इस जिम्मेदारी को अनसुना कर रहे है.हमारे देश में लगभग 50 प्रतिशत से ज्यादा लोग नशा करते है.वहीँ कई लोग अपने जीवन का महत्व नशा करना ही मानते है.देश में आज नशा करने पर रोक लगाई गई है.पर फिर भी लोग नशा करते है.अनेक लोग नशे की वजह से कैंसर जैसे कई भयानक रोगों के शिकार होते है.पर इस बात को मानाने को तैयार ही नहीं है.सभी नशे को सही बताते है. पुराने समय में जब कोई पार्टी होती थी.तो लोग मिलते थे.एक दुसरे से बातचीत करते थे.और खाना खाकर घर चले जाते थे.पर आज की पार्टया कुछ अलग किस्म की होनी लगी है.पार्टी में खाना तो होता ही नहीं है.और कई पेकेट शराब और गुटका और तम्बाकू लाया जाता है.

## तेज रफ्तार बाइक फिसली एक कि मौत और दूसरा गंभीर रूप से घायल

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय जिला ब्यूरो**

बालाघाट।वारासिवनी थानांतर्गत कटंगी रोड पर स्थित टोंडयानाला पुल पर एक तेज रफ्तार मोटरसाइकिल के फिसल जाने से चालक की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं बाइक में पीछे बैठा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे वारासिवनी शासकीय चिकित्सालय में प्राथमिक उपचार के बाद गहन उपचार के लिए बालाघाट भेज दिया गया है। मृतक का नाम अभिषेक उर्फ अज्जू पिता सुनील मेश्राम उम्र 23 वर्ष तथा




घायल युवक का नाम रीतिक बिट्टू पिता अनिल डोंगरे हैं। दोनों ही ग्राम कोसरीटोला के रहने वाले है। जानकारी के अनुसार दोनों ही युवक कोसरीटोला से वारासिवनी की ओर किसी काम से आ रहे थे और इनकी मोटरसाइकिल की रफ्तार बहुत अधिक तेज थी जो बारिश की वजह से सडक पर कीचड़ होने के कारण अनियंत्रित होकर गिर गई। जिससे घटना स्थल पर ही एक ही मौत हो गई।जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंच कर मैग कायम किया। उसके बाद शव का पंचनामा बनाया और घायल को चिकित्सालय पहुॅचाया। वहीं परिजनों से पूछताछ करने के बाद शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस द्वारा घटना की जांच की जा रही है।

## पूर्व विधायक लहरिया के नेतृत्व में जोंधरा चौक पर आज होगा अग्नीपथ भर्ती योजना के विरोध में धरना प्रदर्शन

**समाज जागरण संवाददाता विवेक देशमुख**

मस्तूरी। केंद्र के मोदी सरकार द्वारा अग्निपथ भर्ती के विरोध में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निदेर्शानुसार व प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर विधानसभा स्तरीय आज एक दिवसीय धरना प्रदर्शन समय 10 बजे से 1 तक जोंधरा चौक मस्तूरी में किया जाएगा इस कार्यक्रम में प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा नियुक्त प्रभारी दिलीप लहरिया (पूर्व विधायक मस्तूरी) विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे अतः ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मस्तूरी एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सीपत के समस्त सम्मानीय पदाधिकारी गण, वरिष्ठजन सभी जोन अध्यक्ष, सेक्टर अध्यक्ष, बूथ अध्यक्ष, युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस, एनएसयूआई, आईटी सेल, पिछड़ा वर्ग,इंटक कांग्रेस, किसान कांग्रेस, सेवादल, पिछड़ा वर्ग कांग्रेस, व्यापार प्रकोष्ठ, झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ सहित सभी पदाधिकारी अधिक संख्या में उपस्थित रहेंगे

## कृषि अवसंरचना कोष योजना लाभ उठाकर बढ़ाएं आय : डीसी

नूंह जुबैर खान नूंह 26 जून : सरकार द्वारा शुरू की गई कृषि अवसंरचना कोष योजना का लाभ उठाकर अच्छी कमाई की जा सकती है और साथ ही कृषि से संबंधित कार्यों के लिए बेहतर ढांचागत सुविधा खड़ी की जा सकती है। सरकार की इस योजना के बाद अब कृषि क्षेत्र से संबंधित ढांचागत कार्य करने वाले लोगों को परेशानी का सामना नहीं करना पडेगा। सरकार द्वारा नाबार्ड के माध्यम से कृषि क्षेत्र में किए जाने वाले लगभग सभी कार्यों को लेकर शुरू की गई कृषि अवसंरचना कोष योजना के तहत फसल के उपरांत कृषि उत्पादन के उचित प्रबंधन, बुनियादी ढांचे, सामुदायिक कृषि सम्पत्तियों

*– 2 करोड़ रुपए तक के ऋण पर मिलती है 3 प्रतिशत ब्याज छूट*
*– कृषि क्षेत्र में आमदनी बढ़ाने के लिए सरकार की महत्वपूर्ण योजना*

के विकास एवं फार्म गेट की अवसंरचना के निर्माण के लिए छूट के साथ ऋण देने का प्रावधान किया गया है।

उपायुक्त अजय कुमार ने बताया कि सरकार ने कृषि क्षेत्र के विकास के लिए एक और नई पहल करते हुए कृषि अवसंरचना कोष योजना की शुरूआत की है। इसके अंतर्गत इच्छुक लोगों को 2 करोड़ रुपए तक का बैंक ऋण देने का प्रावधान है, जिन पर ब्याज दर में 3 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। ऋण स्वीकृत होने पर अधिकतम 7 वर्षों तक ब्याज में यह छूट रहेगी और 2 वर्ष की ऋण वापसी स्थगन की अवधि होगी। इस 2 करोड़ रुपए तक के बैंक ऋण पर फंड ट्रस्ट फॉर माईक्रो एंड स्मॉल इंटरप्राइजेज द्वारा क्रेडिट की गारंटी होगी। यह गारंटी शुल्क उद्यमी की बजाए भारत सरकार द्वारा वहन की जाएगी। किसी अन्य योजना में सब्सिडी लेते हुए भी इस योजना का लाभ उठा सकते हैं। भारत सरकार ने कृषि अवसंरचना कोष योजना के लिए राज्य सरकार को नाबार्ड के माध्यम से समुचित आर्थिक सहायता उपलब्ध करवाई है। उन्होंने बताया कि इस योजना के अंतर्गत कृषि व संबंधित क्षेत्र के लगभग सभी कार्यों को शामिल किया गया है। योजना के तहत बागवानी, मछली पालन, पशुपालन आदि से संबंधित कार्य करते हुए लाभ लिया जा सकता है। सरकार द्वारा शुरू की गई इस योजना के माध्यम से किसान फसल की कटाई के बाद



उसकी सही कीमत मिलने तक उसे सुरक्षित रख सकेंगे। योजना की अवधि वित्तीय वर्ष 2020 से 2029 तक 10 साल निर्धारित की गई है। योजना का उद्देश्य उद्योगों एवं आधारभूत सुविधाओं के विकास के लिए प्राप्त किए गए ऋण पर सब्सिडी व बैंक गारंटी के माध्यम से किसानों व कृषि क्षेत्र से जुड़े उद्यमों को निवेश बढ़ाने और आधुनिक तकनीकों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना है। साथ ही योजना का उद्देश्य कृषि क्षेत्र में आधारिक तंत्र को मजबूत करना भी है, जिससे देश के बड़े बाजारों तक किसानों की पहुंच सुनिश्चित की जा सके और साथ ही नवीन तकनीकों के माध्यम से फाइट सेनेटिक मानडंडों को पूरा करते हुए अंतर्राष्ट्रीय बाजारों तक भी भारतीय किसानों की पहुंच बढ़ाई जा सके।

उपायुक्त ने बताया कि योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए प्राथमिक कृषि साख समितियां, विपणन सहकारी समितियां, किसान उत्पादन संगठन, स्वयं सहायता समूह, संयुक्त देयता समूह, बहुउद्देशीय सहकारी समितियां, कृषि उद्यमियों, स्टार्टअप, एग्रीगेशन इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोवाइडर्स आदि पात्र हैं। फसलों की कटाई के बाद अनाज के प्रबंधन के लिए अवसंरचना के विकास के तहत सप्लाई चेन, ई-बाजार, भंडार-गृह, साइलोस, पैक-हाउस, जींस गुणवत्ता हेतु लैब, सोर्टिंग-ग्रेडिंग इकाई, कोल्ड-चेन, लॉजिस्टिक सुविधा, राइपिंग चेम्बर आदि शामिल हैं। सरकार और बैंकों के बीच किये गए समझौते में निर्धारित है कि बैंक आवेदन के 60 दिनों के अंदर अपना निर्णय हितग्राही, जिला स्तरीय, राज्य स्तरीय और राष्ट्र स्तरीय निगरानी समिति, नाबार्ड व वित्तीय सेवा विभाग के साथ साझा करेगा। नाबार्ड द्वारा वित्तीय सहायता देने के लिए किसान उत्पादक संगठन जुड़ी परियोजनाओं के चयन के बाद पोर्टल पर इसकी जानकारी साझा करेगा और नाबार्ड द्वारा धनराशि जारी करने के बाद सार्वजनिक वित्त प्रबंधन प्रणाली के माध्यम से सब्सिडी सीधे लाभार्थी के बैंक खाते में भेज दी जाएगी। योजना को लेकर अधिक जानकारी के लिए किसान 18001802117 पर संपर्क कर सकते हैं।